सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-173 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया


लखनऊ, शनिवार, 14 दिसम्बर 2024
11 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में संगम तट पर की पूजा, 5500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का दिया बड़ा तोहफा

# महाकुंभ एकता का है महायज्ञ : मोदी



प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर एक औपचारिक पूजा और दर्शन के साथ शुरू हुई









महाकुंभ एक भारत श्रेष्ठ भारत की अद्‌भुत तस्वीर



**पीएम मोदी ने की संगम पर कुंभ कलश की पूजा अर्चना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुंभ कलश का कुंभाभिषेक किया। यह कुंभ कलश रत्नजड़ित है और अष्टधातु का बना हुआ है।



पीएम मोदी का अभिनंदन करते सीएम योगी

- **15 हजार से ज्यादा सफाईकर्मी संभालेंगे स्वच्छता व्यवस्था की जिम्मेदारी : प्रधानमंत्री**

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि महाकुंभ देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और यह एकता का महायज्ञ है। प्रधानमंत्री ने 5500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद यहां एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, महाकुंभ देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ में जाति और संप्रदायों का भेद मिट जाता है। उन्होंने 2025 के महाकुंभ मेले के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से 5,500 करोड़ रुपये की 167 प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने भारद्वाज आश्रम गलियारा, श्रृंगवेरपुर धाम गलियारा, अक्षयवट गलियारा, हनुमान मंदिर गलियारा का उद्घाटन भी किया। इन परियोजनाओं से श्रद्धालुओं की पहुंच आसान होगी और आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री कुंभ 'सहायक' चैटबॉट की भी शुरुआत की। कृत्रिम बुद्धमत्ता (एआई) पर आधारित यह चैटबॉट महाकुंभ मेला 2025 के बारे में श्रद्धालुओं को कायक्रमों की नवीनतम जानकारी प्रदान करेगा। इस बार 15 हजार से ज्यादा मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन कुंभ की स्वच्छता को संभालने वाले हैं।

मैं आज कुंभ की तैयारी में जुटे अपने सफाईकर्मी भाई-बहनों का अग्रिम आभार भी व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि किसी बाहरी व्यवस्था के बजाय कुंभ, मनुष्य के अंतर्मन की चेतना का नाम है। ये चेतना स्वतः जागृत होती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में पेयजल और बिजली आपूर्ति से संबंधित कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरूआत की। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर एक औपचारिक पूजा और दर्शन के साथ शुरू हुई। पूजा से पहले मोदी ने नदी में नौकाविहार का आनंद लिया। प्रधानमंत्री बोले, ये केवल तीन पवित्र नदियों का ही संगम नहीं है। प्रयाग के बारे में कहा गया है- माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।। अर्थात जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं, सभी दैवीय शक्तियां, सभी तीर्थ, सभी ऋषि, महाऋषि प्रयाग में आ जाते हैं। ये वो स्थान जिसके प्रभाव के बिना पुराण पूरे नहीं होते। प्रयागराज वो स्थान है, जिसकी प्रशंसा वेद की ऋचाओं में की गई है। पीएम मोदी ने कहा कि महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। एक ऐसा आयोजन है जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है। महाकुंभ की तैयारियों के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया गया है, प्रयागराज शहर के सैनिटेशन और वेस्ट मैनेजमेंट पर फोकस किया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए गंगादूत, गंगा प्रहरी और गंगा मित्रों की नियुक्ति की गई है। पूजा के अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहे।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ एकता का महायज्ञ है। यहां पर देश के कोने-कोने से लोग आते हैं। यहां आकर श्रद्धालु भेदभाव की आहूति देते हैं। प्रयागराज वह धरती है जहां पर अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों पदार्थ सुलभ हैं। मां गंगा के आशीर्वाद से मुझे यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। 2019 के कुंभ में भी आने का सौभाग्य मिला था और अगले साल होने वाले महाकुंभ के लिए भी आने का सौभाग्य आज प्राप्त हुआ है।

## महाकुंभनगर का सपना हो रहा साकार : योगी

- **प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से कुंभ-2019 का सफल आयोजन हुआ था**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आना और मां गंगा-यमुना एवं सरस्वती की त्रिवेणी में पूजा-अनुष्ठान करना प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। यह महाकुंभ संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों, देश व दुनिया के भीतर भारत के प्रति अनुराग रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से कुंभ-2019 का सफल आयोजन हुआ था और अब महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन के लिए मिल रहे मार्गदर्शन के लिए हम सभी उनके प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विजन की प्रशंसा करते हुए उनके नेतृत्व में किए गए प्रयासों और सनातन धर्मावलंबियों के हितों की रक्षा के साथ ही कुंभ को लेकर स्थापित किए गए उच्च प्रतिमानों की पूर्ति को लेकर आभार भी जताया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि पहली बार 2019 के प्रयागराज कुंभ में प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन व आदेश पर सैंकड़ों वर्षों के बाद श्रद्धालुओं को अक्षय वट के दर्शन हुए थे। इस बार प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में अक्षयवट कॉरिडोर का भी उद्घाटन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े हनुमान जी जिनका अभिषेक करने के लिए मां गंगा प्रतिवर्ष आती हैं, उस बड़े हनुमान मंदिर के कॉरिडोर का लोकार्पण भी आज प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों द्वारा होने जा रहा है। योगी ने कहा कि सरस्वती कूप, जिसमें अदृष्य रूप में मां सरस्वती वास करती हैं और संगम पर गंगा-यमुना के साथ ही उनका संगम होता है, पहली बार 2019 के कुंभ में ही श्रद्धालुओं को इस पवित्र सरस्वती कूप के दर्शन सुलभ हुए थे। सरस्वती कूप का यही भव्य रूप अब सरस्वती कॉरिडोर के रूप में लोकार्पण के जरिए सबके समक्ष होगा और सर्व सुलभ होगा। भगवान श्रीराम जब वनवास के लिए निकले थे तो सबसे पहले उन्होंने मैत्री का हाथ श्रृंगवेरपुर में निषादराज के समक्ष बढ़ाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से यहां भगवान राम और निषादराज की 56 फुट ऊंची प्रतिमा व कॉरिडोर का लोकार्पण भी होने जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### राहुल गांधी को कोर्ट ने किया तलब



**लखनऊ।** भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान अपने भाषण में सावरकर के कथित अपमान वाली अर्जी की सुनवाई के दौरान शुक्रवार को एमपी एमएलए अदालत के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। अगली सुनवाई के लिए 10 जनवरी की तारीख नियत करते हुए अदालत ने राहुल गांधी को अदालत में तलब किया है। कोर्ट में वादी नृपेंद्र पांडे की ओर से दी गई दलील में कहा गया कि 12 नवंबर 2022 को एक समाचार चैनल पर प्रसारित राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि राहुल गांधी जुड़े हुए भारत को पुनः जोड़ने की बात कहते हुए पदयात्रा कर रहे हैं।

### मुरादाबाद के जेल अधीक्षक निलंबित

**मुरादाबाद।** संभल हिंसा के आरोपियों से सपा नेताओं की मुलाकात कराने के मामले में मुरादाबाद जेल अधीक्षक पीपी सिंह को निलंबित कर दिया गया है। डीआईजी जेल की जांच में उनकी भूमिका संदिग्ध पाई गई है। आरोप है कि जेल में अवैध मुलाकात की जानकारी मिलने के बाद भी वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने अधीनस्थों से पूछताछ नहीं की और न ही उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। मुलाकात करने के बाद सपाइयों ने बयान दिया तो वह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद शासन तक हड़कंप मच गया था। इस मामले में डीजी जेल के निर्देश पर डीआईजी जेल कुंतल किशोर ने जेल पहुंचकर पूरे मामले की जांच की।

### कादिर की दोनों बेटियों का सरेंडर

**मुजफ्फरनगर।** राना स्टील में जीएसटी टीम पर हमले और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पूर्व सांसद कादिर राना की बेटी सादिया और सारिया ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सेशन कोर्ट से दोनों को अंतरिम जमानत मिल गई। नियमित जमानत पर 16 दिसंबर को सुनवाई होगी। वहलना चौक स्थित राना स्टील में पांच दिसंबर को हुए प्रकरण में पूर्व सांसद की बेटियों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने जीएसटी अधिकारियों के बयान और जांच के बाद दोनों पर हमले की धारा बढ़ा दी थी। शुक्रवार को दोनों ने सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बचाव पक्ष की ओर एसीजेएम कोर्ट में दाखिल जमानत अर्जी को खारिज कर दिया गया।

## मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का हो रहा है प्रयास : अखिलेश

- **सरकार जाति जनगणना नहीं कराती है तो विपक्ष में बैठे लोग सत्ता में आएंगे तो इसे जरूर कराएंगे : सपा सुप्रीमो**



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सरकार पर संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का हनन करने का आरोप लगाया और दावा किया कि देश के मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि यदि यह सरकार जाति जनगणना नहीं कराती है तो विपक्ष में बैठे लोग सत्ता में आएंगे तो इसे जरूर कराएंगे। उन्होंने कहा कि संविधान कहता है कि सरकार की नजर में सभी समान हैं।

उन्होंने दावा किया, ''देश के अल्पसंख्यकों और विशेषकर मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास हो रहा है, उन पर हमला किया जा रहा है, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।'' सपा नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर इस तरह की घटनाएं जानबूझकर की गई और विधानसभा उपचुनाव के समय लोगों को मतदान से रोका गया। अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान ने ही विविधताओं से भरे इस देश को एक सूत्र में बांधकर रखा है। उनका कहना था कि संविधान 90 प्रतिशत पीड़ित और शोषित जनता का सबसे बड़ा संरक्षक है।

### संविधान पर रक्षामंत्री ने कांग्रेस को दिखाया आईना

## नेहरू-इंदिरा ने संविधान बदला: राजनाथ

- **सरकार की ओर से शुरू की संविधान पर चर्चा**
- **कांग्रेस ने दुर्भावना से संविधान बदलने का किया प्रयास**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा भारत के संविधान निर्माण के काम को हाईजैक करने की कोशिश करती रही है। संविधान चर्चा के दौरान लोकसभा में यह सारी बातें कहीं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा कि संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है, लेकिन इसके निर्माण के कार्य को एक पार्टी विशेष द्वारा 'हाईजैक' करने की कोशिश हमेशा की गई है। नेहरू-इंदिरा ने संविधान बदला था।

अपने एक घंटे से अधिक के भाषण में कांग्रेस पर कई करारे हमलों के साथ ही रक्षा मंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना यह तंज भी कसा कि कुछ लोग आजकल संविधान जेब में रखकर घूमते हैं। असल में उन्होंने अपने परिवार में पीढ़ियों से संविधान को जेब में रखना ही सीखा है, जबकि भाजपा संविधान को सिर-माथे से लगाती है। संविधान निर्माताओं की भूमिका के बखान के साथ ही राजनाथ सिंह ने एक हाथ से कांग्रेसी सरकारों के इतिहास के पन्ने पलटना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में ऐसा माहौल बनाया गया कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है। संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को जानबूझकर नकार दिया गया।

### संवाद हमारे देश की परंपरा : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान पहली बार बोलते हुए प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। लोकसभा में अपने पहले भाषण के दौरान प्रियंका गांधी 32 मिनट तक बोलीं, इस दौरान उन्होंने जातीय जनगणना, अदाणी मुद्दे, देश की एकता जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। प्रियंका गांधी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का जिक्र करके भी सत्ता पक्ष को घेरा और पूछा कि वे अतीत को कब तक कोसते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि हजारों साल पुरानी हमारे देश की, धर्म की एक पुरानी परंपरा रही है, ये परंपरा संवाद, चर्चा की रही है। एक गौरवशाली परंपरा है, जो दर्शन ग्रंथों, वेदों और उपनिषदों में रही है। अलग-अलग धर्मों में इस्लाम, जैन, सिख धर्म में भी बहस और चर्चा की संस्कृति रही है। इसी परंपरा से हमारा स्वतंत्रता संग्राम उभरा।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ को पद से हटाने के मुद्दे पर राज्यसभा में जोरदार हंगामा

- **राज्यसभा में 'एकतंत्र की तोप' चलाई जा रही**
- **कांग्रेस का आरोप, दलित का अपमान हुआ**



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने संबंधी प्रस्ताव के मुद्दे पर शुक्रवार को राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप का जोरदार दौर चला, जिसके कारण हुए भारी हंगामे के बाद उच्च सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

सुबह सदन की बैठक आरंभ होने पर सदन ने साल 2001 में संसद पर हुए हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और फिर सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बधाई दी। इसके बाद सभापति धनखड़ ने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत कुल चार नोटिस मिले हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों को मंथन करना चाहिए कि विगत 30 सालों में इस नियम के तहत कितने नोटिस दिए गए और कितने स्वीकार किए गए। उन्होंने कहा कि उनके अब तक के कार्यकाल में नियम 267 के तहत रिकार्ड नोटिस दिए गए हैं। इसी बीच, भारतीय जनता पार्टी के राधामोहन दास ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए सभापति धनखड़ को पद से हटाए जाने के प्रस्ताव संबंधी विपक्षी दलों के नोटिस का उल्लेख किया और कहा कि वह 20 साल उत्तर प्रदेश में विधायक रहे हैं लेकिन जो स्थिति आज वह राज्यसभा में देख रहे हैं, वैसी स्थिति विधानसभा में भी कभी नहीं रही। कांग्रेस के राज्यसभा में नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने से रोका गया और एक दलित का अपमान किया गया। राज्यसभा में लोकतंत्र की शहनाई बजाने के बजाय ''एकतंत्र की तोप'' चलाई जा रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने संबंधी प्रस्ताव के मुद्दे पर शुक्रवार को राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप का जोरदार दौर चला, जिसके कारण हुए भारी हंगामे के बाद उच्च सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। अग्रवाल जब अपनी बात रख रहे थे तब विपक्षी सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताते हुए हंगामा शुरु कर दिया।

## झांसी में एनआईए की छापेमारी

- **मुफ्ती को छुड़ाने वालों की तलाश में पुलिस**
- **100 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**झांसी।** एनआईए की टीम ने अलीगोल मोहल्ले से पूछताछ के लिए मुफ्ती खालिद को हिरासत में लिया था। लेकिन, वहां जमा हुई भीड़ ने मुफ्ती को छुड़ा लिया था। इस मामले में शहर कोतवाली में 100 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की दबिशें लगातार जारी हैं। मुफ्ती खालिद को पूछताछ के लिए ले जाते समय एनआईए अफसरों समेत पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोपियों के घर पुलिस ने शुक्रवार को कई बार दबिश दी। अभी तक पुलिस के हाथ आरोपी नहीं आए हैं। पुलिस उनकी सुरागकशी में जुटी है। उधर, वीडियो के आधार पर पुलिस अन्य आरोपियों की शिनाख्त कर रही है। एनआईए का रास्ता रोकने वाली महिलाओं की भी शिनाख्त कराई जा रही है। कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह की तहरीर पर छोटी मस्जिद इमाम अब्दुल हमीद, शाकिर उर्फ पप्पू बिरयानी पुत्र मुर्तजा, गोल्डी पुत्र इमामउद्दीन, परवेज पुत्र मूसा, जकरया पुत्र छोटे, गुफरान पुत्र निजाम सभी निवासी मुकरयाना समेत मोनिस, कामिल, तारिक, इकराम एवं शाबिर मकरानी के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

# प्रमुख सचिव ने किया स्मार्ट सिटी की तीन परियोजनाओं का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** प्रमुख सचिव कृषि और जिले के नोडल अधिकारी रविन्द्र ने आज दोपहर स्मार्ट सिटी की तीन परियोजनाओं, हैबीटेट सेंटर व कन्वेंशन हॉल सहित स्टेडियम की खेल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने नोडल अधिकारी को परियोजनाओं के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी। नोडल अधिकारी ने समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं को दिए। सहारनपुर के नोडल अधिकारी रविन्द्र आज दोपहर जिलाधिकारी मनीष बंसल, स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान व सीडीओ सुमित राजेश महाजन व स्मार्ट सिटी के अन्य अधिकारियों के साथ जनमंच परिसर स्थित निर्माणाधीन कन्वेशन हॉल पहुंचे और प्रदर्श मॉडल व माप पुस्तिका एवं डिजाइन ड्राइंग के साथ बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पिलरों की स्थिति, उनमें प्रयुक्त सरिया आदि सामग्री के सम्बंध में कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों से जानकारी ली। उन्होंने पिलरों को नपवाकर भी देखा और प्रयुक्त की गयी निर्माण सामग्री के टेस्ट कब-कब हुए है, टेस्ट रजिस्टर देखकर इस सम्बंध में भी सवाल किये। उन्होंने सबसे ऊपरी मंजिल पर पहुंचकर पिलर में लगे सरियों के नमूने और दरवाजे में लगाये एल्यूमिनियम व शीशों की गुणवत्ता के सम्बंध में भी जानकारी ली। उन्होंने ले-आऊट देखकर यह भी जांचा परखा कि जो सामग्री डीपीआर में प्रस्तावित है, उसका प्रयोग किया गया है या नहीं। उन्होंने लगायी जा रही टायल का भी नमूना देखा और दूसरे फ्लोर पर लगायी गयी टायल का लेविल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को अपने रजिस्टर ठीक से मेनटेन करने तथा समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने प्रमुख सचिव/नोडल अधिकारी को बताया कि कन्वेंशन हाल का कार्य 95 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है, शेष कार्य भी शीघ्र पूरा करा लिया जायेगा।

इसके बाद नोडल अधिकारी रविन्द्र अम्बेडकर स्टेडियम पहुंचे। जहां स्मार्ट सिटी से बनायी गयी सभी खेल परियोजनाओं के सम्बंध में नगरायुक्त/सीईओ स्मार्ट सिटी संजय चौहान ने जानकारी दी। नोडल अधिकारी ने बैडमिंटन हाल का निरीक्षण किया। स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने बताया कि उक्त हाल का स्मार्ट सिटी के तहत पुनरोद्धार किया गया है। पुराना फ्लोर हटाकर नया फ्लोर बनवाया गया है। उन्होंने हाल के वुडन फ्लोर और उसकी थिकनेस की भी बारीकी से जांच की। डीपीआर के अनुरुप थिकनेस पाये जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। नोडल अधिकारी ने नवनिर्मित बॉक्सिंग हाल का भी निरीक्षण किया और फ्लोर व लगाये गए शीशो की थिकनेस आदि की जानकारी ली। अम्बाला रोड स्थित निर्माणाधीन हैबीटेट सेंटर का निरीक्षण किया।

## नोडल अधिकारी ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं जनपद के नोडल अधिकारी रविन्द्र ने नई दुग्ध समितियों के गठन के साथ पुरानी दुग्ध समितियों को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि भूमि की अनुपलब्धता के कारण जिन स्थानों पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है वहां व्यक्तिगत रूचि लेते हुए भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव रविन्द्र कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होने बीएसए को निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों को नामांकित करना सुनिश्चित करें। उन्होने गौआश्रय स्थलों की जानकारी लेते हुए सहभागिता योजना के तहत समय से सभी संबंधितों का भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पशु टीकाकरण शत-प्रतिशत करते हुए उसे पशुधन एप पर फीड करना सुनिश्चित करें। उन्होने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिए कि विभिन्न गोष्ठियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को नई-नई वैज्ञानिक तकनीकों एवं पद्धतियों के बारे में बताया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि निवेश-मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पढुआ पुलिस द्वारा अ0सं0 153-96, मु0अ0सं0 9666/23 धारा 323/525/504 भादवि में वारंटी अभियुक्त जगदीश पुत्र मिश्रीलाल नि0 ग्राम ढखेरवा खालसा थाना पढुआ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## बदल रहा है मौसम का मिजाज दिन के पारे में दो डिग्री का हुआ इजाफा

**लखीमपुर-खीरी।** मौसम का मिजाज बदल रहा है। दिन में अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिन के पारे में दो डिग्री का इजाफा हुआ है। वहीं शाम होते ही सर्दी और ठिठुरन ने फिर दस्तक दे दी। जिसके बाद रात का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक दो दिनों में घने कोहरे की दस्तक के बाद न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है जहां एक ओर दिन का तापमान 24 डिग्री तक पहुंच गया। वही रात न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पर पहुंचने के बाद लोगों को खांसी सर्दी का अहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में कोहरे की आमद के साथ सर्दी में और इजाफा होने की संभावना है। सर्दी से बचाव के लिए लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। मौसम के बदलाव के चलते बच्चों और बुजुर्गों में खांसी बुखार जैसी बीमारियां बढ़ने लगी है। जिसको लेकर डॉक्टरों ने इस मौसम बुजुर्गों और बच्चों को गर्म कपड़े पहनने और रात के समय बाहर न निकलने की सलाह दी है।

## निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का किया गया आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** रानी लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज में निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 115 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें निश्शुल्क दवा दी गई। बचपन किड्स केयर डॉ नेहा गुप्ता और डॉ पवन वर्मा ने छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य समस्या सहित नियमित जांच कर 115 बच्चों को उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया। साथ ही स्वास्थ्य जांच उपरांत मुफ्त दवा का भी वितरण किया गया। कैम्प में एचबी, आरबीएस, सीबीसी, जीबी पीसीएफटी एवं केएफटी आदि जांचे आयोग्यम डेग्नोस्टिक सेंटर के सहयोग से मुफ्त की गई। इस अवसर पर डॉ.नेहा गुप्ता, डॉ. पवन वर्मा, प्रबंधक संजय वर्मा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा के अलावा संत सरन, अशोक वर्मा, अमित सिंह, भानु प्रताप सिंह, सुफियान आदि स्वास्थ्य कर्मी व अनुष्का शुक्ला,सलमान,अंकुल शर्मा, श्यामकिशोर,अभिषेक यादव, सुशील वर्मा, दिनेश, नियामत, राधा, चांदनी, अंजली,नेहा, भूपेंद्र , सतेन्द्र, सौरभ राठौर, शिखा मिश्रा आदि मौजूद थे।

## व्यापार मण्डल ने किया युवा इकाई का गठन, अनुभव शर्मा बने महानगर अध्यक्ष

**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा ने युवा इकाई का गठन करते हुए अनुभव शर्मा को महानगर अध्यक्ष, आचमन मनोचा को महानगर संयोजक, कुबेर नरूला को महानगर महामंत्री, विनीत चौहान को महानगर कोषाध्यक्ष, दीपक खेड़ा को युवा इकाई का चेयरमैन मनोनीत किया। रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन में आयोजित बैठक में महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेंद्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि युवा व्यापार में रीढ़ की हड्डी का कार्य करते है। उन्होंने सभी युवा व्यापारियों को प्रण दिलाया की नौकरी छोड़ो और व्यापार करो। महानगर महामंत्री पुनीत चौहान व महानगर कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी ने युवा व्यापारियों से अपील की कि वह अपने बड़े बुजुर्गों द्वारा स्थापित किए गए व्यापार को और आगे बढ़ाएं और दूसरे को रोजगार देने वाले व्यापारियों की श्रेणी में आए। सभा को प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल मैनी, महेश नारंग, पंडित देशमुख वशिष्ठ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रांतीय संगठन मंत्री अशोक छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष संजय भसीन, राजीव मदान, राजकुमार विज, नीरज जैन, मुकेश दत्ता, मुकेश धनगर, ऋषि कपूर, देवेंद्र चड्ढा, फरजान उल हक, राजकुमार नरूला, डीके गुप्ता, सुरेश सलूजा, सुदर्शन जुनेजा, अशोक नारंग, हरजिंदर सिंह, संजय गुप्ता, हरीशचंद्र चौहान, मनोज बर्मन समेत भारी संख्या में युवा व्यापारी मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास के आरोपी को रिमांड पर लेकर किया असलाह बरामद



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड पर लेकर घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि 24 अक्टूबर को वादी आनन्द प्रकाश पुत्र हुन्नर सिंह निवासी ग्राम बादशाहपुर थाना कोतवाली देहात ने अपने पुत्र अंकुर को जान से मारने की नियत से गोली मार देने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना देहात कोतवाली प्रभारी चन्द्र सैन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में घटना में सम्मलित आरोपी वंश पुत्र नीटू उर्फ लोकेन्द्र निवासी ग्राम मनोहरपुर थाना सदर बाजार को 28 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। घटना में वांछित एक अन्य आरोपी विवेक पुत्र सुरेन्द्र निवासी काशारीम कालोनी थाना सदर बाजार ने 26 नवम्बर को न्यायालय के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया गया था। आज थाना कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपी विवेक को पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड पर लेकर उसकी निशानदेही पर ओमेगा सिटी गेट के पास से ईटो में दबा घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर लिया।

## राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा करती है चार साहबजादों की शहादतः महापौर

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा है कि चार साहबजादों की शहादत हमारे भीतर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा करती है तथा राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाये रखने का जज्बा पैदा करती है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने यह बात नगर निगम में श्री गुरुसिंह सभा के पदाधिकारियों एवं सिख समाज के लोगों के साथ एक बैठक में व्यक्त किये। बैठक का आयोजन आगामी 25 दिसम्बर को वीर शहीदी दिवस के उपलक्ष में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर किया गया था।

महापौर ने अधिकारियों को वीर शहीदी दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नगर निगम की ओर से की जाने वाली साफ सफाई, लाइट व पेयजल आदि व्यवस्थाएं प्राथमिकता के साथ कराने के निर्देश दिए। महापौर ने सिख समाज को आश्वस्त किया कि शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में नगर निगम सभी व्यवस्थाओं के साथ भागेदारी करेगा। हरेन्द्र चड्ढ़ा व दलजीत कोचर ने बताया कि हर वर्ष वीर शहीदो के सम्मान में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर चार साहबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया जाता है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने सुझाव दिया कि कार्यक्रम को कम से कम दो दिवसीय किया जाये। उसमें एक दिन स्कूल के बच्चों और दूसरे दिन सर्व समाज के लोगों को आमंत्रित कर उन्हें चार साहबजादों की शहादत और उसके महत्व से अवगत कराया जाए। सिख समाज के प्रतिनिधियों ने महापौर को अवगत कराया कि 25 दिसंबर को जनमंच में चार साहबजादों की शहादत पर बनी फिल्म का भी प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में सिख समाज ने दर्पण सिनेमा चौक का नाम चार साहबजादों के नाम पर और कुतुबशेर चौक का नाम सिख योद्धा सरदार जस्सासिंह अहलूवालिया के नाम पर रखने के प्रस्ताव पर कार्य कराने की मांग की। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इसके सम्बंध में नगर निगम द्वारा शासन को स्वीकृति के लिए फाइल भेजी जा चुकी है, वहां से स्वीकृति के बाद प्रस्ताव को क्रियान्वित कराया जायेगा। दलजीत कोचर व पार्षद राजेंद्र कोहली ने कुतुबशेर चौक से श्री गुरुद्वारा रोड मोड़ तथा स्टेशन माल गोदाम मोड़ पर श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा रोड के सांकेतिक बोर्ड लगाने की भी मांग की।

इसके अतिरिक्त स. सुपनीत सिंह, बॉबी माकन व जसवंत बत्रा ने अंबाला रोड पर स्मार्ट सिटी द्वारा बनाये गए डिवाइडर का श्री गुरुनानक इण्टर कॉलेज के सामने कट देने का भी सुझाव दिया। सिख प्रतिनिधियों ने गुरुद्वारे के पीछे गांधी पार्क में (स्मार्ट गैराज के बराबर में) सड़क बनवाने की मांग दोहरायी। जिस पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि उक्त सड़क का प्रस्ताव 15वें वित्त में पारित हो चुका है। शीघ्र ही सड़क का निर्माण कराया जायेगा। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल आदि के अलावा सिख समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बरेली में NIA का छापाः मीरगंज थाने के बंद कमरे में संदिग्धों से पूछताछ, इनपुट के अनुसार नहीं मिले साक्ष्य



अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** आरोप या संलिप्तता साबित न होने पर ही टीम संदिग्धों को छोड़कर चली गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि एनआईए ने कोई जानकारी नहीं दी।

बरेली के मीरगंज थाने लाकर एनआईए और एटीएस की संयुक्त टीम ने दोनों संदिग्धों से बंद कमरे में दो घंटे तक गहन पूछताछ की। इस दौरान कुछ रिकॉर्ड भी खंगाले गए। पूछताछ के दौरान स्थानीय पुलिस को दूर रखा गया। बाद में पुलिस ने हिरासत में लिए गए दोनों संदिग्धों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पता लगा कि किसी टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में यह पूछताछ की गई। हालांकि, जिस हिसाब से इनपुट मिला था, वैसे साक्ष्य नहीं मिल सके। आरोप या संलिप्तता साबित न होने पर ही टीम संदिग्धों को छोड़कर चली गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि एनआईए ने कोई जानकारी नहीं दी। केवल पुलिस लाइन से फोर्स मांगा था। टीम को जरूरी पुलिस बल मुहैया करा दिया गया था।

## सिविल एयरपोर्ट का यात्री विश्राम ग्रह की फाल्स सीलिंग लटकी, स्ट्रक्चर भी जगह जगह क्षतिग्रस्त



अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** सिविल एयरपोर्ट में बड़ी लापरवाही आई सामने। दरअसल एयर फोर्स स्टेशन आगरा के परिसर में स्थित सिविल एयर टर्मिनल पहले से ही तमाम चुनौतियों का सामना कर रहा है, किंतु चालू वित्तीय वर्ष में यात्री लाऊंज के नाम पर बनाकर खड़े किये गये स्ट्रक्चर से उसकी मौजूदा समस्याऐं व वित्तीय घाटा और अधिक बड़ गया है।लगभग 6.89 करोड़ की लागत से तैयार हुआ यह स्ट्रक्चर बनने के बाद से ही निष्प्रोज्य पड़ा हुआ है।जबकि कागजी तौर पर जनवरी, 2024 से परिचालन के लिए तैयार था। यही नहीं मानसून की यह पहली बरसात में ही इसकी फाल्स सीलिंग में से अधिकांश लटक गई है, साथ ही स्ट्रक्चर भी जगह जगह छतिग्रस्त हो गया है।छत से पानी टपकने के जो चिन्ह मौजूद हैं,उन्हे देखकर लगता है कि पूरी बरसात छतों से पानी टपकता रहा है। वही सिविल सोसायटी ऑफ आगरा ने स्ट्रैक्चर के कमजोर होने पर चिंता व्यक्त कर नागरिक प्रशासन की संबधित किसी भी उपयुक्त सक्षम एजेंसी से इसका इंस्पेक्शन करवाने की अपेक्षा की है। सोसायटी का मानना है कि यह अत्यंत निम्न स्तर का निर्माण है,यात्रियों के प्रतीक्षा कक्ष (वेटिंग लाउंज) के रूप में इसका तभी इस्तेमाल किया जाना चाहिए जब कि मूल प्लान के अनुसार इसकी मजबूती सुनिश्चित हो जाये। बता दें कि सिविल सोसायटी ऑफ आगरा समय समय पर सिविल एयरपोर्ट का मुद्दा उठाती रही है और खामियां सबके सामने लाते रही हैं।

### यात्रियों की मुश्किलें बढ़ेंगी

यात्री प्रतीक्षा ग्रह को यात्रियों को होने वाली असुविधाओं को दूर करने के लिये प्रस्तावित किया गया था किंतु लगता है कि इसका संचालन शुरू होने के साथ ही असुविधाऐं और बढ़ जायेंगी। यह स्ट्रक्चर वायुसेना परिसर की बाउंड्री में अर्जुन नगर गेट से लगभग 150 मीटर अंदर है,वायुसेना की ओर से यहां तक टूरिस्ट बसों , यात्रियों और उनके वाहन बिना चेकिंग के आने जाने पर किसी भी प्रकार की उदारता नहीं दिखाई है।फलस्वरूप वायुयान यात्रियों को आवागमन के लिये सीधे एयरपोर्ट एनक्लेव आने जाने में एयरफोर्स की चेकिंग की व्यवस्था पर कोई अंतर नहीं पडेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्रियों के लिए यह लाऊंज जब चालू हो जायेगी तब निर्धारित निर्धारित मानक प्रक्रिया के (standard operating procedure) के अनुसार यात्री अर्जुन नगर गेट पर उतरेंगे और विजिटर्स लाउंज तक पैदल जाएंगे। आगंतुकों के सामान और व्यक्तिगत तलाशी सीआईएसएफ द्वारा की जाएगी। एक बार जब वे सिविल टर्मिनल पहुंच जायेंगे तब फिर से यात्री सामान और व्यक्तिगत तलाशी ली जाएगी। जो यात्रि या उनके होस्ट वाहन लेकर आयेंगे उन्हे वायुसना परिसर में वाहन प्रवेश संबधी प्रक्रिया का पालन करना होगा। एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी और टूरिज्म ट्रेड से जुड़े संगठनों की मांग पर बने इस विश्राम ग्रह से आगरा आने जाने वाले हवाई यात्रियों को कितना लाभ मिल सकेगा यह तो लाऊंज के फंक्शन होने पर ही मालूम हो सकेगा ,लेकिन प्रथम दृष्ट्या इसका उपयोग शुरू होने के साथ ही सिविल एन्क्लेव तक यात्रियों का आना जाना देश के किसी भी नागरिक हवाई अड्डे की तुलना में कहीं अधिक जटिल हो जायेगा।

वही जो जानकारी मिली हैं,उनके अनुसार सिविल एन्क्लेव आगरा को लगभग 14.70 लाख लीज रेंट इस स्ट्रक्चर के लिए देना पड रहा है।इलैक्ट्रिसिटी और वाटर सप्लाई संबधी नियमित खर्चे और हैं। कागजी तौर पर आगंतुक लाउंज जनवरी, 2024 से परिचालन के लिए तैयार था।

## आईसीआईसीआई प्रू लाइफ ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 99.04 प्रतिशत क्लेम सिर्फ 1.2 दिनों में निपटाए

**बरेली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि में 99.04 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। खास बात यह है कि डेथ क्लेम निपटाने में औसतन केवल 1.2 दिन का समय लगा है।

आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर श्री अमीश बैंकर ने कहा क्लेम वह पल है जब ग्राहक का विश्वास हम पर टिका होता है और हम हर क्लेम को संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं।

वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में हमने 99.04 प्रतिशत क्लेम सेटल किए, जबकि नॉन-इन्वेस्टिगेटेड क्लेम्स का एवरेज सेटलमेंट समय (डॉक्युमेंट्स प्राप्त होने के बाद) केवल 1.2 दिन था। इस अवधि में हमने 451 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए।

हमारी क्लेम फॉर श्योर पहल के तहत, हम सभी दस्तावेज जमा होने के बाद योग्य क्लेम्स को एक दिन में निपटाने का वादा करते हैं। इस पहल के तहत वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में हमने 71.24 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हम लगातार इंडस्ट्री में अग्रणी क्लेम सेटलमेंट रेशियोके साथ सबसे आगे बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 97.94 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 98.14प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 98.52प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष 2024 में 99.17प्रतिशत रहा।

## आधी रात को जिलाधिकारी ने खुले में सो रहे लोगों का जाना हाल, गाड़ी से पहुंचाया रैन बसेरा

अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार गुरुवार देर रात सर्दी के मौसम में निराश्रित लोगों का हाल चाल लेने के



उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों का निरीक्षण किया,खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगो को गाड़ी से पहुंचाया रैन बसेरा,और बांटे कंबल।

जिलाधिकारी सबसे पहले बरेली जंक्शन पहुंचे वहां खुले में सो रहे लोगों का हाल चाल लिया और उन्हें रैन बसेरों की जानकारी दी तथा गाड़ी से रैन बसेरों में पहुंचाया। जिलाधिकारी ने असहाय व बेसहारा लोगों को कंबल वितरण भी किए। जिलाधिकारी इसके बाद सेटेलाईट स्टेण्ड पर पहुँचे और वहाँ स्थित रैन बसेरे का निरिक्षण किया और वहाँ आश्रय लिये हुए लोगों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और जरूरतमंदो को कंबल वितरित किये।

जिलाधिकारी ने रैन बसेरों कि सूची रेलवे स्टेशन कि जीआरपी पुलिस और बस स्टेण्ड के स्टॉफ को भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे जरूरतमंदो को रैन बसेरों कि जानकारी मिल सके और लोग खुले में ना सोयें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम द्वारा शहर के समस्त चिन्हित अलाव के स्थानों के साथ साथ समस्त रैन बसेरों में अलाव जलाने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

रविन्द्र कुमार ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि जिले के समस्त रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में कम्बल/रजाईया, गर्म पानी आदि उपलब्ध रहें तथा रैन बसेरों में आने वाले समस्त लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। नगर निगम के जोनल अधिकारीगण अपने क्षेत्रों में भ्रमण शील रहते हुए सड़क के किनारे सोने वाले लोगों को रैन बसेरे में भेजना सुनिश्चित कराए। तथा बेसहारा व असहाय लोगो को कम्बल उपलब्ध कराएं।

## कलयुगी भाई ने की बड़े भाई की गोली मारकर हत्या, एसएसपी ने किया मौका मुआयना



अवधनामा संवाददाता

**बदायूं।** थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी सराय में गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। बीच शहर में हुई हत्या की घटना के बाद घटनास्थल के आसपास सनसनी व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी सराय में दो सगे भइयों में आपसी कहा सुनी हो गई जिसके बाद छोटे भाई ने बड़े भाई की गोली मारकर हत्या कर दी।हत्या की घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा मय पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच गए जहां उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए एसएसपी ने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि चौधरी सराय निवासी आदिल और अमन सगे भाई हैं। उन्होंने बताया बड़े भाई अमन को आदिल ने कहासुनी के बाद गोली मार दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा पंचायत नामा की कार्यवाही करते हुए मृतक केशव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

## आगरा का पान का शौकीन रंगबाज, नहीं मिला पान तो तानी पिस्तौल और चला दी गोली

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** आगरा शहर में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है जहां पान खाने की तलब ने एक शख्स को कानून की अवहेलना करने पर मजबूर कर दिया। दिल्ली गेट के पास हुई इस घटना में शुभम भार्गव नाम के एक प्रॉपर्टी डीलर ने पान की दुकान पर लाइन में लगे लोगों को देखकर फायरिंग कर दी जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई।

### क्या था पूरा मामला?

घटना के मुताबिक शुभम भार्गव को पान खाने की तलब लगी थी। जब वह पहले पान की दुकान पर गया तो वहां पहले से ही काफी लोग खड़े थे। इसके बाद वह दूसरी दुकान पर गया जहां भी कई ग्राहक खड़े थे। पान की तलब ने उसे इतना हताश कर दिया कि उसने अपनी कमर से पिस्तौल निकालकर वहां मौजूद लोगों को डराने के लिए पांच गोलियां चला दी।

### फायरिंग के बाद मची अफरातफरी

शुभम भार्गव की फायरिंग के बाद वहां मौजूद लोग डरकर भाग गए और दुकानदार भी छिप गया। फायरिंग के बाद वहां का माहौल डरावना हो गया। इसके बाद शुभम ने आराम से पान खाया और दुकान से बाहर निकल गया। पान खाने के बाद वह वहां से चला गया जबकि लोग उसकी हरकत को देखकर हैरान रह गए।

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शुभम भार्गव के खिलाफ FIR दर्ज की। पुलिस ने उसकी पिस्तौल और पांच खोखे बरामद किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि शुभम भार्गव



को आगरा का ÷रंगबाज÷ भी कहा जाता है जो अपनी दबंगई के लिए मशहूर है।

बता दें कि यह घटना न केवल पान की तलब के चलते हुई अव्यवस्था को दर्शाती है बल्कि यह भी दिखाती है कि कुछ लोग अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कैसे करते हैं। पुलिस ने अब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

## हरिनाम संकीर्तन से नगर का वातावरण हरिमय हो गया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** श्रीमद भगवत गीता जयंती व मोक्षदा एकादशी पर नगर में श्रीहरिनाम संकीर्तन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। हरिनाम संकीर्तन से नगर का वातावरण हरिमय हो गया। श्रीहरिनाम संकीर्तन सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद भगवत गीता जयंती व मोक्षदा एकादशी के पावन पर्व पर श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण से 18वीं श्रीहरिनाम संकीर्तन यात्रा संपूर्ण नगर में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण के पूजन के साथ सामूहिक गीता पाठ किया गया। इसके बाद रथ पर विराजमान भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण का पूजन महंत विजयराम दासजी ने किया। पूजन के बाद श्रीहरिनाम संकीर्तन यात्रा का श्रीगणेश किया गया। इस मौके पर महेंद्र पाटकार मृदुल, सोहन लाल गुप्ता, अनिल माहेश्वरी, वाचस्पति मिश्रा, केसी पाटकार, सुरेश हूंका, बबलू सोनी, भगवती प्रसाद मिश्रा, त्रिलोकी नाथ गुप्ता, सौरभ दिवेदी, सीताराम हूंका आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम जालौन ने मंडी का किया औचक निरीक्षण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** एसडीएम जालौन विनय मौर्य द्वारा आज जालौन मंडी का औचक निरीक्षण किया गया। एसडीएम द्वारा मंडी स्थित सरकारी बाजरा तथा ज्वार क्रय केंद्र पर किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याएं जानी। किसानों की सत्यापन संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण कराया गया। सरकारी क्रय केंद्र पर जगह की कमी को देखते हुए अतिरिक्त जगह दिलाई गई जिससे किसानों को क्रय केंद्र पर सुविधा होगी। मंडी में साफ सफाई व्यवस्था सही न होने पर जिम्मेदार को नोटिस जारी किया गया है और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया गया। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

## दस परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता के लिए हाइजीन कॉर्नर स्थापित



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** रेकिट एवं प्लान इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत विद्यालय में स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दस परिषदीय विद्यालयों में हाइजीन कॉर्नर स्थापित किया गया है। इस संस्था के डिस्ट्रिक्ट लीड रंजीत कुमार ने बताया कि जनपद गोरखपुर के चयनित दस विद्यालयों एवं डायट प्रांगण में हाइजीन कॉर्नर स्थापित किया गया है। जो स्वच्छता के प्रति संदेश देने का काम करेगा। यह सभी बच्चों में स्वच्छता के गुण विकसित करने में सहायक है। प्राथमिक विद्यालय महावीर छपरा, प्राथमिक विद्यालय छपिया, कंपोजिट मध्य विद्यालय जीतपुर, पीएम श्री बरहुआ, पाली के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय कुबाबर, कस्तूरबा विद्यालय चरगांवा एवं नगर क्षेत्र के कंपोजिट पीएससी बिछिया, कंपोजिट अलहलादपुर, प्राथमिक विद्यालय दाउदपुर में हाइजीन कॉर्नर स्थापित किया गया। जिसमें डिटॉल ऐंटीसेप्टिक लिक्विड, डिटॉल साबुन, डिटॉल सैनिटाइजर, डिटॉल हैडवाश, वजन नापने की मशीन रखा गया है। इस मौके पर सहायक अध्यापिका अनुपम राय, रंजना जायसवाल, संध्या चौधरी, सरिता, सीमा एवं कृष्ण कुमार पांडेय स्कूल कोऑर्डिनेटर उपस्थित थे।

## युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पीटा, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती सोमवार को रात्रि में 7 बजे पुस्तैनी मकान में सोने जा थी। गांव का एक मनबढ़ उसे देखकर अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ करने लगा था। जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी के स्वजन लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए और गला और नाक दबा कर जान से मारने की कोशिश किए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विशाल दुबे, चंचल, श्रेया, भोली, मीरा देवी के खिलाफ छेड़छाड़, बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## दुकानदार विक्रय सामान का ग्राहकों को दें पक्का बिल

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के सभी दुकानदारों को ग्राहकों के सामान का पक्का बिल देना जरूरी होगा। प्रदेश के सभी जोनल अपर आयुक्त राज्यकर को इस संबंध में निर्देश भेजा गया है। उनसे यह भी कहा गया है कि दुकानों के बाहर इस संबंध में सूचना चस्पा कर दी जाए और इसमें आयुक्त कार्यालय स्तर पर शिकायत के मोबाइल नंबर-7235001729 का जिक्र भी जरूर किया जाए। अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर अलीगढ़ जोन डा0 अनुपमा गोयल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्राविधानों के अनुसार किसी भी माल के आदान-प्रदान पर टैक्स इनवाइस होना आवश्यक है। उन्होंने मण्डल के सभी व्यापारियों, टैक्स पेअर्स के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, दुकान, ऑफिस आउटलेट, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल्स में जहां पर सबसे अधिक विजिबिलिटी हो, ग्राहकों के लिए सूचनारू- ''अपने खरीद का पक्का बिल लें, यह आपका अधिकार है। ''बिल लेने से कीमत पर कोई असर नहीं पड़ता है। यदि बिल नहीं मिलता है तो 7235001729 पर फर्म का नाम, पता सूचित करें।'' पोस्टर के रूप में चस्पा कराये जाने के निर्देश दिए हैं।

## आईसीआईसीआई प्रू लाइफ ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 99.04 प्रतिशत क्लेम सिर्फ 1.2 दिनों में निपटाए

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि में 99.04 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। खास बात यह है कि डेथ क्लेम निपटाने में औसतन केवल 1.2 दिन का समय लगा है।

आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर श्री अमीश बैंकर ने कहा क्लेम वह पल है जब ग्राहक का विश्वास हम पर टिका होता है और हम हर क्लेम को संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में हमने 99.04 प्रतिशत क्लेम सेटल किए, जबकि नॉन-इन्वेस्टिगेटेड क्लेम्स का एवरेज सेटलमेंट समय (डॉक्युमेंट्स प्राप्त होने के बाद) केवल 1.2 दिन था। इस अवधि में हमने 451 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हमारी क्लेम फॉर श्योर पहल के तहत, हम सभी दस्तावेज जमा होने के बाद योग्य क्लेम्स को एक दिन में निपटाने का वादा करते हैं। इस पहल के तहत वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में हमने 71.24 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हम लगातार इंडस्ट्री में अग्रणी क्लेम सेटलमेंट रेशियोके साथ सबसे आगे बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 97.94 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 98.14 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 98.52 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष 2024 में 99.17 प्रतिशत रहा।

## हलका इंचार्ज को एसपी ने किया निलंबित

**बिजनौर अवधनामा संवाददाता।** जनपद बिजनौर के थाना बढ़ापुर में तैनात हलका इंचार्ज ललित कुमार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल ना करने और गौकशो पर निगरानी नहीं करने के चलते की कार्रवाई की गई है। साथ ही विभागीय जांच के भी आदेश दिए। बिजनौर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बढ़ापुर थाने में तैनात हलका इंचार्ज दरोगा ललित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसआई ने थाना बढापुर पर हल्का नं0 3 प्रभारी के पद पर तैनाती के दौरान क्षेत्र मे अपराध नियंत्रण करने पर प्रभावी गस्त न करने और गौकशी मे लिप्त अपराधियों की निगरानी नहीं करने के साथ ही क्षेत्र मे गौकशी की घटना हो जाने के बाद भी दारोगा ललित कुमार द्वारा कर्तव्यपालन में बरती गई। लापरवाही एवं उदासीनता के चलते नजीबाबाद क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई। वहीं पुलिस कप्तान ने ज़िले के समस्त पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगणों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों, दायित्वों के प्रति उदासीनता, शिथिलता न बरते अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने रैन बसेरा का रात को निरीक्षण किया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** शासन की मंशा के अनुरूप, सर्दी के मौसम में किसी भी निराश्रित एवं बेसहारा व्यक्ति को खुले आसमान के नीचे, सड़क पर, फुटपाथ पर न सोना पड़े, ये सुनिश्चित करने के लिये जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह द्वारा रात्रि 09-55 बजे शहर का भ्रामण किया गया इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा दीनदयाल अन्त्योदय योजना के अन्तर्गत शहरी बेघरों हेतु निर्मित आश्रय गृह (रैन बसेरा) फतेहगढ़ व रोडवेज बस अड्डे का औचक निरीक्षण किया गया, वहां पर मौजूद आश्रय लिये सभी शरणार्थियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के बारे में पूछा गया एवं सम्बन्धित को निर्देशित किया कि रैन बसेरों में ठहरने वाले शरणार्थियों के आईडी प्रूफ जांच किए जाएं एवं उनके साथ लाए गए सामानों को भी चेक किया जाए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, ईओ नगर पालिका फर्रुखाबाद व संबंधित उपस्थित रहे।

## कोर्ट में बयान के लिए निकले झिनकू दुबे की हत्या, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम धौरहरा निवासी झिनकू दुबे की शुक्रवार को हुई हत्या ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। शुक्रवार को 62 वर्षीय झिनकू दुबे अपनी बहू के साथ जिला न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराने जा रहे थे। इसी दौरान गोला कौड़ीराम मार्ग पर उन पर हमला हुआ। स्कार्पियो से ठोकर मारने के बाद हमलावरों ने उन्हें रॉड से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया और फरार हो गए। वही स्थानीय लोगों का आरोप है कि अगर गोला पुलिस बीते 2 नवंबर की घटना पर गंभीरता से ध्यान देती और झिनकू दुबे को न्यायालय जाते समय सुरक्षा प्रदान करती तो शायद यह हादसा नहीं होता। 2 नवंबर को झिनकू दुबे के परिवार पर ग्राम प्रधान के परिजनों ने हमला किया था और इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद भी विवाद जारी रहा और झिनकू दुबे को जान से हाथ धोना पड़ा। प्राप्त विवरण के अनुसार झिनकू दुबे और ग्राम प्रधान के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते दोनों पक्षों के बीच कई बार झड़प हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमे दर्ज किए थे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस घटना के बाद गोला पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में ढिलाई बरती है। पुलिस पर आरोप है कि उसने दोनों पक्षों को समझाने की बजाय मुकदमे दर्ज करने में ही समय बर्बाद किया।



## कमिश्नर के प्रयासों से तालानगरी में जल्द संचालित होगी ईएसआई डिस्पेंसरी

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ चैत्रा वी. द्वारा उद्यमियों, मजदूर संघ एवं औद्योगिक एसोशिएशन की मांग पर औद्योगिक क्षेत्र तालानगरी में ईएसआई के माध्यम से संचालित डिस्पेंसरी स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में निदेशक राज्य कर्मचारी बीमा निगम को अग्रेतर कार्यवाही के लिए पत्र जारी किया गया है। विदित रहे कि जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस शिशिर शर्मा, अध्यक्ष मेटल उद्योग वर्कर्स यूनियन तालानगरी एवं अध्यक्ष जायडस वैलनेस स्टॉफ एसोसिएशन मन्जूरगढी राहुल यादव मण्डलायुक्त को संबोधित पत्र में मजदूरों की चिकित्सा सम्बन्धी समस्याओं व उनके चिकित्सा सम्बन्धी बढ़ते हुए खर्चे को देखते हुए अलीगढ़ के तालानगरी क्षेत्र में ईएसआई अस्पताल की स्थापना किये जाने का अनुरोध किया गया है। जिससे क्षेत्र से सम्बन्धित मजदूर वर्ग के लोग आकस्मिक परिस्थितियों व कम खर्च में सुलभ व अच्छा इलाज करा सके।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचारों के विरोध में विशाल आक्रोश प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** छावनी के शहीद स्थल शुक्रवार को हिंदू रक्षा समिति एवं हरैया विधायक अजय सिंह तथा हिन्दू जन मानस बांग्लादेश में हिंदुओं, दलितों, बौद्ध भिक्षुओं, साधु संतों, बहन - बेटियों के ऊपर हो रहे अत्याचारों के विरोध में शहीद स्थल छावनी से महाराजा जालिम सिंह किला अमोढ़ा तक जन आक्रोश प्रदर्शन मशाल जुजूस निकाला गया एक गंधे पर बंगलादेश के पीएम का पुतला बनाकर छावनी शहीद स्थल से छावनी राम जानकी मार्ग होते हुये आक्रोश प्रदर्शन अमोढ़ा राजा जालिम सिंह किले पर समाप्त हुआ विधायक अजय सिंह ने कहा बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरूद्ध हिन्दू रक्षा समिति के बैनर तले शुक्रवार को आक्रोश प्रदर्शन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे विरोध प्रदर्शन शहीद स्थल छावनी से महाराजा जालिम सिंह किला अमोढ़ा पर जाकर समाप्त हुआ विगत कुछ दिनों से बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के आंदोलन के दौरान हिंदू, बौद्ध तथा वहां के अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रही हिंसा की घटनाओं पर हिन्दू जन मानस गंभीर चिंता व्यक्त करता है बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या, लूटपाट, आगजनी, महिलाओं के साथ जघन्य अपराध तथा मंदिर जैसे श्रद्धास्थानों पर हमले जैसी क्रूरता असहनीय है, हिन्दू रक्षा समिति घोर निंदा करता है।

## मंडल अध्यक्ष पद हेतु नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई

**फर्रुखाबाद।** दिनांक 13 दिसंबर 2024 दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व अभियान के तहत जनपद के सभी 18 मंडलों में मंडल अध्यक्ष पद हेतु नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें सभी 18 मंडलों में 181 सक्रिय कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष पद हेतु अपने आवेदन मंडल चुनाव अधिकारी व सह चुनाव अधिकारी को दिए। सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्वी मंडल 3, पश्चिम मंडल 8, फतेहगढ़ मंडल 8, बढ़पुर पश्चिम 6, बढ़पुर पूर्वी 10 अमृतपुर विधानसभा के अमृतपुर मंडल में 7, सलेमपुर में 4, नीम करोली 10, नवाबगंज में 15 भोजपुर विधानसभा के कमालगंज में 9,मोहम्मदाबाद दक्षिण में 6,मोहम्मदाबाद उत्तर में 12 और जहानगंज में 5, कायमगंज विधानसभा में कायमगंज नगर 19 कायमगंज ग्रामीण 10 कंपिल मंडल में 23, अचरा मंडल में 10 और शमशाबाद मंडल में 16 कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए आवेदन दिए।

## आबकारी विभाग ने 23 लीटर कच्ची शराब बरामद की

**फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़र्रुख़ाबाद श्री जी0 पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13/12/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम-बाग लकूला में दबिश दी गई। लगभग 250 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 23 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किये गए।

## सूचना

मैं रेनू यादव आयु लगभग 36 वर्ष पुत्री पिता शिव कुमार यादव माता शीला यादव निवासिनी 774 ए फेस 2, टिकैत राय कालोनी, आवास विकास कालोनी लखनऊ की निवासी हूं। मेरी जन्मतिथि 10.06.1988 है जो सत्य एवं सही है। मार्च-अप्रैल वर्ष 2005 में हाईस्कूल की परीक्षा सेन्ट जोसफ गर्ल्स इंटर कालेज, राजाजीपुरम, लखनऊ से उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक संख्या-1017934 था। सनद कही खो गयी है जो कही मिल नहीं रही।

**रेनू यादव**
**निवासिनी 774 ए फेस 2,**
**टिकैत राय कालोनी,**
**आवास विकास कालोनी लखनऊ**

## सूचना

प्रदीप कुमार पाण्डेय पुत्र हेम नारायण पाण्डेय निवासी वेस्टर्न कालोनी पोस्ट चोपन जनपद सोनभद्र उपरोक्त नाम व पते का निवासी है। शपथी की पुत्री श्रुति कुमारी जो कि केंद्रीय विद्यालय चोपन में कक्षा 9 की छात्रा है। शपथी की पुत्री की माता का नाम अभिलेख में नीतू देवी अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि शपथी की पुत्री की माता का नाम अन्य सभी दस्तावेजों में नीतू पाण्डेय है जो सही है। अतः सही करके दस्तावेजों में नीतू पाण्डेय अंकित किया जाए।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AKHILESH KUMAR से बदलकर AKHILESH PASWAN रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**AKILESH PASWAN S/O VIJAY KUMAR**
**निवासी - पकड़ी चौराहा पोस्ट महुलानी सिद्धार्थनगर 272207**

## सूचना

मैं भरत जायसवाल पुत्र हीरा जायसवाल, ग्राम-वैनी, पोस्ट-पवनी, थाना-रायपुर, तहसील-रावर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र का निवासी हूँ। कुछ लोगों द्वारा मेरा कई बैंकों में खाता खुलवाकर मेरे नाम से जारी चेक को अपने पास रख लिया गया है। बैंको का विवरण निम्नलिखित है 1. एच.डी.एफ.सी. बैंक, शाखा रामगढ़, जनपद-सोनभद्र में बचत खाता संख्या-50100710619922, चेक संख्या-000000 से चेक संख्या-000005 तक। 2. एच.डी.एफ.सी. बैंक, शाखा रामगढ़, जनपद-सोनभद्र में करेन्ट खाता संख्या-50200099692579, चेक संख्या-0000001 से चेक संख्या-0000025 तक।

एक्सिस बैंक, शाखा-रावर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र में बचत खाता संख्या-922010027030763, चेक संख्या-095631 से चेक संख्या-096650 एवं चेक संख्या-095651 से चेक संख्या-095670 तक। एक्सिस बैंक, शाखा-ओबरा, जनपद-सोनभद्र में करेन्ट खाता संख्या-924020037306097, चेक संख्या-029061 से चेक संख्या-029085 तक। उक्त सभी बैंक के चेकों में हस्ताक्षर कराकर रख लिया गया तथा सारे चेक का दुरुपयोग किया जा रहा है। उपरोक्त सारे बैंक के चेकों को अवैध समझा जावे तथा एक्सिस बैंक, शाखा रावर्ट्सगंज, सोनभद्र के बचत खाता का हस्ताक्षर किया हुआ चेकबुक की एक कापी खो गई है। हमारे नाम से मु0 100/- रुपया के सादा स्टैम्प पेपर पर हस्ताक्षर बनवाकर जबरजस्ती ले लिया गया है।

**भरत जायसवाल**

## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)

ई-टेण्डर पोर्टल – https://etender.up.nic.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–213 (बी–2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**जोन–7**

| क्र० सं० | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नाम परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | **शहीदभगत सिंह** | | |
| 1 | 636/069 शिवनगरी तकरोही | श्रीमती नीरा मिश्रा | श्रीमती गीता चर्तुवेदी | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 2 | 633/375 मटियारी | श्री सुनील कुमार कनौजिया | अनस मोहम्मद | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 3 | 633/059 पीताम्बरा बिहार | तालीम उनीसा | श्री पवन कुमार जायसवाल | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 4 | 633/जी आर/पी–010 (बी'ब्लाक) के–394 गनेशपुर रहमानपुर | श्रीमती ममता मिश्रा | श्री मनविजय सिंह | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 5 | 633/पी–011/2(के–716ए,7 16बी) कंचनपुर | श्री शैलकुमारी शर्मा | श्री हरिओम दुबें | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 6 | 633/पी–164 मटियारी | श्री अखिलेंश कुमार अस्थाना | श्री अभिषेंक अस्थाना | वसीयत |
| 7 | 634जी/के–467 अमराई गांव | श्री कल्लू | श्री पारस नाथ निगम | विक्रय विलेख के आधार पर |
| | | **इस्माईलगंज द्वितीय** | | |
| 8 | 632/060 अजयनगर | श्रीमती डी सिद्दीकी | अबदुरहमान व सलमान खान | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 9 | 632/फ्लैट/बी–405 क्रिस्टल ब्यू अपार्टमेन्ट | अली अहमद | अदनान अहमद अब्बासी | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 10 | 633/942(जी आइ0एस0)आर्दशनगर | श्री कैलाश चन्द्र शाह | श्रीमती रोशनी भगत | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 11 | 632/20ए(के एच–203 एए,203 एस ए) कैलाश बिहार | श्री राजेश्वर कुमार ओझा | श्री आलोक कुमार द्विवेदी | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 12 | 631/30 हरिहरनगर | श्रीमती प्रवीन आजाद | श्री अजय तिवारी | विक्रय विलेख के आधार पर |
| | | **इस्माईलगंज प्रथम** | | |
| 13 | 631/016(जी आइ एस)इन्दिरानगर | श्री श्रीधर त्रिपाठी | श्री देवेन्द्र नाथ मिश्रा | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 14 | 631/185 पटेलनगर | श्री रामआसरें सिंह | श्री अमृता श्रीवास्तव | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 15 | 631/ई–24(के–760)हरिहरनगर | श्री राजेश्वर कुमार ओझा | श्री मुकेश कुमार | विक्रय विलेख के आधार पर |
| | | **शंकरपुरवा तृतीय** | | |
| 16 | 8/0944 विकासनगर | श्री ग्रेसचन्द्र सिंह | श्री अभिषेंक यादव | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 17 | 529सी–226 कमला नेहरूनगर | श्री अनल कुमार श्रीमती नीता | अरफा अहमद | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 18 | ए–0506 रोहतास अपार्टमेन्ट | श्री विपुल कुमार माथुर | श्री अर्चित भटनागर,अर्चना भटनागर | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 19 | वी–112(66)विनायक पुरम | श्री राकेश चन्द्र तिवारी | श्री उमेश चन्द्र तिवारी | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 20 | वी–46(113ए)विनायक पुरम | श्रीमती वीना मनवानी | श्रीमती आराधना पाण्डेय | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 21 | वी–138(92विनायक पुरम | श्री रविन्द्र प्रताप श्रीवास्तव | श्रीमती प्रतिमा,बृजेश कुमार रोहित कुमार | मृत्यु के आधार पर |
| 22 | 529ए/0272 खुर्रमनगर | श्री रामरती | जियाउल इस्लाम | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 23 | 529ए/1343खुर्रमनगर | सलाउदीन | शहनाज | मृत्यु के आधार पर |
| | | **लालबहादुरशास्त्री द्वितीय** | | |
| 24 | 628एस/359 सर्वोदय नगर | नुरूदीन अहमद | अफसर जहां | मृत्यु के आधार पर |
| 25 | 628एस/005 सर्वोदय नगर | सयैद मोहम्मद अलीम | सयैद मोहम्मद आसीफ | मृत्यु के आधार पर |
| 26 | 628एस/186डी सर्वोदय नगर | श्रीमती पूर्णा सनवाल | श्री सोमेन्द्र कुमारनामिता रानी | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 27 | 628एस/322 सर्वोदय नगर | श्री कीर्ति बल्लभ जोशी | श्रीमती भैरवी जोशी व दिनेश जोशी | मृत्यु के आधार पर |
| 28 | ए–1125 इन्दिरानगर | श्रीमती पार्वती देवी | श्री शैलेश कुमार,विजेता शर्मा | विक्रय विलेख के आधार पर |
| | | **इन्दिराप्रियदर्शिनी** | | |
| 29 | 639/डी–104(के–287)चांदन | श्री अमर अग्रवाल | श्री अजय प्रताप सिंह | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 30 | 11/0275 इन्दिरानगर | श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव | श्री कृष्ण नन्दन कुमार रीना श्रीवास्तव | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 31 | 639/सी–117(के–285एस0) चांदन | श्री खेमचन्द्र अग्रवाल | श्री राजीव जांन | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 32 | 639/ई–105(के–285एस0) चांदन | श्री अमर अग्रवाल | श्री अनिल श्रीवास्तव व आरती श्रीवास्तव | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 33 | 639/डी–123(के–287)चांदन | श्री अमर अग्रवाल | श्रीमती अंजली सिंह व मोहित सिंह | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 34 | 639/ई–114(के–287)चांदन | श्री विजय कुमार अग्रवाल | श्री पंकज कुमार सिंह व स्नेहा सिंह | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 35 | 639/डी–106(के एच–287) चांदन | श्रीमती पुष्पा अग्रवाल | श्रीमती रिचा श्रीवास्तव | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 36 | 639/ई–101(के–287)चांदन | श्री विजय कुमार अग्रवाल | श्रीमती प्रिया उपाध्याय, अभिनव आकाश | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 37 | 638/पी0एन0ओ0–010/01 जरहरा | श्री विष्णु दयाल श्रीवास्तव | श्रीमती उषा | उपहारस्वरूप |
| 38 | 638/03/के–022रविन्द्र बिहार | श्री अक्षत दिवान | श्रीमती शिवानी श्रीवास्तव | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 39 | 11/0250 इन्दिरानगर | श्री विजय निगम | श्रीमती पल्लवी, सोनाली आयुशी निगम | मृत्यु के आधार पर |
| | | **मैथिलीशरण गुप्त** | | |
| 40 | ए–1300(जी आइ एस)इन्दिरानगर | श्रीमती उर्मिला मौर्या | इम्तियाज अहमद , निदा शेख | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 41 | 628/003/एस–2 गोपाल तीरथ प्लाजा | श्री उत्पल भार्गव | श्री सिद्वार्थ तिवारी ,साक्षी कपूर | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 42 | बी –1133इन्दिरानगर | श्रीमती अनिता चावला | श्री विजय कुमार अकिंता उपाध्याय | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 43 | सी –0497/ई इन्दिरानगर | श्री श्याम मोहन गुप्ता | श्रीमती भावना पिप्पल | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 44 | सी –0497/ए इन्दिरानगर | श्री श्याम मोहन गुप्ता | श्री केतन यादव | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 45 | सी –1475 इन्दिरानगर | श्री मनोज मिश्रा | श्री हरीश,हेमलता,मधू मंसद | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 46 | डी–1387/007 इन्दिरानगर | श्रीमती लता श्रीवास्तव कुणाल श्रीवास्तव | श्री कुनाल श्रीवझसतव | उपहारस्वरूप |
| 47 | सी –0455/जी–2 इन्दिरानगर | श्रीमती रशिमी जैन व पी सी जैन | श्री अभिषेक कुमार | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 48 | डी–138/007 इन्दिरानगर | श्रीमती इन्दिरा कटियार | श्री आनन्द त्रिवेदी | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 49 | 628/5–6/117/सीसी इन्दिरानगर | श्री अशोक राय | श्री संदीप राय | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 50 | बी –2257 इन्दिरानगर | श्री सुभाषचन्द्र श्रीवास्तव | सहजादी बेगम | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 51 | 628/एल–12 बंसल हलवासिया काम्पलेक्स | श्री सुब्रत मुर्खजी | श्रीमती आरती कुलश्रेष्ठा, प्रवोध कुमार | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 52 | बी–19.21/यू जी एफ–09 इन्दिरागनर | फरहान तारिक हैदर | फारूकी रहमान | विक्रय विलेख के आधार पर |
| | | **बाबूजगजीवनराम** | | |
| 53 | 16/1330(जी आइ एस)इन्दिरानगर | श्री महावीर प्रसाद गुप्ता | श्रीमती सुनीता गुप्ता | मृत्यु के आधार पर |
| 54 | 16/106(एफ–1)(जी आइ एस)सूर्या पैलेस | श्री मोहित चौपडा | श्री प्रदीप सिंह, ममता सिंह | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 55 | 21/266 इन्दिरानगर | श्रीमती चित्रा देवी | श्री पंकज त्रिपाठी | मृत्यु के आधार पर |
| 56 | 17/669इन्दिरानगर | श्रीमती शारदा दिवान | श्रीमती दिव्या राय,रूचि मेहरा | उपहाररूवरूप |
| 57 | 17/0212/213(जी आइ एस) इन्दिरानगर | काजी जावेद आलम | श्रीमती शीतल वर्मा | विक्रय विलेख के आधार पर |
| | | **शंकरपुरवा प्रथमं** | | |
| 58 | 529डी/1/1355(डी–75) कल्यानपुर | श्री परम हंस दुबें | श्री शैल मिश्रा | उपहाररूवरूप |
| 59 | 660/7/के–142बी फूलबाग कालोनी | अफजल खान | जुबेदा खतूज | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 60 | 656!8/271(पी–046)मोहम्मद पुर खत्री | श्रीमती गीता श्रीवास्तव | श्री सुभाष श्रीवास्तव अमिताभ | मृत्यु के आधार पर |
| 61 | 529डी/1/1151(136/20) कल्यानपुर | श्री सतीश चन्द्र सक्सेना | श्री प्रेम सक्सेना | मृत्यु के आधार पर |
| 62 | 656/6/286 मोहम्मदपुर खत्री | श्री राजेश कुमार ओझा | श्रीमती मनोरमा | मृत्यु के आधार पर |
| | | **लोहियानगर** | | |
| 63 | 1/201 विकासनगर | श्री डी पी भरतवाल | जामिल अहमद खान | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 64 | 4/0074(जी आइ एस) विकासरानगर | श्री विजय बहादुर | श्री लालता प्रसाद सिंह | मृत्यु के आधार पर |
| | | **शंकरपुरवा द्वितीय** | | |
| 65 | 529डी/1/1843(ए71489 प्रगति बिहार | श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव | श्री प्रत्युश कुमार | उपहाररूवरूप |
| 66 | 529डी/001सी सी कल्यानपुर | मोहम्मद रफी | मसूद अहमद | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 67 | 529डी/2/205(150) कल्यानपुर) | श्री अतुल कुमार ,रीना, मीनाक्षी राज ,अनिल कुमार वैश्य | श्रीमती नीतू यादव | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 68 | 529डी/2/1537 आदिलनगर | श्री अशोक कुमार ओझा | श्रीमती किरन कुमारी | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 69 | 529डी/2/522 कल्यानपुर | श्री सत्यप्रकाश,ओम प्रकाश | श्री सत्यप्रकाश श्रीवास्तव | उपहाररूवरूप |
| 70 | 1/056 विकासनगर | श्री आदित्य पाल सिंह | श्रीमती मीना कुमार चौधरी ,पवन कुमार | विक्रय विलेख के आधार पर |
| 71 | 5/050(जी आइ एस)विकासनगर | श्री प्रदीप टण्डन | श्रीमती ममता टण्डन | मृत्यु के आधार पर |
| 72 | 6/401 विकासनगर | श्रीमती उर्मिला गुप्ता | श्री संदीप कुमार गुप्ता | मृत्यु के आधार पर |

**जोनल अधिकारी**

# दशमोत्तर छात्रवृत्त योजनान्तर्गत जनपद स्तर गठित समिति अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण समिति की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश पर अपर



जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर गठित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा कक्षा 11-12 स्तर पर प्रोफाइल अपडेट करने और कक्षा 11-12 के ऊपर की संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा लॉक करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। इसके साथ ही लम्बित प्रकरणों की स्थिति भी विस्तृत रूप से बताई गई। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत कक्षा 9-10, कक्षा 11-12 और उससे ऊपर की कक्षाओं में छात्रों द्वारा लगातार आवेदन किए जा रहे हैं, लेकिन शिक्षण संस्थानों द्वारा इन आवेदन पत्रों को अग्रसारित नहीं किया जा रहा, जिसके कारण अनेक ऑनलाइन आवेदन पत्र लम्बित पड़े हैं।अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी शिक्षण संस्थान अपने स्तर पर ऑनलाइन आवेदन पत्रों को लम्बित न छोड़ें और उनके सापेक्ष नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें समय से अग्रसारित या निरस्त करें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग नकारात्मक रूप से प्रभावित न हो, सभी शिक्षण संस्थानों को अपने पोर्टल पर लम्बित ऑनलाइन आवेदन पत्रों की समीक्षा कर उनका निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

अपर जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सभी शिक्षण संस्थाओं के कक्षाध्यापकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए, और संस्था प्रमुख से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाए।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि, आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के प्रतिनिधि, तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दबंग कर रहे न्यायालय के आदेश की अवमानना

- पुलिस की लापरवाही कही बन न जाये बड़ी घटना का कारण
- महिला की भूमि पर दबंगों का कब्जा जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या की सदर तहसील के धरमपुर सहादत गांव में दबंगों द्वारा न्यायालय के आदेश की अवमानना करते हुए एक महिला की भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। विवादित भूमि को लेकर न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सदर फैजाबाद ने दो अगस्त को स्पष्ट निषेधाज्ञा जारी की थी, जिसमें विपक्षियों को भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा या निर्माण करने से रोका गया था।

धरमपुर सहादत गांव निवासी विजय लक्ष्मी, जिनके पिता कन्हैया लाल की वसीहत के आधार पर यह भूमि उनके नाम हुई है, अपने ही अधिकार की भूमि पर कब्जा पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। विजय लक्ष्मी ने दबंगों की इस हरकत और न्यायालय के आदेश की अवहेलना के खिलाफ अदालत में अवमानना का मुकदमा भी दर्ज कराया है। बावजूद इसके, दबंग खुलेआम न्यायालय के आदेश की अवमानना कर रहे हैं।बता दें विजय लक्ष्मी को उनके पिता कन्हैया लाल ने वर्ष 2010 में वसीहत लिखकर अपनी चल-अचल संपत्ति का उत्तराधिकारी घोषित किया था। उनके पिता का निधन 11 नवंबर 2010 को हो गया, जिसके बाद विजय लक्ष्मी संपत्ति की कानूनी मालिक बन गईं। विवादित भूमि पर विजय लक्ष्मी का कच्चा मकान स्थित है। जब उन्होंने इसे बनवाने का प्रयास किया, तो विपक्षियों ने उन्हें रोक दिया।एसडीएम ने लेखपाल से भूमि माप कराकर समझौता करवा दिया, लेकिन विपक्षियों ने समझौते का उल्लंघन करते हुए फिर से मकान पर कब्जा करना शुरू कर दिया।विजय लक्ष्मी ने इसके बाद दीवानी न्यायालय में गुहार लगाई, जहां से स्टे ऑर्डर जारी किया गया। पीड़ित महिला का आरोप है कि स्थानीय पुलिस भी उनका सहयोग नहीं कर रही है। पुलिस की निष्क्रियता ने दबंगों के हौसले और बढ़ा दिए हैं। विजय लक्ष्मी का कहना है कि वह अपनी ही भूमि पर कब्जा पाने के लिए लगातार भटक रही हैं, लेकिन न्याय नहीं मिल रहा है।

विजय लक्ष्मी ने न्यायालय द्वारा जारी आदेश का पालन न करने पर विपक्षियों के खिलाफ अवमानना का मुकदमा भी दर्ज कराया है। लेकिन इस पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। दबंगों द्वारा न्यायालय के आदेश की खुलेआम अवमानना और प्रशासन की निष्क्रियता ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मामला न केवल कानूनी प्रक्रिया की विफलता को दर्शाता है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाता है। विजय लक्ष्मी ने स्थानीय प्रशासन और न्यायपालिका से न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि यदि उन्हें जल्द न्याय नहीं मिला, तो वह इस मामले को उच्च न्यायालय और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक ले जाने को बाध्य होंगी।

# कार ने बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर, दर्दनाक मौत

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के कुचेरा बाजार मे इनायतनगर से अयोध्या की तरफ तेज गति से जा रही कार UP32 k 4 2020ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे मे बाइक के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना होने पर स्थानीय लोगों क़ी सूचना पर पहुंची NHAI क़ी एम्बुलेंस ने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया जहाँ पर डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया तथा तीन का इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है।

बताते चलें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मीठे गांव निवासी आदित्य कुमार पुत्र गुलाब चन्द (21)वर्ष,शिवम कुमार पुत्र प्रेम दास (19), अभिषेक पुत्र गोपी(20), व राजू(18) एक साथ बीते वृहस्पतिवार की शाम को बाइक पर सवार होकर वेटर का काम करने मवई खुर्द तिवारी का पुरवा गयादीन मौर्या क़ी टीम मे प्रीत भोज मे मजदूरी के उद्देश्य से गये थे। वृहस्पति क़ी रात्रि करीब 11.30 बजे काम खत्म होने पर साथ मे गए चारो युवक एक ही बाइक से अपने घर मीठे गांव वापस लौट रहे थे कि कुचेरा बाजार पहुंचे ही थे कि पीछे की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार कार ह्वश्च 32 द्म 4 2020 ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाइक में कार चालक ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक सवार युवक बाइक से लगभग 15फुट उछ्ल कर सड़क के किनारे जा गिरा जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद घायल युवक को स्थानीय लोगों के द्वारा एनएचएआई एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मौजूद डाक्टरों ने घायल युवक आदित्य को मृत घोषित कर दिया। शेष तीन घायल युवकों का इलाज जिला अस्पताल मे चल रहा है। बताते चले कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और यही घर के खर्च चलता था वहीं मृतक की शादी 21 दिन पूर्व भी कुमारगंज थाना क्षेत्र के तिंदौली पूरे वीसा का पुरवा के निवासी मिही लाल की पुत्री स्वीटी से हुई थी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर ने बताया अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जीवो पर दया करो शाकाहारी बनो गुरु नाम जप करो: उमाकांत जी महाराज

**रामनगर बाराबंकी।** बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी उमाकांत जी महाराज का कार्यक्रम ग्राम पंचायत लोहटी जई गणेशपुर में आयोजक जय गुरुदेव शब्द योग विकास संस्था लखनऊ तथा जय गुरुदेव संगत बाराबंकी के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओ का जमावड़ा रहा।कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए महाराज उमाकांत ने भक्तों को बताया कि राम कृष्ण वाहेगुरु यह लोग मनुष्य रूपी देवता थे इन्होंने भी गुरु को माना है सतयुग में भी गुरु की पूजा की जाती थी। साथ ही गुरु के आदेशों का पालन राम कृष्ण ने भी किया। इसलिए गुरु से बढ़कर कोई नहीं है। गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परम ब्रह् तस्मै श्री गुरुवे नमः गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागौ पांय बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दिहउ बताय। गुरुदेव नाम जप से सारे पापों का विनाश निश्चित है। मनुष्य का मोक्ष सुमिरन ध्यान भजन से है। तीन आंख तीन नाक तीन कान का विवरण विस्तार पूर्वक भक्तों से बताया कि मनुष्य की तीसरी आंख परमात्मा को देखने के लिए है तथा तीसरा कान गुरु वाणी सुनने के लिए है और तीसरी नाक से हमें ब्रह्म लोक की खुशबू प्राप्त होती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बड़े भाग्य मानुष तन पावा यानी हमको बड़े भाग्य से मनुष्य का शरीर मिला है। इस जीवात्मा जैसे मंदिर को गन्दा मत करो जीवो पर दया करो तथा नशे से दूर रहो गलत कार्यों को छोड़कर सद्गुरु का ध्यान करो इसी में मुक्ति है। इस मौके पर प्रधान रीता त्रिवेदी सुनील त्रिवेदी अजय प्रताप सिंह अमर सिंह समाजसेवी रविकांत पांडे कमलेश अभिनव वर्मा सरजू प्रसाद त्रिवेदी अवधेश शुक्ल महेंद्र तिवारी अनूप लोधी सहित हजारों की संख्या में सत्संग प्रेमी मौजूद रहे। सत्संग के प्रांगण में विकासखंड रामनगर अंतर्गत आने वाले गुरुदेव के भक्त जनों द्वारा श्रद्धालुओं हेतु विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में हैदरगढ़ के श्रद्धालु व विकासखंड सूरतगंज के श्रद्धालुओं ने अलग-अलग भंडारे की व्यवस्था की थी। सुरक्षा व्यवस्था में नगर कोतवाली सहित कई थानों की पुलिस फोर्स चप्पे चप्पे पर मौजूद रही।

# चकपुरवा में फार्मर रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकासखंड पूरे डलई के ग्राम चकपुरवा में फार्मर रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया



गया। जिसमें कृषि विभाग के तकनीकी सहायक व क्षेत्रीय लेखपाल ने संयुक्त रूप से लगभग 6 दर्जन किसानों की फार्मर रजिस्ट्रीकरण किया। विदित हो पिछले दिनों केंद्र सरकार ने 31 दिसंबर तक हर किसान की एग्रीस्टैक(डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्रेशन राजस्व विभाग के डाटाबेस से तैयार करने के दिशा निर्देश जारी किए थे। रजिस्ट्रेशन में किसान का नाम व पिता का नाम एवं गाटा संख्या,सह खातेदार होने की स्थिति, आधार द्वारा ई केवाईसी विवरण आदि दर्ज किया जाना है। फार्मर रजिस्ट्रेशन से किसानों को सस्ता ऋण,उच्च गुणवत्ता वाले कृषि यंत्र,बाजारों तक सुविधाजनक पहुंच, खेती की जमीन सम्बंधित फर्जीवाड़ा की समस्या खत्म करने जैसे लाभ शामिल है। किसानों की फार्मर रजिस्ट्रीकरण न होने की दशा में पीएम किसान सम्मन निधि की किस्त से भी वंचित होना पड़ सकता है कृषि विभाग के अनुसार जनपद में इस समय 244507 किसान हैं इनमें से 237910 किसानों को पीएम सम्मन निधि प्राप्त हो रही है ।इसी क्रम में कृषि विभाग के तकनीकी सहायक जानकी प्रसाद व क्षेत्रीय लेखपाल शिवपूजन दुबे ने ग्राम पंचायत सरायसैफ के ग्राम चकपुरवा में बुधराम शान बहादुर सिंह मनोज कुमार अहिबरन बालमुकुंद वर्मा रवि राम बहादुर सिंह विमला देवी रुक्मा देवी सहित लगभग छ दर्जन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की। राजस्व विभाग के लेखपाल व कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा 31 दिसंबर तक कैंप के माध्यम से किसानों का पंजीकरण किया जायेगा।जो निशुल्क रहेगा। किसान चाहे तो जनसेवा केंद्र के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए आधार, आधार बेस मोबाइल नंबर, खतौनी की आवश्यकता होगी।

# बिजली बकायेदारों को एक मुस्त समाधान को लेकर निकली रैली

**रामनगर बाराबंकी।** एक मुस्त समाधान योजना के अंतर्गत बिजली के बकाएदारो को सरकार के द्वारा बहुत बड़ा तोहफा मिल रहा है। यह योजना 15 दिसंबर से लेकर 31 जनवरी तक ही लागू है। इस योजना में उपभोक्ताओं को बकाए का 30त्न पंजीकरण राशि के रूप में जमा करना होगा। इस योजना के अंतर्गत सभी बिजली कनेक्शन धारकों को इसका लाभ दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत जल्दी आए ज्यादा लाभ पाए। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा लागू की गई है। उपभोक्ताओं की जानकारी हेतु इस कार्यक्रम को रैली के माध्यम से एसडीओ मनोज यादव जे ई अनुराग वर्मा विनय यादव लाइनमैन नायब हसन रामदेव यादव कमलेश कुमार सहित बिजली विभाग के सभी लोगों ने सहभागिता करके लोगों को अधिक लाभ की विशेष जानकारी दी।

# अधिवक्ता हित के लिए संकल्पित है गिरीश चंद्र तिवारी

**अयोध्या।** अधिवक्ता संघ फैजाबाद अयोध्या में महामंत्री पद के लिए गिरीश चंद्र तिवारी ने अपने समर्थको के साथ जनसंपर्क तेज करके अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए वर्ष 2025 मे पूर्ण आशा एवं विश्वास के साथ अभियान मे लगे है। जिसमें अधिवक्ताओं के हित के लिए वर्तमान संघ द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संचालन में आ रही दिक्कतों का निस्तारण संघ की अस्मिता बचाए रखना और अधिवक्ताओं के हित की लड़ाई लड़ने के साथ महिलाओं के बैठने और वॉशरूम की व्यवस्था बुजुर्ग अधिवक्ताओं के पेंशन कन्या धन मेडिकल के साथ अन्य लाभ की योजनाओं का संचालन संघ के अनुमति से करने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता हित के लिए वह किसी तरह का समझौता नहीं करेंगे इसके लिए अधिवक्ताओं से वोट और सहयोग मांगा है कि आगामी 17 दिसंबर को वोट देकर अधिवक्ता उनके हाथों को मजबूत करेंगे तो संघ के सम्मान और अधिवक्ता हित के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

# नेपाली संस्कृत परिषद समिति का 18 वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अयोध्या में प्रारंभ

**अयोध्या।** अयोध्या धाम तीर्थ क्षेत्र में आज से तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय नेपाली-गोरखा सम्मेलन आरम्भ हो गया है।अयोध्या के बड़ा भक्तमाल आश्रम में आयोजित इस सम्मेलन में पश्चिम बंगाल के गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन इलाके, सिलीगुड़ी तराई डुवर्स, सिक्किम तथा पूर्वोत्तर राज्यों से करीब 250 तथा भारत के अन्य 12 राज्य तथा नेपाल लिंगायत 500 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रतिनिधियों करीब 50% महिलाएं हैं नेपाली समाज के प्रायःसभी उपजाति जसे राई सुब्बा तामंग गुरूङ मगर प्रधान सार्की कामी दमाई जोगी सन्यासी, लोहार, सुनुवार, मगर, ब्राह्मण, छेत्री, बौद्ध समुदायका शेर्पा, तमू, लेप्चा, भोटीया आदि की उपस्थिति है।

# बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण कर बांटी खुशियां

- बैंक ऑफ बड़ौदा व मातृत्व सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर खुशियां लाने के उद्देश्य से बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय व मातृत्व सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से एक दिव्यांग प्रतिभा सम्मान समारोह लोदीपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि ने बच्चों के साथ केक काटकर खुशियां मनाई और लंच किया। तत्पश्चात बच्चों को गर्म वस्त्र, उपहार आदि का वितरण किया गया।मुख्य अतिथि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वरुण सिंह ने कार्यक्रम संबोधित



करते हुए कि दिव्यांग बच्चों में भी प्रतिभाएं छिपी होती है। बस जरूरत है इनको मंच मिले और कुछ करने की हौसलाअफजाई। समाज की तरक्की महिलाओं, दिव्यांगजन व वृध्दों के सम्मान से ही आकी जाती हैं।बच्चों के लिए आज जो कार्यक्रम किया गया है,वह दिव्यांग बच्चों के लिए प्रेरणा बनेगा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे विभाग में दिव्यांग बच्चों के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है, अगर किसी तरह ही जरूरत या जानकारी करनी हो तो विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा दीपक कुमार ने कहा कि हम लोग चाहते हैं कि दिव्यांग बच्चों के लिए कुछ किया जाए। इसके लिए सोसाइटी से मिलकर कार्य करना चाहिए दिव्यांग बच्चों को भगवान वो दिया जो एक आम आदमी के पास नहीं होता है। इनकी प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत है। बहुत खुशी हो रही है आज बच्चों के साथ कुछ समय बिताकर उनकी जिज्ञासाओं को जाना।मातृत्व सोशल वेलफेयर सोसायटी की डायरेक्टर नेहा यादव सक्सेना ने बच्चों की हरसंभव मदद सोसायटी की ओर से करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा एक नेत्रहीन बच्ची को गोद लिया गया है। जिसको म्यूजिक सिखवा रहे हैं। हर बच्चे को जीने का अधिकार है, हर किसी में कुछ करने का जज्बा होता है। उस जज्बे को मंच मिले और वह आगे बढ़े, इसके लिए समाज का योगदान जरूरी है। क्षेत्रीय राज्यभाषा अधिकारी ने कहा कि हमारा बैंक वंचित, पिछडा वर्ग तक सेवाएं पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि जिंदगी सबको अवसर देती है, उसे स्वीकार करे और आगे बढ़े।

कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग चंद्रभानू सिंह, श्वेता ओझा,हर्ष वर्धन गुप्ता, सच्चिदानंद मिश्रा, नीरज गुप्ता, रागिनी, विक्रांत सक्सेना, मनीषा मिश्रा, अनुज्ञा मिश्रा, प्रियांशुल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही: गौरव रावत

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है। जीडीपी लगातार गिर रही है। आम जनता महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से त्रस्त है। भाजपा को आम जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। उक्त विचार आज विधानसभा जैदपुर के अंतर्गत ग्राम मजीठा में अपनी विधायक निधि द्वारा निर्मित इंटरलॉकिंग रोड का उद्घाटन करने के पश्चात विधायक गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किये। श्री रावत ने आगे कहा सरकार चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। मध्यम वर्ग, गरीब परेशान है। दाल, तेल, मसाले, सब्जियों से लेकर खाने पीने तक की हर चीज महंगी होने से लोगों की जेब पर गहरा असर पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं। लोगों के पास काम नहीं है। उनकी आय भी कम हो गई है जबकि खर्च बढ़ गया है। भाजपा सरकार देश में नफरत फैला रही है। सौहार्द को खत्म कर



रही है। देश को साम्प्रदायिक आग में झोंक रही है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर सरकार जनता को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रही है। नोटबंदी, जीएसटी से व्यापार चौपट हो गया है, जिसके कारण देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। विकास कार्य ठप है। इस सरकार की योजनाएं पूरी तरह से गरीब विरोधी हैं। महंगाई रोकने के लिए भाजपा सरकार के पास न तो कोई नीति है और न उसकी नीयत है। इसने आम जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी और कमीशन खोरी की नीति ने देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में धकेल दिया है। भाजपा बड़े उद्योगपतियों और व्यवसायियों से जमकर चंदा उगाही करती है और उन्हें मुनाफा कमाने की पूरी छूट देती है। इस सरकार में हर चीज में मनमानी लूट चल रही है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। लेकिन अब जनता भाजपा की चालों को समझ चुकी है। वह सन् 2027 में उसको सत्ता से हटाकर पीडीए की समाजवादी सरकार बनाने को संकल्पित है। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से मसौली ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश यादव, ग्राम प्रधान मोहम्मद वज्जू,रक्षा राम वर्मा, विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय, गुड्डू वर्मा, अर्जुन वर्मा, कपूर यादव, राकेश वर्मा उर्फ पप्पू, दिनेश रावत समय तारीख लोग उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग महिला ने एसडीएम सदर न्यायालय में तेल डालकर किया आत्महत्या का प्रयास,कलेक्ट्रेट परिसर में मचा हड़कंप

**शाहजहांपुर।** 1990 से चल रहे संपत्ति विवाद में 35 वर्ष बीत गए,पति की हत्या कर दी गयी,एक वर्ष बीत गया फाइल दो बार आर्डर पर लगी पर नही किया निस्तारण।22 नवम्बर को पीड़िता ने सीएम योगी आदित्यनाथ को रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र भेजा जिसमे मामले का निस्तारण न होने पर आत्मदाह की बात कही गयी थी।बाबजूद इसके शाहजहांपुर एसडीएम सदर ने मामले की गंभीरता को नही समझा और आज महिला ने एसडीएम सदर न्यायालय के अंदर खुद पर तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। शाहजहांपुर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने महिला को कार्यालय में बुलाया समझाया और एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ को मामले के निस्तारण के तत्काल निर्देश दिए।

# कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराएं: सीडीपीओ

# सीडीपीओ ने सेमरा राजा गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ ग्रामीणों को किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सदर ब्लाक के ग्राम सभा सेमरा राजा में शुक्रवार




सेमरा राजा में ग्रामीणों को जागरूक करते सीडीपीओ।

को बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर विजय प्रकाश चौधरी ने कुपोषित बच्चों के अभिवावकों को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती के लिए प्रेरित किया गया।

सीडीपीओ ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रयास से बच्चों को एनआरसी तक लाया जा रहा है। इसके साथ ही अति कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को एनआरसी में भर्ती करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। इन बच्चों को 14 दिन तक चिकित्सक एवं समस्त स्टाफ की देखरेख में पूरी देखभाल की जाएगी। पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद उन्हें एनआरसी से डिस्चार्ज किया जाएगा। उन्होंने अभिवावकों को जागरूक करते हुए कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र एक ऐसी सुविधा है, जहां छह माह से पांच वर्ष तक के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे जिनमें चिकित्सकीय जटिलताएं होती हैं, को चिकित्सकीय सुविधाएं मुफ्त में प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा बच्चों की माताओं को बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक देखभाल तथा खान-पान संबंधित कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दौरान ग्राम प्रधान टीटू राय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शमसुल निशा आदि उपस्थित रहे।

# खराब मीटर को चिन्हित कर कार्यवाही करें: डीएम



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नेडा एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि आगामी 15 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ हो रहे एकमुश्त समाधान योजना (ओ.टी.एस.) का व्यापक प्रचार प्रसार करायें, ताकि आम जनमानस इस योजना का लाभ उठा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि एजेंसी के कार्यकर्ताओं यथा जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी के प्रतिनिधि एवं मीटर रीडर्स/ बिलिंग का निर्देशित करें कि विद्युत उपभोक्ताओं से अच्छा वर्ताव कर अधिक से अधिक धनराशि जमा कराये, तथा विद्युत उपभोक्तागण इससे लाभान्वित हों। जिलाधिकारी ने विद्युत सुधार एवं सोलर पैनल में आने वाली समस्या पर विस्तृत चर्चा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया। उन्होंने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्युत डिवीजन में 5 सबसे खराब मीटर रीडर्स को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यावाही प्रस्तावित करें। उन्होंने कहा कि इसमे किसी प्रकर को लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# बौद्धिक क्षमता मजबूत होती है खेलकूद से: एसडीएम

- मशाल दौड़ स्थापना के साथ तीन दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा खुर्द स्थित स्टर्लिंग पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल में शुक्रवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मार्च पास्ट की सलामी, प्रतियोगिता का ध्वजारोहण तथा मशाल दौड़ स्थापना के साथ किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि निचलौल एसडीएम शैलेंद्र कुमार गौतम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व मशाल प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही साथ बौद्धिक क्षमता को मजबूत करने के लिए खेलकूद बेहद जरूरी है। ये नन्हें-मुन्ने बच्चे इस तरह के स्थानीय स्तर की प्रतियोगिता के माध्यम से ही राष्ट्रीय तथा



अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना तथा अपने जनपद का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रबंधक एनबी पाल ने खेलकूद तथा प्रतियोगिता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना किया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सीनियर बालक व बालिका वर्ग में 100, 200 मीटर तथा जूनियर बालक व बालिका वर्ग में 100, 200 मीटर दौड़ आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त दौड़ लंबी कूद, ऊंची कूद, रस्साकस्सी, चेस, रिले रेस, बॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा के हुनर का प्रदर्शन किया। कोच चंदन पाठक ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 15 दिसंबर को पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा। प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान निदेशक चंद्रशेखर पाल, संरक्षक शकुंतला पाल, पंडित अवधेश चौबे, भारती चौहान, बिरेन्द्र दुबे, महंथ उपाध्याय, संजय सिंह, भुवनेश्वरी तिवारी, वेदिका सिंह, राशी सिंह, प्रिया सिंघानिया, नीतू चौधरी, अफजल अहमद, अमित सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# अवर सचिव भारत सरकार का जिले में दौरा, जिला प्रशासन एवं बैंकरों के साथ की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भारत सरकार के वित्तीय सेवाएँ विभाग के सचिव एम. नागराजू, के निर्देश पर रमेश यादव, अवर सचिव भारत सरकार ने प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले का शुक्रवार को दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर से उनके निवास स्थान पर जिले की वित्तीय समावेशन स्थिति पर चर्चा की। इसी क्रम में अम्बेडकर सभागार विकास भवन में जिला प्रसाशन, एलडीएम तथा बैंकरों के साथ भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों पर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिले के प्रदर्शन की समीक्षा बैठकें भी आयोजित की गयी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, एस.एल.बी.सी. उत्तर प्रदेश प्रतिनिधि उमेश श्रीवास्तव, एल.डी.एम. आर. के. सिन्हा, डीडीएम नाबार्ड हिमांशु त्रिपाठी, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैक दीपेंद्र यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक बडौदा यूपी बैंक बृजेंद्र नागराजन, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, बैंकिंग कॉरस्पॉण्डेण्ट्स एवं बैंकिंग सेवाओं से जुड़े हुए अधिकारी शामिल हुए।

समीक्षा बैठक में वित्तीय समावेशन के महत्त्व पर विचार विमर्श हुआ तथा यह जोर दिया गया कि इसके दायरे में अधिकाधिक गरीबों, महिलाओं, किसानों तथा छोटे उद्यमियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित किये जाएँ। वित्तीय समावेशन के विषय जिले की प्रगति की सराहना करते हुए रमेश यादव ने कहा कि वित्तीय समावेशन की प्रगति निरंतर बनाये रखने के लिए वित्तीय साक्षरता तो आवश्यक है ही, किन्तु शिकायतों का उचित निवारण और ग्राहकों के हितों की रक्षा करना सर्वोपरि है। उन्होंने जिला प्रसाशन एवं बैंक प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि विभिन्न संचार माध्यमों से भारत सरकार तथा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पंहुचाना सुनिश्चित किया जाये जिससे कि लोग स्वयं तथा अपने परिवार को सशक्त बनायें। जैसे कि प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के माध्यम से एक वर्ष में मात्र 20 रुपये द्वारा आप अपने परिवार को 2 लाख रुपये का सुरक्षा कवच दे सकते है। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को वित्तीय समावेशन के आधारभूत तत्त्वों पर ध्यान केन्द्रित करके नियामक ढांचे के अनुपालन और जन भागीदारी के जरिए समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने हेतु तहसील स्तर पर ÷मेगा कैंप÷ आयोजन करने के आदेश दिए साथ ही डिजिटल, साइबर सिक्यूरिटी, धोखाधड़ी से बचने के उपाय आदि पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने हेतु आग्रह किये।

# स्रोत पर आयकर की कटौती व संग्रहण हेतु आयोजित सेमिनार



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयकर अधिकारी टीडीएस फैजाबाद द्वारा जनपद के आहरण एवं वितरण अधिकारियों के साथ स्रोत पर आयकर की कटौती व संग्रहण के विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।उक्त सेमिनार में आयकर की स्रोत पर कटौती व संग्रहण की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही कर कटौती के बाद उसका उचित समय में आयकर विभाग केंद्र सरकार के खाते में जमा करने व त्रैमासिक ई-फाइलिंग सही समय पर करने हेतु बताया गया। सेमिनार में आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा होने वाली त्रुटियां के बारे में भी अवगत कराया गया साथ ही आगे के लिए यह जागरूकता फैलाई गई जिसे या त्रुटियां ना होने पाए और टीडीएस की मांग न प्रदर्शित हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी महोदय ने सभी को बताया कि आहरण एवं वितरण अधिकारी आयकर की प्रावधानों के अनुरूप अपनी जिम्मेवारियों का सुचारू रूप से निर्वहन करें। फैजाबाद से आई हुई आयकर अधिकारी टीडीएस श्रीमती ममता केसवानी ने सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को आयकर की कटौती में होने वाली त्रुटियां से बचने व पुरानी बकाया मांग को खत्म करने के लिए सुधार हेतु कार्यवाही करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में उपस्थित आयकर अधिकारी अंबेडकर नगर श्री चंद्र प्रकाश ने आयकर के महत्व व उसमें टीडीएस की भूमिका से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई।

# अस्सी लाख इक्यासी हजार रुपये की लागत से बनेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा क्षेत्र



शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत महादेवा नानकार में अस्सी लाख इक्यासी हजार रुपये की लागत से सामुदायिक केंद्र बनाए जाने की स्वीकृति शासन द्वारा दी गई है। समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा को पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के महादेवा नानकार में सामुदायिक केंद्र के निर्माण से क्षेत्र के लोग उसका उपयोग कर सकेंगे। राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि सामुदायिक केंद्र के निर्माण के समय विधायक विनय वर्मा समय-समय पर निरीक्षण करते रहें ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनी रहे और राजकीय धन का अधिकतम सही उपयोग सुनिश्चित हो सके। निर्माण कार्य में अधोमानक सामग्री के उपयोग व कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए।

# बैदौला चौराहे पर योगा पृथ्वी मुद्रा के फाउंडेशन का कार्य शुरू : ईओ



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री जी के प्रेरणा से नगर पंचायत डुमरियागंज के बैदौला चौराहे पर योगा पृथ्वी मुद्रा की स्टेच्यू लगाए जाने के कार्य का अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने बताया कि विगत दिनों चौराहे के दोनों तरफ रोड एवं नाले के बीच में लगभग दो फिट सी.सी. पटरी का निर्माण कराया गया था, जिससे सड़क की चौड़ाई और बढ़ गयी तथा इससे आवागमन वाहनों को मुड़ने में काफी आसानी होगी। अब बैदौला चौराहे पर गोल्डेन कलर में योगा पृथ्वी मुद्रा की स्टेच्यू लगाने हेतु फाउंडेशन का कार्य शुरू करा दिया है। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा संबंधित ठेकेदार को कार्य मानक और गुणवत्ता पूर्वक कराने के लिए कड़े निर्देश दिए गए।

# पटखौली में चौपाल के माध्यम से ग्रामीणो की सुनी गयी समस्या



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन बाजार अन्तर्गत ग्राम पंचायत पटखौली एवं धरनिहवा में ग्राम प्रधान कमलेश चौरसिया की अध्यक्षता मे शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया गया ताकि गांव की समस्या गांव में समाधान हो सके। सचिव मनोज कुमार की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार ने मौजूद लोगों को सरकार की योजनाओं एवं मिलने वाले लाभ के बारे में सचिव ने विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान किसान सम्मान निधि, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन शौचालय के बारे बताया गया। प्रिया सिंह ने ग्रामीणों को बैंक से सम्बन्धित जानकारी दी। आनलाइन फ्राड से कैसे बचें और यदि फ्राड हो जायए तो तत्काल इसकी शिकायत कहां दर्ज करें। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन धन खाता, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान ग्राम प्रधान तीरथ प्रसाद, अजय कुमार, संध्या चौरसिया, रोजगार सेवक कृपा शंकर चौरसिया, आशा देवी,माधूरी, किसमाती देवी, राजेन्द्र यादव, मुन्ना प्रसाद, इंसाफ अली, शोहभत अली, साबित्री देवी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जन्म जयंती समारोह

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह के आदेशानुसार माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जन्म जयंत्री समारोह के आयोजन के अवसर पर कार्यक्रम विकास खंड खुनियांव अंतर्गत चांद गर्ल्स इंटर कॉलेज चांद गंज तेउवा ग्रांट सिद्धार्थ नगर में तनवीर अहमद खान के अध्यक्षता में 13 दिसंबर 2024 को संपन्न हुई। इस अवसर पर तनवीर खान ने भारतीय समाज में महिलाओं के महत्व और राष्ट निर्माण में महिलाओं की भूमिका से संबंधित जानकारी दिया। महिला कल्याण विभाग के तरफ से विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था।उनका पूरा जीवन और कार्य पूरी प्रजा को सुखी रखने के लिए थे। प्रजा को सुखी रखने के लिए वे अपने आप को प्रजा के प्रति उत्तरदायी मानती थी। उन्होंने हर काम ईश्वर से प्रेरित होकर किया। वे नारी शक्ति तथा सादगी की प्रतिमूर्ति, तपस्वी महिला थी साथ ही महिला कल्याण विभाग से संबंधित सभी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना, वाल विवाह योजना, बाल श्रम, की रोकथाम, वन स्टॉप सेंटर, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, तथा चाइल्ड लाइन 1098, एवं महिला हेल्प लाइन नम्बर 181 घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी दिए, श्रीमती रोमा पाण्डेय ने बताया कि भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है साथ ही बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य तनवीर खान, पंकज मिश्रा उप प्रधानाचार्य, वेद प्रकाश शुक्ला, विजय कुमार, फैजान अहमद, महेश यादव, राम किशोर राजेश शर्मा, अखिलेश कुमार चौरसिया, पूनम, श्रीकांत, शिवपूजन तिवारी, साध्वी तिवारी,आलोक प्रताप सिंह, रामरतन चौधरी, विजय शंकर चौधरी, बाल मुकुंद मिश्रा एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया कार्यालय, नगर पंचायत कपिलवस्तु का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 ने शुक्रवार को कार्यालय, नगर पंचायत कपिलवस्तु का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर0 द्वारा 15वां वित्त रजिस्टर, राज्य वित्त, जल निकासी, वाहन रजिस्टर, लाग बुक, स्ट्रीट लाइट रजिस्टर आदि को देखा गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कपिलवस्तु को निर्देश दिया कि जो कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण हो गये हैं, उनका सत्यापन कराकर 50 प्रतिशत भुगतान करें तथा समस्त कार्य पूर्ण होने पर 50 प्रतिशत का भुगतान किया जाये। वाहन के लागबुक को अधिशासी अधिकारी द्वारा सीन किया जाये। जिलाधिकारी ने शेष बचे हुये कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

# नेपाली सेना में मुस्लिम समुदाय और उलेमा की भागीदारी से परहेज अन्यायपूर्ण कदमः मशहूद खां

अवधनामा संवाददाता



**कृष्णानगर, नेपाल।** नेपाल में सेना ने विभिन्न तकनीकी और सेवात्मक क्षेत्रों में 30/01 पदों के लिए भर्ती की घोषणा की है, जिनमें नर्स, मैकेनिक, पुजारी, वेटरनरी और वीडियो एडिटिंग जैसे विभाग शामिल हैं। इस भर्ती प्रक्रिया में मुस्लिम समुदाय और उलेमा को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। न तो मुस्लिम उलेमा को शामिल किया गया और न ही किसी अन्य क्षेत्र में मुस्लिम व्यक्तियों की भागीदारी का कोई उल्लेख किया गया है। इसके विपरीत, हिंदू धार्मिक व्यक्तित्व जैसे पुजारियों को इस सूची में शामिल किया गया है, जिससे एक धर्म को प्राथमिकता दी जा रही है।

राष्ट्रीय मदरसा संघ के महासचिव मशहूद खां ने इस कदम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह निर्णय नेपाल जैसे धर्मनिरपेक्ष देश के संवैधानिक और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के खिलाफ है। धार्मिक संतुलन और समान अवसर प्रदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। मुस्लिम समुदाय और उलेमा को नजरअंदाज करना राष्ट्रीय एकता और सामंजस्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। हम मांग करते हैं कि इस भर्ती प्रक्रिया की तुरंत समीक्षा की जाए और सभी धर्मों के लोगों को समान अवसर प्रदान किए जाएं।

राष्ट्रीय मदरसा संघ के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल गनी अलकूफ़ी ने भी इस कदम पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि नीपाली सेना की भर्ती प्रक्रिया में मुस्लिम समुदाय और उलेमा को नजरअंदाज करना न केवल भेदभाव का उदाहरण है बल्कि यह लोकतांत्रिक देश के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ विश्वासघात के समान है। हम सरकार से मांग करते हैं कि वह इस प्रक्रिया को तुरंत पारदर्शी और सभी के लिए समान बनाए। मुस्लिम समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना नेपाल की सामूहिक प्रगति के लिए आवश्यक है। मुस्लिम समुदाय के नेताओं ने सरकार से अपील की है कि वह इस अन्याय को समाप्त करे और समानता व न्याय पर आधारित व्यवस्था लागू करे।

जन स्तर और कानूनी स्तर पर विरोध की उम्मीद की जा रही है ताकि राष्ट्रीय सामंजस्य बनाए रखा जा सके। वहीं मुस्लिम आयोग के ज़िम्मेदारों से निवेदन किया गया है कि वे अपनी ज़िम्मेदारियों को ईमानदारी और गंभीरता से निभाएं, और यह सुनिश्चित करें कि मुस्लिम समुदाय और उलेमा को उनके अधिकारों से वंचित न किया जाए।

# कपिलवस्तु /सिद्धार्थनगर महोत्सव में प्रस्तुति के इच्छुक स्थानीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिले में विगत वर्षों की भाँति कपिलवस्तु महोत्सव/ सिद्धार्थनगर महोत्सव का आयोजन आगामी 29 जनवरी से 2 फरवरी के बीच प्रस्तावित है, जिसमे अन्य विविध कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति भी होनी है। जिसके अन्तर्गत गायन, वादन, नाट्य का मंचन एवं मुशायरे इत्यादि की विधाएं शामिल है। उक्त महोत्सव में एक सीमित कार्यक्रम में सीमित स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति किया जाना है। जिसके लिए जनपद के ऐसे समस्त इच्छुक स्थानीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित हैं, ( जिसमें नाम, पिता का नाम, स्थाई पता, मोबाइल नं0 यथासम्भव व्हाटसएप नं0 एवं पासपोर्ट साइज फोटो एवं सम्बन्धित विधा में अनुभव / उपलब्धियों की संक्षिप्त टिप्पणी ) जनपद के निवासी हों।

उक्त विधाओं का प्रस्तुति का विषय-वस्तु गैर राजनैतिक मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द से प्रेरित हो। जिले के समस्त इच्छुक प्रतिभागी अपना आवेदन ए-4 साइज पेपर पर कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, विकास भवन के भूतल पर स्थित कक्ष संख्या-9 अथवा कार्यालय के ई-मेल आई0डी0 dm-wosn-up@nic.in एवं व्हाटसएप नं0 9839946700 पर 23 दिसम्बर को सायं 5 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। प्राप्त आवेदकों की संख्या को देखते हुये उनके चयन हेतु ऑडिशन 26 , 27 व 28 दिसम्बर को समय 10 बजे से 3 बजे तक विकास भवन परिसर में स्थित अम्बेडकर सभागार किया जाना है। उक्त आशय की जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

# नहरों में पानी की समस्या को लेकर मणेंद्र मिश्रा ने दिया ज्ञापन



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र की नहरों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने को लेकर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेंद्र मिश्रा मशाल ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ न्यायिक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रबी की फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी की अनुपलब्धता की समस्या के समाधान हेतु आग्रह किया गया है। मणेंद्र मिश्रा ने कहा कि शोहरतगढ़ क्षेत्र में रबी की फसल विशेषकर गेहूं में सिंचाई के लिए नहरों में पानी की बेहद आवश्यकता है। प्रति वर्ष दिसंबर के दूसरे सप्ताह के पूर्व तक नहरों में पानी आ जाता था। जिससे किसानों के फसलों में आसानी से सिंचाई की जा सकती थी। लेकिन इस बार अभी तक नहर में पानी नही आया जिससे गेहूं की फसल का नुकसान हो रहा है। सिंचाई विभाग की उदासीनता से अन्नदाता त्रस्त है। पहले बीज और खाद की किल्लत और अब नहरों में पानी नहीं ऐसे में शासन/प्रशासन की लापरवाही से किसानों का जीवन संकटग्रस्त हो गया है। इस दौरान मणेंद्र मिश्रा, हरिराम यादव, राकेश दूबे, अजय चौरसिया, मनोज मिश्रा, संदीप साहनी, पिंटू गौड़, सुरेश साहनी, अली अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क पर गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रालियो से लग रही लम्बी कतारे

**अम्बेडकरनगर।** मिझौड़ा चीनी मिल के आसपास गन्ना लदी ट्रालियों की लंबी कतारों के चलते सुबह से शाम तक जाम के हालात बने हुए हैं। मिझौड़ा से भीटी रोड, अकबरपुर रोड, गोशाईगंज मार्ग पर गन्ना वाहनों की लम्बी लम्बी कतारें लगी हैं। इस वजह से बाइक व चारपहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो रहा है। सूचना के बाद भी पुलिस गन्ना वाहनों को रास्ते से किनारे नहीं करा सकी। मिझौड़ा चीनी मिल ने क्षमता से अधिक गन्ना पर्चियां जारी कर दी हैं। इस वजह से मिल को गन्ना पहुंचाने के लिए बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियां आ रही हैं। किसानों को उम्मीद थी कि शीघ्र गन्ने की तौल हो जाएगी। इस वजह से रात भर वे वाहनों के साथ हाई वे पर रहे। इस वजह से जाम के हालात बन गए हैं। मिझौड़ा चीनी मिल के पास अपना गन्ना यार्ड होने के बाद भी गन्ना भरे वाहन राजमार्ग पर खड़े रहे। इस वजह से सड़क पर गुजरने वाले वाहन जाम में घंटों फंसे रहते हैं। मिझौड़ा भीटी मार्ग पर स्थित बलरामपुर चीनी मिल को आपूर्ति करने आ रहे गन्ना भरे ट्रक, ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर खड़े होने की वजह से सुबह भी वाहनों की कतार लगी रही।

# बेजा रसमें मिटाओ राहत पाओ मुहिम का 15 दिसम्बर को मोहम्मद एबाद करेंगे शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** सामाजिक रीतियों और अनावश्यक परंपराओं को समाप्त कर एक नए, शिक्षित, और प्रगतिशील समाज के निर्माण की दिशा में बेजा रस्में मिटाओं, राहत पाओ शीर्षक से एक महत्वपूर्ण पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समाज में शिक्षा, व्यापार, और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक संगठित प्रयास है। हमारे समाज में कई ऐसी परंपराएं और रस्में प्रचलित हैं जो न केवल संसाधनों की बर्बादी करती हैं, बल्कि समाज के एक बड़े वर्ग के लिए आर्थिक और मानसिक बोझ भी बन जाती हैं। शादी, जन्म और मृत्यु जैसे अवसरों पर दिखावे और अनावश्यक खर्च के नाम पर कई परिवार कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं।

मोहम्मद एबाद द्वारा आयोजित यह पद यात्रा समाज को इन कुरीतियों से राहत दिलाने और एक सकारात्मक परिवर्तन की ओर प्रेरित करने का प्रयास है। यह आयोजन विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं के लिए जागरूकता का संदेश लेकर आएगा। शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति की रीढ़ होती है। इस पद यात्रा के माध्यम से लोगों को यह समझाया जाएगा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत विकास का ही नहीं, बल्कि पूरे समुदाय की उन्नति का आधार है।

शिक्षित समाज ही अनावश्यक परंपराओं और कुरीतियों के खिलाफ खड़ा हो सकता है। व्यापार और स्वावलंबन को बढ़ावा देना इस कार्यक्रम का एक और प्रमुख उद्देश्य है। यदि लोग आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, तो वे अपनी और अपने परिवार की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। अनावश्यक खर्चों से बचने और बचत करने का संदेश भी इस पहल का हिस्सा है। समाज में समानता, एकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य है। जागरूक समाज ही अपने विकास और प्रगति के लिए नई राहें खोल सकता है।

# ठंड से बचने के लिए अकबरपुर पालिका द्वारा जलवाया गया अलाव

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** सर्दी की ठिठुरन बढ़ने के साथ ही नगर पालिका परिषद अकबरपुर ने भी राहगीरों के लिए ठंड से बचाव के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत नगर में कई जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जरुरतमंदों के लिए एक अस्थायी रैन बसेरा भी रात गुजारने के लिए बनाया गया है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने ठंड से बचाव के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए पालिका प्रशासन को अपनी जिम्मेदारी अच्छे ढंग से निभाने की बात भी कही है। हाड़ कंपाने वाली सर्दी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन भी सक्रिय हो गया है।

कोहरे के बाद लगातार चल रही पछुआ हवा ने ठंड बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसे देखते हुए अकबरपुर नगरपालिका परिषद ने आने वाले दिनों में अलाव जलाने के लिए लकड़ी खरीदने की निविदा की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। साथ ही अस्थायी रैन बसेरा बनाने की तैयारी भी तेज कर दी गई है। ठंड का आगाज होते ही नगरपालिका अकबरपुर ने 49 प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाने का निर्णय लिया है। स्थानीय नागरिकों व यात्रियों को ठंड से बचाने के लिए बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, पुरानी तहसील, फव्वारा तिराहा, पहितीपुर तिराहा, पटेल नगर सहित सभी प्रमुख स्थानों का चयन किया गया है। तय हुआ है कि एलआईसी गली में बने 100 बेड के स्थायी रैन बसेरे के साथ ही बस स्टेशन पर अस्थायी रैन बसेरे की स्थापना होगी। इससे दूर दराज से आने वाले यात्री रात्रि में यहां रुक सकेंगे।नगर पालिका ई ओ बीना सिंह ने बताया कि अलाव जलाने के लिए लकड़ी खरीद की निविदा की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। साथ ही रैन बसेरे को लेकर भी तैयारी पूरी हो चुकी है। जल्द ही पहले प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी। अलाव के स्थानों की संख्या में बढ़ोतरी कर दी जाएगी।

# जलालपुर बार एसोसिएशन ने बुलायी आपातकालीन बैठक

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर तहसील बार एसोशिएशन की आपातकालीन बैठक बुलाई गई जिसमें एक अधिवक्ता द्वारा एसडीएम कार्यालय में अपशब्दों का प्रयोग करने पर विचार विमर्श किया गया जिसमें अधिवक्ता की तीन माह तक की सदस्यता निलंबित कर दी गई तथा 5000 अर्थ दंड लगाया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता अशोक कुमार तिवारी द्वारा एसडीएम पेशकार सहित अन्य कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करने के मामले में आपातकालीन बैठक अधिवक्ता सभागार में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मत से यह पारित किया गया कि अधिवक्ता अशोक कुमार तिवारी की सदस्यता तीन माह के लिए निलंबित कर दी जाए और 5000 अर्थ दंड लगाया जाए। एक सप्ताह के अर्थ दंड न जमा करने की स्थिति में उक्त अधिवक्ता की सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी।

# पीएम के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** तमसाश्रेष्ठ ट्रस्ट के अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में पीएम के नाम संबोधित एसडीएम पवन जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष केशव श्रीवास्तव ने बताया कि बांग्लादेश में लंबे समय से हिंदुओं पर अत्याचार कर सनातन समाज के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है स्थिति यह है कि मंदिरों में पूजा के दौरान हमले हो रहे हैं। पीड़ित न्याय के लिए भटक रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। बांग्लादेश में मानवाधिकारों का हनन हो रहा है उनके रोजगार, जमीन और अन्य अधिकारों से उन्हें वंचित किया जा रहा है ऐसे में पीएम से बांग्लादेश में हिंदुओं की धार्मिक सुरक्षा और हिन्दुओ की रोटी, बेटी, चोटी की सुरक्षा की मांग की।

## पुरुष उत्पीड़न का सच

यह कैसा दौर है? कैसे रिश्ते हैं? वैवाहिक संबंध बेचे जा रहे हैं? पुरुष उत्पीडऩ का नया तबका बन गया है। पुरुष एटीएम बनता जा रहा है। स्त्री-पुरुष अब सामाजिक, मानसिक पूरक नहीं, बल्कि संबंधों के बाजार की दो वस्तुएं हैं। लैंगिक विभेद की व्याख्याएं अधूरी और आग्रही हैं। यह कैसा समाज बन गया है, जहां सिर्फ स्त्री और पुरुष हैं, कोई सामाजिक रिश्ता नहीं है। रिश्ते दरक रहे हैं, तो परिवार टूट रहे हैं और आपसी सम्मान भी विलुप्त हो रहे हैं। हमने ऐसा पश्चिमी देशों के संदर्भ में सुना था, लेकिन अब भारतीय संस्कृति में भी संबंधों और मूल्यों को खरोंचा जा रहा है। हम कोई प्रवचन देने की मुद्रा में नहीं हैं और न ही स्त्री-द्वेष वर्ग के चेहरे हैं। हम नारीवाद, महिला सशक्तिकरण के विरोधी भी नहीं हैं। घरेलू हिंसा, झूठे आरोप और उत्पीडऩ, आर्थिक लूट के शिकार पुरुष भी हो रहे हैं। उनके लिए विशेष कानून क्यों नहीं हैं? बलात्कार, यौन उत्पीडऩ, घरेलू हिंसा, दहेज की मांग के झूठे केस भी दर्ज होते रहे हैं। अदालतों के जरिए ऐसे मामले भी सुर्खियां बनते रहे हैं। स्त्री को निर्णायक तौर पर दंडित करने वाले कानून क्यों नहीं हैं। समाज में पुरुष भी उतनी महत्वपूर्ण और अनिवार्य ईकाई है, जितनी महिला है। ये सवाल, ये मुद्दे इसलिए उठे हैं, क्योंकि एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में डीजीएम के पद पर कार्यरत, एआई इंजीनियर, 34 वर्षीय अतुल ने वैवाहिक उत्पीडऩ से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले उस नौजवान ने जो वीडियो सार्वजनिक किया और 24 पन्नों का आत्महत्या नोट लिखा, वे थर्राने वाले दस्तावेज हैं।

उस युवक ने अदालती व्यवस्था को भी बेनकाब किया, क्योंकि महिला जज ने 5 लाख रुपए की घूस मांगी थी। जज ने हंसते हुए व्यंग्य किया था, 'नहीं तो जिंदगी भर तुम और तुम्हारा परिवार अदालत के धक्के खाते रहना। नौबत आत्महत्या की भी आ सकती है, लिहाजा 5 लाख में मैं तुम्हारा केस सेटल कर सकती हूं।' युवा इंजीनियर अदालत की व्यवस्था से भी उत्पीड़ित था। केस की 58 तारीखें लग चुकी थीं। वह बंगलूरु से जौनपुर, यूपी में हर तारीख पर नहीं आ सकता था। उसे पत्नी की 3 करोड़ रुपए के गुजारा भत्ता की मांग भी सवालिया लगी। अंतत- आत्महत्या का फैसला लिया, ताकि पैसा देने वाली ईकाई ही समाप्त हो जाए। आत्महत्या नोट में इंजीनियर ने लिखा- 'यदि मुझे इंसाफ न मिले, तो मेरी अस्थियां अदालत के पास वाले गटर में बहा दी जाएं।' कितना मार्मिक और पराजित कथन है यह! दरअसल हम किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच रहे हैं। आत्महत्या नोट 'सत्य की पराकाष्ठा' माना जाता है। मरने से पहले नौजवान इंजीनियर ने जो कुछ लिखा है, हम उसके आधार पर ही विश्लेषण कर रहे हैं और कुछ सवाल उठाए हैं। अदालत का फैसला आना है। हमारे कानून नारीवादी हैं। यदि स्त्री हिंसा या उत्पीडऩ अथवा शोषण की शिकायत दर्ज कराती है, तो पुरुष पक्ष के कई लोगों को जेल में भेजा जा सकता है। बाद में वह शिकायत फर्जी भी साबित हो सकती है। ऐसे कानून में संशोधन किया जाना चाहिए। बेशक हमारा समाज पितृसत्तात्मक है। सभ्यता की बुनियाद यही है। औसत वैश्विक संस्थान पुरुष निर्मित है। अधिकतर भगवान पुरुष हैं, जिनकी पूजा महिलाएं करती हैं। यह दुनिया ही पुरुष की है, लेकिन अब यथार्थ बदल भी रहे हैं। औरत हर क्षेत्र में बढ़ रही है। फिर ऐसे कानून क्यों हैं कि जिनका दुरुपयोग किया जा रहा है।

## एशिया, यूरोप और नाटो के शक्ति संतुलन में भारत की भूमिका



संजीव ठाकुर

रूस में यूक्रेन पर आक्रमण कर के अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के नाक में दम कर के रखा है। रूस का कहना है कि यदि यूक्रेन में नाटो देश अपनी सेना का लश्कर उतारेगा तो नाटो देश को भुगतना पड़ेगा। इसी श्रृंखला मैं इसराइल ने फिलीस्तीन लेबनान और ईरान पर अपना रोड रूप दिखाना शुरू कर दिया है इजराइल में हम आपका फिलिस्तीन को को लगभग नेस्तनाबूत कर दिया है, इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ़ जस्टिस नेम इजरायल के राष्ट्र प्रमुख नेताओं के खिलाफ सामूहिक हत्याकांड का प्रकरण दर्ज किया है पर इजरायल को इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा तो दुगनी ताकत से हमास फिलिस्तीन लेबनान और ईरान पर लगातार हमला कर रहा है लाखों नागरिक और सैनिकों की मौत भी हो गई है। चीन ने प्रशांत क्षेत्र में अपने कई युद्धपोत उतारकर नाटो देशों में खलबली मचा रखी है। अमेरिका की चीन से खाटी दुश्मनी जगजाहिर है अब चीन की ज्यादती ऊपर अंकुश लगाने के लिए अमेरिका तथा नाटो देश बहुत गहरी चिंता में पड़ गए हैंद्य

यह भी तय है एशिया में चीन की टक्कर में अब भारत एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है और भारत की सामरिक शक्ति का सहयोग लेने के लिए नाटो देश और अमेरिका भारत को हर तरह से घेरने की तैयारी में है। अब डोनाल्ड ट्रंप के राष्टपति बनने के साथ ही अमेरिका और भारत के नए समीकरण बनने के कगार पर हैं भारत एशिया की चीन के बाद दूसरी महाशक्ति बन चुका है और अमेरिका तथा नाटो देश ने भारत के साथ एशिया में शक्ति संतुलन बनाने की पूरी योजना तैयार कर ली है और इसी कार्यक्रम में भारत को नाटो प्लस में शामिल होने का प्रस्ताव भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नाटो में कुल 31 देश शामिल है और नाटो प्लस इसके एक एक्सटेंशन की तरह ही है आपको बता दें की नाटो प्लस में शामिल पांच देश वर्तमान में है जिनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इजराइल, जापान ,दक्षिण कोरिया शामिल है और यह देश अपने-अपने हितों के कारण नाटो प्लस तथा अमेरिका से जुड़े हुए हैं। जाहिर है कि इसमें एक भी अटलांटिक देश शामिल नहीं है। नाटो प्लस में सम्मिलित देशों को सामूहिक सुरक्षा के दायरे में रखा गया है सुरक्षा कवच के तहत यह सामूहिक अवधारणा है कि इन देशों पर यदि कोई दूसरा देश आक्रमण करता है तो यह माना जाएगा की वह इन सदस्य देशों पर हमला कर रहा है और उसकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी नाटो देशों की होगी पर नाटो प्लस के देशों को सुरक्षा कवच के दायरे से बाहर रखा गया है। इन देशों को सामरिक सूचनाएं और सामरिक सहयोग प्रदान नाटो देश करता रहेगा द्यदूसरी तरफ नाटो देश और अमेरिका हमेशा युद्ध के समय सदस्य देशों को यूक्रेन की तरह धोखा देने में माहिर होने के लिए जगजाहिर हो चुके हैं ऐसे में भारत को नाटो प्लस में शामिल होने के लिए कई बार विचार करना पड़ेगाद्य वैसे नाटो प्लस में शामिल होने के लिए अभी केवल अमेरिकी सांसदों का प्रस्ताव ही पारित हुआ है और अमेरिकी सरकार का पक्का प्रस्ताव भारत को नहीं मिला हैद्य पिछले 5 वर्षों से भारत नई शक्ति के रूप में तेजी से शक्तिशाली हुआ है और अमेरिका तथा यूरोपीय देश भारत को एशिया की चीन के बाद दूसरी बड़ी शक्ति मान कर उसे अपनी तरफ शामिल करने के लिए काफी हद तक इच्छुक हैंद्य भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई हैद्य प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा में भविष्य में नाटो प्लस पर भी चर्चा हो सकती है। भारत के संबंध अमेरिका से पिछले एक दशक से थोड़े मधुर हुए हैं पर अमेरिका का जैसा भारत के साथ इतिहास रहा है उस पर आंख मूंदकर विश्वास किया जाना बहुत मुश्किल ही समझा जाएगाद्य अमेरिका पर ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि वह अपने मित्र राष्ट्रों पर एन वक्त में धोखा देने में माहिर है जिसके ताजा उदाहरण अफगानिस्तान और यूक्रेन की तरह देखा जा सकता है। अफगानिस्तान अमेरिका के धोखे के कारण तालिबानी आतंकवादियों के हाथ में चला गया और यूक्रेन पूरी तबाही के कगार पर बैठा है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


**भारत में भाषाई जनसांख्यिकी समृद्ध और विविध है, जिसमें से अस्सी प्रतिशत आबादी खुद को गैर-अंग्रेजी, मूल भाषा बोलने वालों के रूप में पहचानती है। गहन शिक्षा के मूल में मातृभाषा है। हमारी भाषाएं केवल संचार के उपकरण नहीं हैं - वे इतिहास, परंपराओं और लोककथाओं के भंडार हैं, जो पीढ़ियों के सामूहिक ज्ञान को संरक्षित करती हैं और एक अद्वितीय विश्वदृष्टि प्रदान करती हैं। रचनात्मकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता से भरपूर बच्चे तब फलते-फूलते हैं जब उनकी शिक्षा उनकी मूल भाषा में शुरू होती है।**

## मातृभाषा : भारतीयता की विशिष्ट पहचान को पुनर्जीवित करना



धर्मेन्द्र प्रधान

भारतीय भाषा उत्सव, हमारी विविध भाषाई विरासत को मनाने और 11 दिसम्बर को श्रद्धेय महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर 4 से 11 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। एक सप्ताह का उत्सव वर्तमान में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में चल रहा है। 'भाषाओं के माध्यम से एकता' इस वर्ष के समारोह का मुख्य विषय है, जो भारत की सभ्यता की विशिष्ट पहचान है। अभी कुछ महीने पहले, 3 अक्टूबर, 2024 को, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पाँच भाषाओं - मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला को शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा देकर एक तरह का इतिहास रच दिया, इस प्रकार तमिल, संस्कृत, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और ओडिया जैसी पहले से मान्यता प्राप्त छह अन्य शास्त्रीय भाषाओं के दायरे का विस्तार किया। भारत की उत्कृष्ट भाषाई विरासत की गहन स्वीकृति के रूप में, यह घोषणा उन सभी लोगों के लिए अत्यंत गौरव की बात है जिनकी ये भाषाएं मातृभाषा है।

भारत की विविध भाषाएँ भारतीयता की अभिव्यक्ति हैं और ये हमारी भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार, सभी भारतीय भाषाएँ राष्ट्रीय भाषाएँ हैं और वे भारतीयता की आत्मा हैं और इसलिए सम्मान की पात्र हैं। भाषाई विविधता राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को साकार करने में मदद करती है। इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति को भाषाई गौरव को सम्मान की निशानी के रूप में धारण करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर भी इसका उदाहरण दिया जब उन्होंने जोर देकर कहा, मैं संयुक्त राष्ट्र में भी गर्व के साथ भारत की भाषाएँ बोलता हूँ। अगर श्रोताओं को तालियाँ बजाने में थोड़ा समय लगे, तो लगे। यह कथन भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है और भाषाई गौरव के मूल्य को उजागर करता है।

भारत एक ऐसी भूमि है जहाँ न केवल अनेक भाषाएँ हैं, बल्कि एक दूसरे का सम्मान भी करती हैं। यह एक से अधिक भाषा के उत्कृष्ट इस्तेमाल का सटीक उदाहरण है। हमारी भाषाई विविधता एक समृद्ध, जटिल ताने-बाने का निर्माण करती है, जो हमारी राष्ट्रीय पहचान को एक साथ बुनती है और साथ ही देश की एकता को विविधता के बीच पोषित करती है। औपनिवेशिक शासन के दौरान इस सांस्कृतिक शक्ति को भारी नुकसान उठाना पड़ा। 2 फरवरी 1835 को, थॉमस बैबिंगटन मैकाले ने भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसे मैकालेज मिनट ऑन इंडियन एजुकेशन के रूप में जाना जाता है, जिसमें देशी भाषाओं पर अंग्रेजी को प्राथमिकता दी गई थी, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश हितों के प्रति वफादार भारतीयों का एक वर्ग




बनाना था, जो पीढ़ियों को उनकी सांस्कृतिक और भाषाई जड़ों से अलग कर रहा था। तब से, उपनिवेशवाद का दीर्घकालिक प्रभाव काफी लंबे समय तक रहा, जिसने हमारे सांस्कृतिक और भाषाई गौरव को गंभीर चोट पहुंचाई है।

भारत में भाषाई जनसांख्यिकी समृद्ध और विविध है, जिसमें से अस्सी प्रतिशत आबादी खुद को गैर-अंग्रेजी, मूल भाषा बोलने वालों के रूप में पहचानती है। गहन शिक्षा के मूल में मातृभाषा है। हमारी भाषाएं केवल संचार के उपकरण नहीं हैं - वे इतिहास, परंपराओं और लोककथाओं के भंडार हैं, जो पीढ़ियों के सामूहिक ज्ञान को संरक्षित करती हैं और एक अद्वितीय विश्वदृष्टि प्रदान करती हैं। रचनात्मकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता से भरपूर बच्चे तब फलते-फूलते हैं जब उनकी शिक्षा उनकी मूल भाषा में शुरू होती है। अपनी मातृभाषा में एक प्राइमर घर से कक्षा तक एक निर्बाध पुल का निर्माण करता है, उन्हें मातृ भाषा से अन्य भाषा तक का मार्गदर्शन - बोलने से लेखन, शब्दावली से शब्दार्थ और भाषा से विषय की समझ में परिवर्तन करता है। जैसा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने मार्मिक रूप से कहा था, एक बच्चा पाठ्यपुस्तकों से नहीं, बल्कि अपनी माँ से बोलना सीखता है। मातृभाषा में शिक्षा बुनियादी समझ से लेकर जटिल विचार तक स्वाभाविक प्रगति को बढ़ावा देती है। भारत की भाषाई विविधता बौद्धिक और सांस्कृतिक संपदा का खजाना है। कश्मीर की बर्फ से ढकी चोटियों से लेकर कन्याकुमारी के धूप से सराबोर तटों तक और कच्छ के बंजर विस्तार से लेकर कोहिमा की हरी-भरी पहाड़ियों तक, हमारी भाषाएँ हमारे लोगों को अंदर से जोड़ती हैं। बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाना न केवल उनकी विरासत से जुड़ाव को बनाए रखता है बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार भी करता है। मातृभाषा में एक मजबूत नींव रखकर, हम बच्चों को अधिक आसानी और समझ के साथ अन्य भाषाओं और विषयों में महारत हासिल करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने इस दृष्टिकोण को पूरी तरह अपनाया है। अपनी भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने की कोशिश करते हुए, एनईपी ने मातृभाषा को प्रारंभिक शिक्षा के केन्द्र में रखा है, यह स्वीकार करते हुए कि भाषा केवल सीखने का एक साधन नहीं है, बल्कि पहचान को आकार देने, आत्मविश्वास का निर्माण करने और संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देने का एक मुख्य घटक है। एनईपी 2020 बेहतर शिक्षण परिणामों के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण और अध्ययन सामग्री तक समान पहुंच को आवश्यक बनाता है। यह शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से देश की विविध भाषाई विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के संदर्भ में, संयोजन पर विशेष जोर देता है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के भाषा संगम कार्यक्रम और मशीन अनुवाद केन्द्र से लेकर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी पुस्तकों सहित पुस्तकों के अनुवाद ऐप आधारित अनुवाद से लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और भारतीय भाषा समिति द्वारा अस्मिता - अनुवाद और अकादमिक लेखन के माध्यम से भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री का संवर्धन - पहल तक, शिक्षा को समावेशी बनाने के लिए भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने के लिए अच्छी तरह से प्रयास किए गए हैं। इसके अलावा, 79 भारतीय भाषाओं में प्राइमर तैयार करने की सरकार की अभूतपूर्व पहल एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण, आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में शुरुआती वर्षों के दौरान बच्चों को उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। ये प्राइमर, अन्य शैक्षिक सामग्रियों के साथ, सिर्फ़ संसाधन से कहीं ज़्यादा हैं - ये रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और आजीवन सीखने के प्रवेश द्वार हैं। भाषा हमारे विचारों को आकार देती है, हमारी भावनाओं को व्यक्त करती है और हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ती है।

## डिब्बाबंद भोजन के खिलाफ जागरूक होने की जरूरत

**इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी का एक ताजा शोध बेहद चिंताजनक है कि डिब्बाबंद भोजन का बहुत अधिक सेवन करने से शरीर जल्द ही बूढ़ा होने लगता है। शोध के मुताबिक, इससे कोशिकाएं और ऊतक बहुत ज्यादा बूढ़े हो सकते हैं। बुढ़ापे की रफ्तार दरअसल डिब्बाबंद भोजन की मात्रा के सेवन पर निर्भर करती है। प्रसंस्कृत और जंक फूड का सेवन लोगों को जल्दी बूढ़ा करता है, इसकी पड़ताल करने के लिए शोधकर्ताओं ने शोध में कुल 22,495 प्रतिभागियों को शामिल किया।**



डॉ. ओपी त्रिपाठी

आज के दौर में हमारी जिंदगी इतनी व्यस्त हो गई है कि हमारे पास ठीक से खाने तक का समय नहीं होता। ऐसे में लोग घर के खाने से तो दूर हो ही चुके हैं और वो बाहर के खाने यानी डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने पर काफी निर्भर हो गए हैं। अगर हम यूं कहें कि ये डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाना तेजी से हमारी जिंदगी का हिस्सा बन रहा है। लेकिन शायद हम ये नहीं जानते कि इस खाने से हमारे शरीर को जरूरी पोषक तत्व तो मिल ही नहीं पाते। साथ ही इस खाने की वजह से हम कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो सकते हैं।

यह मौजूदा वक्त की विडंबना है कि आय बढ़ने के साथ लोगों ने घर में बने खाने की बजाय डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने को तरजीह देना शुरू कर दिया है। सूचना माध्यमों के जरिये तुरत-फुरत के खाने के विज्ञापनों का इतने आक्रामक ढंग से प्रचार किया जाता है कि बच्चे क्या, बड़े भी डिब्बाबंद खाने के मुरीद होने लगते हैं। यह जानते हुए कि यह उनकी सेहत पर भारी है। जब घर के बड़े-बुजुर्ग इससे बचाव की सलाह देते हैं तो वे इसे पुरातनपंथी सोच करार दे देते हैं। लेकिन डिब्बाबंद खाने की मुहिम चलाने वाले पश्चिमी देशों को भी अब अहसास हो चला है कि डिब्बाबंद खाने से समय से पहले बुढ़ापा दस्तक देने लगता है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति के वाहक इटली में हुए एक शोध ने विकसित देशों को भी नींद से जगाया है।

हाल ही में इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी का एक ताजा शोध बेहद चिंताजनक है कि डिब्बाबंद भोजन का बहुत अधिक सेवन करने से शरीर जल्द ही बूढ़ा होने लगता है। शोध के मुताबिक, इससे कोशिकाएं और ऊतक बहुत ज्यादा बूढ़े हो सकते हैं। बुढ़ापे की रफ्तार दरअसल डिब्बाबंद भोजन की मात्रा के सेवन पर निर्भर करती है। प्रसंस्कृत और जंक फूड का सेवन लोगों को जल्दी बूढ़ा करता है, इसकी पड़ताल करने के लिए शोधकर्ताओं ने शोध में कुल 22,495 प्रतिभागियों को शामिल किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों ने डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का भरपूर सेवन किया, उनमें जैविक उम्र ज्यादा देखी गयी। प्रसंस्कृत भोजन के मुक्त कण दूसरे स्वस्थ अणुओं के साथ आसानी से प्रतिक्रिया करते हैं और डीएनए आरएनए तथा प्रोटीन को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कोशिका की मृत्यु होती है और शरीर तेजी से बूढ़ा होता है। डिब्बाबंद भोजन शरीर में सूजन भी पैदा कर सकते हैं, जिससे गठिया, टाइप-2 डायबिटीज, मोटापा और दिल की बीमारी की आशंका बढ़ जाती है। प्रसंस्कृत अनाज, प्रिजर्वेटिव और सोडियम से भरपूर डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ सेहत को बिगाड़ते हैं। इनमें अत्यधिक चीनी, खतरनाक रसायन, कार्बोहाइड्रेट, वसा आदि होते हैं।

चूंकि डिब्बाबंद खाने को काफी वक्त तक ताजा रखने के लिए कई चीजें मिलाई जाती हैं, इसलिए हद से ज्यादा इसका इस्तेमाल किसी भी




व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. इसे ताजा रखने के लिए बहुत ज्यादा मात्रा में स्टार्च का भी इस्तेमाल किया जाता है। इससे शरीर में शुगर लेवल बढ़ने का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे खाने में तेल की मात्रा भी काफी ज्यादा होती है, जो शरीर के लिए काफी खतरनाक है।

दरअसल, इसमें विद्यमान ट्रांस फैट कालांतर शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा देता है। इससे बाद में कई तरह के रोग पैदा हो जाते हैं। विशेषकर दिल के रोगों के लिये यह घातक साबित हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में भारतीयों के खाने में डिब्बाबंद भोजन का हिस्सा बढ़ा है। एक भारतीय रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि नई पीढ़ी घरों में खाना बनाने के बजाय डिब्बाबंद खाने को तरजीह दे रही है। जो कालांतर गैर संक्रामक रोगों को ही बढ़ावा देता है। आजकल डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों के लोग इतने अभ्यस्त हो गए हैं कि इन्हें खाए बिना चैन ही नहीं पड़ता। वहीं, एक अध्ययन के अनुसार, ऐसे अल्ट्रा प्रोसेस्ड या अति प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन से हृदय रोग, आंत कैंसर और मौत का जोखिम बढ़ जाता है। यह अध्ययन द बीएमजे जर्नल में वर्ष 2022 में प्रकाशित हुआ है। अल्ट्राप्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में स्नैक्स, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थ, ड्रिंक्स, रेडी-टू-ईट उत्पाद शामिल होते हैं, जिनमें अक्सर अतिरिक्त चीनी, वसा या नमक होता है, लेकिन विटामिन और फाइबर की कमी होती है।

पहले अध्ययन में, ब्राजील के शोधकर्ताओं ने अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के सेवन और अमेरिकी वयस्कों में आंत कैंसर के जोखिम के बीच संबंध की जांच की। उनके निष्कर्ष 46,341 पुरुषों और 159,907 महिलाओं पर आधारित हैं। निष्कर्ष में पाया गया कि पुरुषों में आंत कैंसर विकसित होने का जोखिम 29 प्रतिशत अधिक था। महिलाओं में आंत कैंसर के जोखिम के बीच कोई संबंध नहीं देखा गया। दूसरे अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने 22,895 इतालवी वयस्कों (औसत आयु 55 वर्ष, 48 प्रतिशत पुरुष) को शामिल किया, जिन्होंने हृदय रोगों और कैंसर के लिए आनुवांशिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों की जांच की। निष्कर्ष में किसी भी कारण से मृत्यु का 19 प्रतिशत अधिक जोखिम पाया गया, जबकि हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम 32 प्रतिशत अधिक पाया गया। ये निष्कर्ष उन सुझावों का समर्थन करते हैं जो कम से कम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सेवन को बढ़ावा देते हैं। लोगों की जीवनशैली में डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों वाली चीजें बढ़ी हैं। खानपान में चिकनाई वाली चीजों का सेवन ज्यादा करने से पाचन तंत्र बिगड़ रहा है। लोग पाचन तंत्र की गड़बड़ी से परेशान हैं। खाने में रेशेदार चीजों को बढ़ाने की बेहद जरूरत है। इससे पाचन तंत्र सुधरेगा और आंतों से जुड़ी दूसरी बीमारियों से बचा जा सकेगा। जो भी खाया जाता है वह आहार नाल से पेट तक जाता है। आहार नाल मुख से शुरू होकर गुदा द्वार तक पहुंचता है। जो भी चीजें खाई जाती हैं वह लार के साथ यकृत और अग्न्याशय से होते हुए पेट तक पहुंचती हैं। शरीर के विभिन्न रासायनिक पदार्थ खाने के साथ क्रिया कर उससे रस निकालते हैं। यह रस शरीर को एनर्जी देता है। भोजन को मुख्य रूप से कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा और अल्प मात्रा में विटामिन एवं खनिज लवणों की जरूरत होती है। पाचन के दौरान शरीर सभी पोषक तत्वों को अवशोषित कर लेता है और गैर जरूरी तत्व मल-मूत्र के रास्ते बाहर निकल जाते हैं। जंक, फास्ट और डिब्बाबंद खाने के बजाय ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रीय खानपान पर ध्यान दें। आहार में अपने क्षेत्र विशेष के अनुसार मोटा अनाज, छाछ-राबड़ी, जौ का दलिया, पंचमेल की दाल, घी, मसाले आदि का प्रयोग करें। बच्चों के आहार में भी इनका प्रयोग अधिक करें। इनसे जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति होगी। विडंबना यह कि मां-बाप के मना करने के बावजूद नई पीढ़ी के किशोर व बच्चे डिब्बाबंद खाने और फास्ट फूड को अपना मुख्य भोजन बना रहे हैं। यही वजह है कि बड़ी उम्र में होने वाले लाइफस्टाइल के रोग अब बच्चों व किशोरों में भी होने लगे हैं।

## आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल रहें

**हम महत्वपूर्ण फैसलों के बड़ों के हाथों से छुटने की करें तो, उम्र के फ़र्क़ के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों और बच्चों के मूल्यों में अंतर आ जाता है, मिसाल के लिए अगर बड़े बुजुर्ग बहुत धार्मिक हैं और उन्होंने बच्चों को भी वहीं संस्कार दिए तो भी ज़रूरी नहीं कि बच्चे उन्हीं संस्कारों को मानें, बस!यहीं से टकराव की शुरूआत होती है। अलगाव की स्थिति पैदा हो जाती है, ये भी देखा गया है कि आमतौर से अलग होने वाले माता- पिता और बच्चों के बीच अलग होने की वजह को लेकर कोई संवाद नहीं होता, इसलिए पता ही नहीं चलता कि आख़रि वजह क्या है।**




किशन भावनानी

कुदरत द्वारा रचित अनमोल खूबसूरत सृष्टि में भारत आदि अनादि काल से संस्कृति सभ्यता बड़े बुजुर्गों को मान सम्मान संयुक्त परिवार प्रथा सहित सभी गुणों में विशाल वटवृक्ष की भांति फलता फूलता रहा है हमारे बड़े बुजुर्गों ने स्वर्णलोक, स्वर्ग अनुभूति इस सृष्टि में धरती पर अपनों के बीच किया देखा और सुख भोगा है। उन अपार सुख के फूलों में से एक फूल है घर,परिवार,संयुक्त परिवार एक मज़बूत सुख की छावं देने वाला, छत्रछाया देने वाला संयुक्त परिवार, घर परिवार जहां बड़े बुजुर्गों के छत्रछाया में जीवन जीने,उनके फैसलों पर अमल करनें,आगे बढ़ाने और समर्पित भाव से जीवन जीने का सुख,अनमोल क्षण के साए में जीवन जीने का आनंद ही कुछ और है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में धीरे-धीरे हमारे देश के अधिकांश युवा पाश्चात्य संस्कृति के साए में बड़े बुजुर्गों को नजरअंदाज कर, एकला चलो रे!वाली नीति पर चलने की राह पर हैं किसी का लिखा एक खूबसूरत वाक्यांश बता दें, घर तब तक नहीं टूटता तब तक फैसला बड़ों के हाथों में होता है, अगर घर का हर सदस्य बड़ा बनने लगे तो घर टूटने में देरी नहीं लगती इसलिए अब समय आ गया है कि हमें बड़े बुजुर्गों की आज्ञा, उनकी छत्रछाया में जीने का अंदाज सीखने की तात्कालिक आवश्यकता है,इसलिए हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम महत्वपूर्ण फैसलों के बड़ों के हाथों से छुटने की करें तो, उम्र के फ़र्क़ के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों और बच्चों के मूल्यों में अंतर आ जाता है, मिसाल के लिए अगर बड़े बुजुर्ग बहुत धार्मिक हैं और उन्होंने बच्चों को भी वहीं संस्कार दिए तो भी ज़रूरी नहीं कि बच्चे उन्हीं संस्कारों को मानें, बस !यहीं से टकराव की शुरूआत होती है। अलगाव की स्थिति पैदा हो जाती है, ये भी देखा गया है कि आमतौर से अलग होने वाले माता- पिता और बच्चों के बीच अलग होने की वजह को लेकर कोई संवाद नहीं होता, इसलिए पता ही नहीं चलता कि आख़रि वजह क्या है।इसके अलावा भाई-बहनों के अलग मिज़ाज और माता-पिता का किसी एक बच्चे के प्रति गहरा लगाव भी अलगाव की वजह बन जाते हैं, ऐसा नहीं है कि परिवार में अलगाव तेज़ी से और रातों रात हो रहा है, बल्कि ये बहुत धीरे-धीरे हो रहा है। कई बार छोटी सी घटना भी परिवार को तोड़ देती है। कहने को तो वो एक घटना होती है लेकिन उसके नतीजे दूरगामी होते हैं जिसको रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम घर में हर कोई बड़ा



बनने के दो मुख्य कारणों की करें तो, पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि भूमंडलीकरण की वजह से उन देशों में भी परिवार टूट रहे हैं, जहां अकेले रहने की रिवायत नहीं है, भारत की ही बात करें तो बड़ी संख्या में लोग रोज़गार की तलाश में गांवों से शहरों में या विदेशों में पलायन कर रहे हैं। वहीं जिन देशों में सरकार की ओर से बेहतर सुविधाएं नहीं मिलतीं वहां बुज़ुर्ग, नौजवान और बच्चों के बीच मज़बूत रिश्ता और एक दूसरे से लगाव देखने को मिलता है, इसकी मिसाल हमें यूरोप के कुछ देशों में देखने को मिलती है। बाहर बड़े शहरों या विदेश में रोजगार में जाने की वजह से माता-पिता से दूरी बन जाती है, साथ ही ऐसे परिवारों में आर्थिक रूप से लोग एक दूसरे पर निर्भर नहीं करते, स्वाभाविक रूप से वे अपने फैसले खुद लेने लगते हैं, लिहाज़ा उन्हें अलग होने में कोई हिचक भी महसूस नहीं होती। ये भी देखा गया है कि जो किसी समुदाय के लोग एक दूसरे से ज़्यादा क़रीब रहते हैं, उनके यहां बड़े परिवार भी एक छत के नीचे रहना पसंद करते हैं, ये भी हो सकता है कि असुरक्षा का भाव उन्हें ऐसा करने को कहता हो। शहरों में बड़े परिवार को साथ रखना आसान नहीं है, हर कोई बड़ा बनने एवं फैसला लेने की चाह रखता है इसलिए भी बुज़ुर्गों के साथ अलगाव की स्थिति पैदा हो रही है और गुज़रते दौर के साथ ये स्थिति और मज़बूत होगी। लेकिन किसी भी समाज में जो सांस्कृतिक मूल्य बहुत मज़बूत होते हैं, वो आसानी से ख़त्म नहीं होते, लिहाज़ा जिन समाज में परिवार के साथ रहने का चलन है वो आगे भी रहेगा, परंतु मुमकिन है कि आने वाले 20 साल में स्थिति पूरी तरह बदल जाएगी। साथियों बात अगर हम उस एक पुराने जमाने की करें जहां संयम, बड़ों की कद्र और संयुक्त परिवार से संयुक्त समाज का निर्माण हुआ था और फैसला लेना बड़ों के हाथ में रहता था तो, उस दौर में संयम, बड़ों की कद्र, छोटे बड़े का कायदा, नियंत्रण इन सब बातों का प्रभाव था। ऐसे ही संयुक्त परिवारों से संयुक्त समाज का निर्माण हुआ था और पूरा मोहल्ला और गांव एक परिवार की ही तरह रहते थे।परिवार का नहीं, मोहल्ले का बुजुर्ग सबका बुजुर्ग माना जाता था और ऐसे बुजुर्गों के सामने जुबान चलानें या किसी अप्रिय कृत्य करने का साहस किसी का नहीं होता था। उस दौर में मोहल्लें में ऐसा माहौल और अपनापन होता था कि गांव का दामाद या मोहल्ले का दामाद कहकर लोग अपने क्षेत्र के दामाद को पुकारते थे और अगर कोई भानजा है तो किसी परिवार का नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले और गांव का भानजा माना जाता था और यही कारण था कि लोग गांव की बेटी या गांव की बहू कहकर ही किसी औरत को संबोधित करते थे जो रेखांकित करने वाली बात है। साथियों बात अगर हम आओ घर को टूटने से बचाने के आसान उपायों की करें तो, एक संयुक्त परिवार और बड़े बुजुर्गों के निर्देशन में जीने का सही तरीका है? स्वार्थ भावना से दूर रहकर, खुद से पहले दूसरों की खुशी का ध्यान रखना होगा और हमारा परिवार हमारी खुशी का ध्यान रखेगा।अपने कर्तव्यों को पूरा करने की कोशिश हमेशा होनी चाहिए। बड़ो के प्रति आदर भाव और छोटों के प्रति प्रेम होना चाहिए। घर छोटा हो या बड़ा लेकिन दिल हमेशा बड़ा होना चाहिए। अपनी इच्छाओं से पहले परिवार की जरूरतों को ध्यान में रखना चाहिए। संयुक्त परिवार में मेरा कुछ नहीं होता जो भी होता है वो सबका होता है। कुछ बातों को नजरअंदाज करने की कला तो कुछ बातों पर ध्यान देने की कला आनी चाहिए। हर खुशी बड़ी हो जाती है और हर दुख छोटा सयुक्त परिवार में। साथ बैठने का और साथ खाने का महत्व समझना चाहिए।शेयर करना स्वभाव होना चाहिए क्योंकि, बस एक दूसरे का हाथ पकड़कर चलना सीख लो।सहनशीलता अच्छी होनी चाहिए।

# एसपी कार्यालय पर तैनाथ महिला पुलिसकर्मी के घर में चोरी, मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** एसपी कार्यालय के शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात शहर कोतवाली के रैदोपुर निवासी महिला पुलिसकर्मी के घर में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। परिवार को इसकी जानकारी शुक्रवार की दोपहर रिश्तेदार के यहां से लौटने पर हुई। मौके पर शहर कोतवाली पुलिस, फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम पहुंचकर जांच-पड़ताल की लेकिन कुछ ठोस सुराग हाथ नहीं लग सके।

जानकारी मुताबिक फतेहपुर जनपद निवासी गगन जोशी की पत्नी अंशु गुप्ता आजमगढ़ जनपद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात हैं। वह शहर कोतवाली के रैदोपुर मोहल्ला निवासी विजय कुमार के मकान में कमरा किराए पर लिया था। 15 दिन पूर्व ही वह सिधारी से यहां शिफ्ट हुई थीं। अंशु गुप्ता तीन दिन की छुट्टी लेकर अपने पति गगन के साथ नौ दिसंबर को प्रयागराज में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार के यहां गई थीं। शुक्रवार की दोपहर वह अपने पति के साथ घर पहुंची। घर के मुख्य द्वार पर लगे चौनल गेट का ताला खोला और अंदर गई तो कमरे की आलमारी का लॉक टूटा हुआ था। सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी में रखे करीब ढाई लाख के जेवरात, जरूरी अभिलेख और ब्लैंकेट चोरी हो गए थे। अंशु ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर शहर कोतवाली पुलिस, फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम पहुंच गई। टीम ने घर का कोना-कोना चेक किया। पुलिस घटना को देख दंग रही कि चोर घर का ताला तोड़े बिना घर में घुसे और घर को साफकर चले गए। टीम को जांच-पड़ताल में कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि चोरी की जानकारी मिली है। मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# खेल एवं उद्योग विषय पर मौखिक प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे माननीय कुलपति महोदय प्रो. एन. बी. सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 मे खेल एवं उद्योग विषय पर मौखिक प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने खेल से औद्योगिकरण संबंधी विचार व्यक्त किये द्य विद्यार्थियों ने बताया कि खेल उपकरण, खेल परिधान, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इत्यादि से उद्योग को प्रारम्भ किया जा सकता हैद्य प्रतियोगिता में 11 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया द्य जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः राहुल कुमार, मुदित शुक्ला एवं बरीरा युमन ने प्राप्त किया द्य प्रतियोगिता का निर्णायन मो. शारिक, सदस्य सचिवः क्रीड़ा परिषद एवं डॉ. हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। फिट इंडिया वीक, 2024 के समापन समारोह पर सभी विद्यार्थियों को डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. पूनम, डॉ. नसीब, इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

# पैमाइश के नाम पर एक लाख रुपये की रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के विभूतिखंड के रहने वाले एक प्राइवेट कंपनी अधिकारी की चिनहट कमता स्थित जमीन की पैमाइश के नाम पर सदर तहसील में तैनात लेखपाल को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए शुक्रवार को एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने विभूतिखंड थाने में केस दर्ज कराया है। विभूतिखंड के विराजखंड इलाके में एक प्राइवेट कंपनी अधिकारी रहते हैं। उनकी चिनहट के कमता इलाके में लगभग एक करोड़ रुपये कीमत की जमीन है। वह उक्त जमीन पर निर्माण करवाना चाह रहे थे। जमीन की पैमाइश के लिए उन्होंने सदर तहसील में तैनात लेखपाल राजू सोनी से संपर्क किया। राजू ने पैमाइश और रिपोर्ट लगाने के एवज

■ एंटी करप्शन टीम ने इस तरह किया ट्रैप



में उसने 8 लाख रुपये की मांग की थी। सारे पेपर पूरे होने के बावजूद भी रुपये की मांग होने पर पीड़ित ने इसकी जानकारी अपने अधिवक्ता को दी। अधिवक्ता ने पीड़ित को लेखपाल के रिश्वत मांगने की शिकायत एंटी करप्शन विभाग से करने की सलाह दी। पीड़ित ने शिकायत एंटी करप्शन से की। इस पर एंटी करप्शन की एक ट्रैप टीम को गठन किया गया।

### आठ से पांच और फिर तीन लाख रुपये में तय हुई डील

पीड़ित प्राइवेट कंपनी अधिकारी ने लेखपाल राजू सोनी से रुपये कम करने के लिए कहा तो उसने आठ लाख की जगह पांच लाख रुपये देने की बात कही। पीड़ित ने और रुपये कम कराए तो आखिर में लेखपाल ने तीन लाख रुपये से एक रुपये कम न करने की बात कही। तीन लाख रुपये में डील तय हुई। शुक्रवार को लेखपाल ने पीड़ित को एक लाख रुपये बतौर एडवांस देने के लिए विराजखंड मार्केट बुलाया। इस बीच पीछे से एंटी करप्शन की ट्रेप टीम ने लेखपाल राजू सोनी को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी लेखपाल को विभूतिखंड थाने की पुलिस के हवाले किया गया है और एंटी करप्शन की तरफ से उसके खिलाफ केस भी दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# रामकथा पर आधारित लोकगायन एवं लोकनृत्य



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आरोही वेलफेयर फाउंडेशन लखनऊ के तत्वाधान में अध्यक्ष संतोष शिप्रा चंद्रा सचिव मोना चंद्रा के निर्देशन में राम कथा पर आधारित लोकगायन एवं लोकनृत्य की दो दिवसीय कार्यक्रम मोहन सिंह बिष्ट सभागार कुर्मांचल नगर लखनऊ में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें शिप्रा चंद्रा ने श्री राम के जन्मोत्सव से लेकर विवाहोत्सव तक पारंपरिक गीत एवं भजन की रसधारा से भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें सोहर, बधाई, जन्में अवध रघुरैया अवध में बाजे बधिया, राजा दशरथ जी के घरवा आज जन्में लालनवा, रामचंद्र दूल्हा बने दुलहीन सियारानी, गारी खाओ खाओ नए रिश्तेदार, सियारानी का अटल सुहाग रहे। आदि प्रस्तुत किया उसके बाद हरितिमा पंत,मंजुल रायजादा,शुभम रावत,अमित मोहन श्रीवास्तव, जया कुमारी, ऐश्वर्य चंद्रा ने राम भजन गाकर अपनी प्रस्तुति दी नृत्य में साथ दिया नेहा, प्रियांशी, स्वाति, नीतू, ऐश्वर्य चंद्रा,मंजुल रायजादा वाद्ययंत्र संगतकर्ता कलाकार कीबोर्ड पर आशीष, रिदम शंकी ढोलक पर रजत, ऑक्टोपैड पर अभिषेक रहे।

## मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 27

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में दिसंबर सत्र की परीक्षाएं 27 से प्रस्तावित है। कुलपति प्रो. सत्यकाम ने बताया कि परीक्षा का समापन 25 जनवरी 2025 को होगी। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण परीक्षा इस बार 26 दिनों में आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने पहली बार परीक्षा संपन्न कराने के लिए समय सारणी को चार खण्डों में विभक्त किया है। जिसके अंतर्गत सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाएं 27 दिसंबर से 2 जनवरी 2025 तक, स्नातक कार्यक्रमों की परीक्षा 27 दिसम्बर से 25 जनवरी 2025 तक, स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की परीक्षाएं 11 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक तथा पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं एक एवं दो जनवरी 2025 को आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं दो पालियों में सुबह 10 से एक एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# कई जगह सिकुड़ रहीं हमारी सीमाएं : अखिलेश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार को जमकर घेरा। कहा कि वोट डालने जा रहे लोगों को डराया-धमकाया गया। यूपी में कई लोगों को वोट डालने से रोका गया। क्या यही लोकतांत्रिक गणराज्य है? कहा कि कई जगहों पर हमारी सीमाएं सिकुड़ रहीं हैं।

जातीय जनगणना पर भी बोले अखिलेश

अखिलेश जातीय जनगणना पर भी बोले। कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए। हमें मौका मिला तो जातीय जनगणना कराएंगे। ये नहीं करा पाएंगे तो हम जातीय जनगणना कराएंगे। आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार में अब डिब्बे भी टकराने लगे हैं। न्याय मांगने के लिए आत्मदह करना पड़ रहा है।



■ 'संविधान पर चर्चा' के दौरान सरकार पर बरसे अखिलेश; अतीक अहमद पर भी बोले

अखिलेश यादव ने अतीक अहमद के पुलिस सुरक्षा में मारे जाने का सवाल भी उठाया। कहा कि हिरासत में मौत के मामले में नंबर वन हो रहा है यूपी। अखिलेश ने कहा कि हमें अग्निवीर योजना कभी मंजूर नहीं होगी। पहले की तरह भर्ती होगी तो सीमाएं सुरक्षित रहेंगी। कई जगहों पर हमारी सीमाएं सिकुड़ रहीं हैं। इस सरकार में लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हुआ है। हालांकि अब 400 पार के नारे को जनता ने नकार दिया है।

# टीएमयू नर्सिंग की एल्युमिनाई मीट में रूबरू होंगे एनर्जेटिक यंगस्टर्स

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग ख़ास उपलब्धि रचने जा रहा है। ऑडी में 14 दिसंबर को पूर्वाहन 11 बजे से आयोजित इस एल्युमिनाई मीट-2024- स्मृतियों का संगम में देश-विदेश के तीन बैच के पासआउट 125 से अधिक यंग प्रोफेशनल्स जुटेंगे। इन यंग प्रोफेशनल्स में सत्र 2013 से 2015 तक के भारत समेत यूके, यूरोप, सउदी अरब आदि देशों के एल्युमिनाई भी शामिल हैं। वे अपने अनुभवों को जूनियर्स के संग साझा करेंगे। यह जानकारी एल्युमिनाई रिलेशन सेल- एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी ने देते हुए बताया, यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. वीके जैन बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित करके एल्युमिनाई मिलन का शंखनाद करेंगे। तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुरादाबाद की डीन प्रो. एसपी

■ यूके, यूरोप, सउदी अरब आदि के एल्युमिनाई करेंगे अनुभव साझा

सुभाषिनी के संग-संग अमरोहा के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन बोलीं, वे अपने पुराने स्टुडेंट्स को मिलने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई, नर्सिंग एल्युमिनाई मिलन हमारे नर्सिंग स्टुडेंट्स के करियर के लिए मील का पत्थर का साबित होगा।

एल्युमिनाई मीट- स्मृतियों का संगम में डॉ. अब्दुल रहमान अल मिसारी हॉस्पिटल, सउदी अरब में रजिस्टर्ड नर्सिंग ऑफिसर- श्री परवेज आलम, सेफन क्राइड हॉस्पिटल, यूके में मेंटल हैल्थ नर्सिंग ऑफिसर- श्री अर्नेस्ट लैम्यूअल, मेडिक्लिनिक सीटी हॉस्पिटल, दुबई में सीनियर कैथ लैब टेक्नीशियन- श्री फैज़ान, लाइला साउदा हॉस्पिटल, मिस ज्योति सिंह सरीखे एल्युमिनाई भी ब्लेंडेड मोड में जुड़ेंगे।

# ख़ाके वतन अज़ मुल्के सुलेमान ख़ुश्तर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आज दिनाँक 13 दिसम्बर को मुमताज पी जी कॉलेज में 'बैरिस्टर मुमताज हुसैन व्याख्यान माला' जिसके संरक्षक महाविद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट अतहर नबी साहब व अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर नसीम अहमद ख़ान हैं। बैरिस्टर मुमताज़ हुसैन व्याख्यानमाला के संयोजक डॉ. मोहम्मद इमरान ख़ान व महाविद्यालय के फ़ारसी विभाग के अध्यक्ष डॉ ज़ेड एच अल्वी द्वारा संयुक्त रूप से यह व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्यख्यान के मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय फ़ारसी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. उमर कमालुद्दीन काकोरवी साहब ने तर्कसंगत विश्लेषण करते हुए बताया कि अमीर खुसरो की रचनाओं विशेषकर फ़ारसी रचनाओं में किस प्रकार से हिंदुस्तान की मिट्टी की सुगंध मौजूद है, उन्होंने अपनी रचनाओं में किस प्रकार से देश को एकता में पिरोए रखने की बात की है।

**ख़ाके वतन अज़ मुल्के सुलेमान ख़ुश्तर**
**ख़ारे वतन अज़ सुम्बुलो रेहान ख़ुश्तर।।**

इस व्याख्यान की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट अतहर नबी साहब ने की तथा मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न देकर उनको सम्मानित किया। महाविद्यालय के फ़ारसी विभागाध्यक्ष डॉ जेड एच अल्वी ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। महाविद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट अतहर नबी साहब के मार्गदर्शन में प्राचार्य प्रोफ़ेसर नसीम अहमद ख़ान ने इस व्याख्यान को आयोजित कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की एवं भविष्य में इस प्रकार के ज्ञानपूर्ण व्याख्यान आयोजित कराने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ सलमान ख़ान नदवी व अरब कल्चर विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ आमिर हुसैन सिद्दीकी ने किया। अंग्रेज़ी विभाग की अध्यक्ष व कला संकाय प्रभारी प्रोफ़ेसर शाज़िया सिद्दीकी खान ने अमीर खुसरो की बहुज्ञता से सम्बंधित उनकी ही अद्भुत कालजयी पंक्तियों का उल्लेख करते हुए सभी उपस्थित जनों विशेषकर मुख्य वक्ता को धन्याद ज्ञापित किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक ,शिक्षणेत्तर व अधिक संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री सहित भाजपा पदाधिकारियों ने किया पीएम मोदी का स्वागत

**प्रयागराज।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयागराज पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों ने बमरौली एयरपोर्ट एवं संगम नोज स्थित जनसभा स्थल पर स्वागत अभिनन्दन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी प्रांत दिलीप पटेल, महेश चंद्र श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, महामंत्री देवेश सिंह, प्रमोद मोदी, गंगापार अध्यक्ष कविता पटेल, विनोद प्रजापति, राजेश पटेल तो वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं संगठन महामंत्री धर्मपाल का महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, महापौर गणेश केसरवानी, प्रवक्ता राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, दीप द्विवेदी, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, आनंद दुबे, राजेश गोंड, मनोज कुशवाहा, संजय सिंह आदि ने स्वागत अभिनन्दन किया।

# 'क्रिसमस्टाइड विन्टरफेस्ट-2024' का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के तत्वावधान में क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट-2024 का भव्य आयोजन विद्यायल के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभु ईशु की महिमा का गुणगान करते भजनों व गीतों (क्रिसमस कैरॅल्स) एवं लंदन से पधारे संगीत बैंड 'अज्योर क्वार्टेट' द्वारा पश्चिमी शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शक झूम उठे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. श्रद्धा शुक्ला, डायरेक्टर, राज्य ललित कला एकेडमी एवं विशिष्ट अतिथि इन्द्रजीत सिंह, म्युनिसिपल कमिश्नर एवं सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट डा. रोजर डेविड किंगडन की गरिमापूर्ण उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को बढ़ाया। 'क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट' के अन्तर्गत विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने एकल गायन, समूह गायन एवं रॉक बैण्ड प्रतियोगिताओं में जोरदार भागीदारी कर अपनी स्वर लहरियों को



अभूतपूर्व समाँ बाँधा। सर्वश्रेष्ठ छात्रटीम को प्रशस्ति पत्र व आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डा. श्रद्धा शुक्ला, डायरेक्टर, राज्य ललित कला एकेडमी ने अभिभावकों का आह्वान किया कि यदि बच्चों में किसी क्षेत्र विशेष में विशेष प्रतिभा नजर आती है तो उसे नजरअंदाज न करें एवं उसकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने में कोई कसर न छोड़ें। डा. शुक्ला ने कहा कि अपने बच्चों की क्षमता व प्रतिभा पर विश्वास करें, वो कुछ भी कर सकने में सक्षम हैं। आज के दौर में संगीत, फाइन आर्ट्स जैसी कलात्मक विधाओं में बहुतेरे अवसर उपलब्ध हैं। विशिष्ट अतिथि श्री इन्द्रजीत सिंह, म्युनिसिपल कमिश्नर ने कहा कि सी.एम.एस. बधाई का पात्र है जो भावी पीढ़ी को ग्लोबल सिटीजन के रूप में ढाल रहा है। इससे पहले, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि समेत सभी विशिष्ट अतिथियों व गणमान्य नागरिकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि गीत-संगीत हमें आध्यात्मिक अनुभूति से रूबरू कराते हैं। यह आत्मिक शक्तियों को बढ़ाता है एवं भावी पीढ़ी को समाज का सभ्य व सुसंस्कृत नागरिक बनाने में मदद करता है। 'क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट' के ग्रैण्ड फिनाले के अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने प्रभु ईशु की महिमा का गुणगान एवं दुनिया को शान्ति व

■ क्रिसमस कैरॅल्स एवं पश्चिमी शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों से झूमे दर्शक

सद्भाव का संदेश देते गीतों की ऐसी इन्द्रधनुषी छटा बिखरी कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। लंदन से पधारे संगीत बैंड 'अज्योर क्वार्टेट' की संगीतमय प्रस्तुति सभी के विशेष आकर्षण का केन्द्र रही, जिन्होंने पश्चिमी शास्त्रीय संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर 'क्रिसमस्टाइड विन्टर फेस्ट' के अन्तर्गत आयोजित संगीत प्रतियोगिताओं की विजयी छात्र टीमों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। एकल गायन प्रतियोगिता में सी.एम.एस. आनन्द नगर कैम्पस के छात्रों ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया तो वहीं दूसरी ओर समूह गान प्रतियोगिता में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस जबकि रॉक बैण्ड प्रतियोगिता में सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।

## पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने किया बड़ा खुलासा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के सुधार न होने के पैमाने पर करारा हमला बोलते हुए कहा दक्षिणांचल और पूर्वांचल के आत्मक हानियों का जो आंकड़ा भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय आरएसएस द्वारा अनुमोदित किया गया उसमें वर्ष 2021-22 में जो दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की एटीएंडसी हानियां 38.24 प्रतिसत थी वह 2022-23 में 31.06प्रतिसत हो गई और वहीं वर्ष 2023 -24 में 25.26प्रतिसत हो गई और वर्ष 2024- 25 में वह 18.97 प्रतिसत हो गई जो यह सिद्ध करती है कि सुधार की दिशा में बिजली कंपनियां आगे बढ़ रही है उसी प्रकार से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की जो एटीएंडसी हानियां 32.32 प्रतिशत वर्ष 2021-22 में थी वह 2022-23 में 27.84प्रतिसत हो गई और वर्ष 2023- 24 में 22.75प्रतिसत हो गई और इस समय वर्ष 2024-25 में 18.49 प्रतिसत हो गई।

# कंपनियों को मिला लाइसेंस बिना आयोग की अनुमति के कार्यवाही असंवैधानिक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पावर कॉरपोरेशन द्वारा प्रस्तावित पूर्वांचल व दक्षिणांचल के पीपीपी मॉडल में निजीकरण के मसौदे को एनर्जी ट्रांसपोर्ट की अनुमति के बाद आज उस समय नया मोड आ गया जब उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग मैं एक लोक महत्व प्रस्ताव सौंपते हुए यह मुद्दा उठा दिया की विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 14 के तहत पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को विद्युत नियामक आयोग द्वारा वर्ष 2010 में लाइसेंस दिया गया था लाइसेंस के बिंदु 5 में यह स्पष्ट कर दिया गया था की लाइसेंसधारी यानी पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आयोग को पूर्व सूचना देकर ही किसी भी कार्य में आगे संलग्न होंगे और

■ व्यवसाय व परसंपत्तियों के अधिकतम उपयोग व अन्य कार्य की नहीं दी जाएगी अनुमति

अपनी परसंपत्तियों के अधिकतम उपयोग के लिए व्यवसाय निर्धारित करेंगे यानी की बिना विद्युत नियामक आयोग की पूर्व अनुमति के पावर कॉरपोरेशन द्वारा जो पीपीपी मॉडल का अनुमोदन एनर्जी ट्रांसपोर्ट से लिया गया है वह पूरी तरह असंवैधानिक है । विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 17(3) भी यही कहती है कि किसी भी समय बिना समुचित आयोग के अनुमोदन के बिना लाइसेंसी विक्रय पट्टा विनियम द्वारा या अन्यथा अपनी अनुगती द्वारा कोई भी निर्णय नहीं ले सकता।

उपभोक्ता परिषद ने आगे- यह भी स्पष्ट किया की पावर कारपोरेशन ने एनर्जी टास्कफोर्स में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 131 के तहत कार्यवाही की बात की है जबकि यह धारा राज्य विद्युत परिषद के विघटन के लिए अनुमति देता है यहां विघटन के फल स्वरुप उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल दक्षिणांचल मध्यांचल व पश्चिमांचल का गठन हो चुका है और वह विद्युत नियामक आयोग से लाइसेंस लेकर अपना स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहे हैं ऐसे में पावर कॉरपोरेशन का तर्क पूरी तरह बेबुनियाद व गलत है।

उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा पावर कॉरपोरेशन गलत तरीके से दोनों बिजली कंपनियों के मसौदे पर कैबिनेट से अनुमोदन लेना चाहता है जो सर्वथा अनुचित है पूरे देश में जिस प्रकार की कार्यवाही पावर कॉरपोरेशन मनमाने तरीके से कर रहा है उसे पर ऊर्जा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है सभी को पता है कि इस पूरे मामले पर विद्युत नियामक आयोग की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।

## न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल की एकल चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सुविख्यात कलाकार न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल की एकल चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया भवंस मेहता विद्या आश्रम भरवारी कौशांबी द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शिशिरोत्सव में करेंगे। इस एकल कला प्रदर्शनी के संयोजक नारायण आर्ट अकादमी के निदेशक रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया कि अकादमी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल वाश शैली के मूर्धन्य कलाकार हैं तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में मशहूर कलाकार कलाऋषि क्षितिन्द्र नाथ मजूमदार के परम शिष्य रहे हैं। जिनकी वाश शैली की 12 कलाकृतियां एवं और पांच तैल पेटिंग जो भारतीय आध्यात्मिकता को अपने अंदर समेटे बहुत ही भावपूर्ण अनुपम कलाकृतियां है भवंस मेहता कॉलेज के हाल में दर्शकों के रसास्वादन लिए 7 दिन प्रदर्शित रहेंगी।

# नकल की सुचना पर होगी कठोरतम कार्यवाही, दो महाविद्यालयों के परीक्षा केंद्र निरस्त

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्विद्यालय आजमगढ़ की चल रही विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में उड़ाका दल की रिपोर्ट के आधार पर मा0 कुलपति प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित परीक्षा केंद्रों को तत्काल प्रभाव से परिवर्तित कर दिया है। मीडिया प्रभारी डॉ0 प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि मऊ जनपद की उड़ाका दल के 10 दिसम्बर के औचक निरीक्षण के दौरान लालसर कृषक महाविद्यालय,टक टेउआ,रामपुर मऊ कोड संख्या 845 परीक्षा केंद्र पर भारी अनियमितताएं पाई गई जहाँ 16 मोबाइल सेट और गाइड बरामद की गई और सीसीटीवी कैमरा की आवाज भी बंद थी।टीम ने तत्काल विश्विद्यालय को रिपोर्ट कर दिया और कार्यवाही की संस्तुति की।मा0 कुलपति ने संज्ञान लेते हुए परीक्षा की शुचिता और पवित्रता की दृष्टि से उक्त महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र से डिबार करते हुए निर्देशित किया कि उक्त केंद्र की अवशेष परीक्षायें एन0के0 नेशनल महाविद्यालय नदवासराय मऊ(केंद्र संख्या-870) पर सम्पन्न कराई जाएगी।

वहीं आजमगढ़ के उड़ाका दल द्वारा अपने औचक निरीक्षण में, दिनाँक 11 दिसंबर को कुसुम देवी महिला महाविद्यालय, बनकटा, बाजार गोसाई आजमगढ़(केंद्र संख्या-972) पर कक्ष अन्तरिक्षकों के पास से मोबाइल बरामद किया गया जिनसे नकल कराए जाने के प्रमाण मिले वहीं उड़ाका दल की महिला सदस्य डॉ0 राजेश्वरी पाण्डेय के गहन निरीक्षण में छात्राओं के पास से नकल पर्चियां व अन्य अनुचित साधन बरामद किए गए ।उत्तर पुस्तिकाओं के निरीक्षण से यह ज्ञात हुआ कि प्रश्न संख्या के अनुसार अभ्यर्थियों के उत्तर हूबहू मिल रहे थे परिणामस्वरूप उड़ाका दल द्वारा सामूहिक नकल की संस्तुति पर मा0 कुलपति ने संज्ञान लेते हुए नकलविहीन परीक्षा सम्पादन की दृष्टि से उक्त महाविद्यालय का परीक्षा केंद्र निरस्त करते हुए निर्देश दिया कि 16 दिसम्बर से उक्त केंद्र की शेष परीक्षाएं रघुनाथ साहू महाविद्यालय हरैया आजमगढ़(केंद्र संख्या-300) पर सम्पन्न कराई जाएगी। मा0 कुलपति ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव विश्विद्यालय नकलविहीन परीक्षा के लिए संकल्पबद्ध है, परीक्षाओं की शुचिता और पवित्रता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उड़ाका दल के सतत निगरानी और आख्या के आधार पर यदि कोई और महाविद्यालय नकल में संलिप्त पाया गया तो उसपर भी कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

# बालाजी विद्या मंदिर मे हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बालाजी विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जखौरा में आयोजित प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आशीष रावत जिला पंचायत सदस्य बानपुर, जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र कुमार रजक, सुदामा प्रसाद दुबे बांसी,अरविंद नरवरिया प्रधान गुरसौरा, नितिन जैन, राजपाल सिंह यादव नीरज जैन आशु, भरत कांत महाराज,रविन्द्र सिंह लाला, राजा, तनु, महावीर सिंह ने सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया पुरस्कृत छात्र छात्राओं में अंशुल, अनुकल्प, कार्तिक, ऋषभ, अनस, दर्श, कुलदीप, रामसरन, रोली, नैतिक, हिमांशु, सारिका, कृतिका, दिव्यांश, तेजस, राधिका, शिव, आयुष, निहाल, देव, आर्यंश, वंश, कृष, विवेक, आरुषि, खुशबू, कृष्णा, त्रिशू परमार एवं आरती आदि छात्रों का प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय प्रबंधक अरुण ताम्रकार द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में रचनात्मक विकास होता है अगली बार प्रतियोगिता को और भी बड़े स्तर पर आयोजित करेंगे। मैं आप सभी का आभारी हूं की आप बालाजी स्कूल के 25 वर्षों के सफर में आज हमारे साथ हैं आप सभी का सहयोग एवं मार्गदर्शन निरंतर विद्यालय परिवार को मिल रहा है आप सभी के सहयोग से ही बालाजी विद्या मंदिर स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं आप सभी के समर्पण और विद्यालय के प्रति प्रेम के लिए बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में सम्मिलित समस्त विद्यालय परिवार अतिथि बन्धु सहित प्राचार्य रानी मेम, अंजू मेम, शेर सिंह, प्रियंका, एनी जैन, रिया राजा, कार्तिका, प्रियंका राजपूत, नेहा राजा , प्रिंसी नामदेव, अंजली राजा, प्रतिभा, रचना चौबे साधना सोनी,नैंसी, कीर्ति ताम्र कार, निशा, डॉली राजा, भारती,पूनम राजा, तेजबीरसिंह,जानकी, गोलू राजा, विश्ववीर सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या रानी यादव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## 19 दिसम्बर को आएंगें सपा प्रदेश अध्यक्ष

**ललितपुर।** पीडीए अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए 19 दिसम्बर पीडीए महापंचायत कार्यक्रम का आयोजन होगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अरविन्द कुमार सिंह ने कार्यक्रम के संबंध में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव को पत्र भेजा है। वहीं पीडीए महापंचायत को लेकर जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। उन्होंने बताया कि 19 दिसम्बर को पीडीए महापंचायत में प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जहां वह पीडीए अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने 19 दिसम्बर की सुबह 11 बजे पिसनारी बाग राजघाट रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से शामिल रहने की अपील की है। बैठक के दौरान अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रखने को खेलकूद बहुत ही महत्वपूर्णः बीएसए

- परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखवाया अपना दम

### प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों व शिक्षकों का कल रहेगा अवकाश

यूनिक समय, मथुरा। जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा शर्मा ने बताया कि जिन बालक बालिका और शिक्षक शिक्षिकाओं ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया है उनका 14 दिसम्बर का एक दिन का अवकाश रहेगा।

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राजकीय मोहन पहलवान गणेशरा स्टेडियम मथुरा में बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय बच्चों की प्राथमिक एवं जूनियर स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा सुनील दत्त एवम् जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश यादव द्वारा किया गया।

बालक वर्ग में दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय पानीगांव मांट के मोनू100 मी. प्रथम ,200 मी उच्च प्राथमिक विद्यालय जमालपुर फरह अंकुश प्रथम, 600 मी दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय सींगापट्टी गोवर्धन के अरविंद कुमार प्रथम, गोला फेंक में उच्च प्राथमिक विद्यालय अनोड़ा राया के शेरू प्रथम, लंबी कूद में उच्च प्राथमिक विद्यालय अनोड़ा राया के शेरू प्रथम, बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय मांट की 100 राधा , 200 मीटर भावना, 600 मीटर में उच्च प्राथमिक विद्यालय अलवाई मांट की भावना प्रथम ,गोला फेक में उच्च प्राथमिक विद्यालय फरह के काजल प्रथम,लंबी कूद में फरह राधा प्रथम रहे। प्राथमिक विद्यालय भाहई फरह सुमन 200 मी प्रथम, प्राथमिक वर्ग में बालिका वर्ग में खों खो में फरह प्रथम, राया द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अतिथियों का स्वागत जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक प्रभु कांत उपाध्याय ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। बीएसए सुनील दत्त ने कहा कि शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रखने हेतु खेलकूद बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिले के सभी प्रतियोगिता में विजई छात्र, छात्र मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। भूमिका में प्रमोद कुमार, रीना सिंह, हरजीत सिंह राजकुमार संजीव आजाद, शिक्षक संगठनों की तरफ से अतुल सारस्वत जिला अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, लक्ष्मी नारायण, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला मीडिया प्रमुख गोवर्धन दास गुप्ता, हेमराज सिंह, रविंद्र चौधरी, अरविंद सारस्वत, शांतनु चौधरी,भगवान सिंह पचोरी, पवन गौतम, शिवकुमार शर्मा, अमित कुमार अद्भुत, गीता एम सिंह अनीता, आरती, मनोज शर्मा, सुबोध कुमार, संजीव यादव, बच्चू सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रदेव तिवारी ने किया।

## दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ किया अभ्यास

**ललितपुर।** जनपद में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास किया गया। एसपी ने विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया। फोर्स को ब्रीफ करते हुये बताया कि ड्यूटी के दौरान यदि कोई असामाजिक तत्व द्वारा सौहार्द, शान्ति व कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है, तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसका प्रयास विफल करने के लिए अमल में लायी जाने वाली कार्य योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। एसपी ने द्वारा दंगा नियत्रंण के दौरान प्रयोग की जाने वाली अंजनी किट को एक मिनट के अन्दर पहनने व खोलने का अभ्यास जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों व कर्मचारियों को पुलिस लाइन्स परेड ग्राउन्ड में कराया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों में से ही बलवाई बने लोगों (भीड़) को तितर-बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही कराते हुये पुलिस कर्मियों को दंगा-नियंत्रण उपकरण अश्रु गैस के गोले, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड, डाई मार्कर, रबर बुलेट गन, एंटी राइट गन व टीयर गैस गन आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया।

# भाजपा विधायक की रिश्तेदार के मकान से लाखों की चोरी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद के मांट विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक राजेश चौधरी की सास के घर से लाखों की चोरी कर चोर भाग गए। चोरों ने बंद मकान देखकर गहनों और नगदी सहित लाखों का सामान चुरा लिए, भगवान की मूर्तियां तक को नहीं छोड़ा। इस घटना को अंजाम देने के साथ ही चोरों ने पुलिस की कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। जब विधायक की सास को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

घटना मथुरा महानगर के थाना सदर बाजार इलाके के सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली श्रीमती कुसुम लता बीजेपी विधायक राजेश चौधरी की सास हैं। वह अपने बेटे के पास दिल्ली गई हुई थीं। इस दौरान उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। बंद मकान को शातिर चोरों ने रात्रि में निशाना बनाया और खाली कर गए। चोरों ने भगवान की मूर्तियां, सोने- चांदी के आभूषण और घर में रखी नगदी सभी पार कर दी है। घर बंद होने के कारण चोरों को चोरी के लिए समय मिला।

सुबह घर के ताले टूटे होने पर चोरी की जानकारी विधायक की सास कुसुम लता को पड़ौस के लोगों ने दी गई। उन्होंने दिल्ली से आकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर चुकी है। पुलिस का कहना है कि आस-पास के इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं जिससे चोरों से जुड़ा कोई सुराग मिल सके। पुलिस ने पड़ोसियों के भी बयान दर्ज किए हैं। इस घटना से सिविल लाइन क्षेत्र में निवास कर रहे लोगों का कहना है कि जब बीजेपी के विधायक की सास के घर को चोरों ने नहीं छोड़ा तो आगामी सर्दी के मौसम में यहां के निवासियों का क्या हाल होगा। जबकि सिविल लाइन्स क्षेत्र में डीएम व एसएसपी का निवास और कार्यालय हैं। जिले के सभी बड़े अधिकारी यहां रहते हैं।

# एनसीआरएमयू ने उत्तर मध्य रेलवे जोन में लगातार तीसरी बार मान्यता प्राप्त की

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** झांसी मण्डल में एनसीआरईएस ने शिकस्त देकर अपना वर्चस्व हांसिल की है। मण्डल अध्यक्ष एनसीआरएमयू हुकुम सिंह चौहान ने बताया कि वह पुरानी पेंशन के मुद्दे को लेकर चुनावी मैदान में थे। पुरानी पेंशन बहाली से लाखों रेलवे कर्मियों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि हम रेलवे कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं। इसी क्रम में मण्डल मंत्री अमर सिंह यादव ने इस ऐतिहासिक जीत को रेलवे कर्मियों की जीत बताया। इस अवसर पर एनसीआरएमयू के ललितपुर शाखा अध्यक्ष नितिन शर्मा, शाखा मंत्री सचिन यादव और शाखा उपाध्यक्ष शान्तनु पुरोहित ने संयुक्त रूप से खुशी का इजहार किया है। गौरतलब है कि सीनियर इंस्टीट्यूट झांसी एवं आगरा डिविजन एवं इलाहाबाद डिविजन में रेलवे में यूनियन की मान्यता के गुप्त मतदान की काउंटिंग सुबह 8 बजे से प्रारंभ की गई थी। जिसमें आगरा मंडल एवं इलाहाबाद मंडल में एनसीआरएमयू मान्यता में सबसे बड़ी यूनियन घोषित हुई एवं झांसी मंडल में एनसीआरएमयू को सबसे ज्यादा मत प्राप्त हुए। उत्तर मध्य रेलवे में एनसीआरएमयू ने तीसरी बार मान्यता प्राप्त की, जिसके लिए शाखा ने झांसी मंडल एवं ललितपुर क्षेत्र के सभी रेल कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया एवं यूनियन के सभी मंडल एवं शाखा पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्यों का उनकी पूर्ण लगन एवं मेहनत के लिए आभार व्यक्त किया। नॉर्थ सेंटर रेलवे मेंस यूनियन एनसीआरएमयू शाखा ललितपुर ने अपने सभी बूथों पर विजय प्राप्त की। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन ने उत्तर मध्य रेलवे लगातार तीसरी बार मान्यता प्राप्त करते हुए रेल कर्मचारियों के बीच अपने काम और विश्वास को कायम रखा है। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन झांसी मंडल एवं महामंत्री उत्तर मध्य रेल ने सभी रेल कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया जिसके कारण यूनियन को लगातार तीसरी बार मान्यता प्राप्त हुई है।

## साइबेरिया, तिब्बत, भूटान से जोधपुर झाल पहुँचे पक्षी

**मथुरा।** लगातार बढ़ रही सर्दी के साथ जोधपुर झाल वेटलैंड पर प्रवासी पक्षियों के जमावड़े ने पक्षी प्रेमियों में गर्मजोशी भर दी है। सर्द मौसम के बढ़ते ही प्रवासी प्रजातियों की संख्या भी यहाँ बढ़ने लगी है। उम्मीद है कि दिसंबर के अंत तक यहाँ प्रतिवर्ष आने वाली सभी प्रजातियां इस वेटलैंड पर पहुंच जाएंगी। इनमे अधिकांश पक्षी कजाकिस्तान, मंगोलिया, रूस, साइबेरिया, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, तिब्बत, भूटान आदि देशो से आते हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संरक्षित मथुरा और आगरा जनपद सीमा पर फरह निकट स्थित जोधपुर झाल देश विदेशी पक्षियों का ठिकाना बन रहा है। संरक्षण के पश्चात प्रवासी और स्थानीय संकटग्रस्त पक्षियों की प्रजातियों ने इस वेटलैंड को अपनी शरणस्थली बना लिया है। स्थानीय संकटग्रस्त पक्षियों में सारस क्रेन, ब्लैक-नेक्ड स्टार्क, पेन्टेड स्टार्क, ब्लैक-हेडेड आईबिश का भी जमावड़ा लग गया है।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पर्यावरण सलाहकार मुकेश शर्मा ने बताया कि सर्दियों में प्रवासी पक्षियों का पक्षी प्रेमियों और फोटोग्राफरों को बेसब्री से इंतजार रहता है। प्रवासी पक्षियों के पहुंचने से पक्षी प्रेमी व पर्यावरण प्रेमी लगातार जोधपुर झाल पर पहुंच रहे हैं। विभिन्न डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी अध्ययन के लिए वेटलैंड पर आरहे हैं।

**सेंट्रल एशियन फ्लाई-वे से आने वाले संकटग्रस्त प्रवासी पक्षियों में शामिल है कॉमन पोचार्ड-** बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी के बाइल्डलाइफ ईकोलोजिस्ट डॉ के पी सिंह ने बताया कि भारतीय क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों का माइग्रेशन मुख्यत− सेंट्रल एशियन फ्लाइ-वे से होता है। सेंट्रल एशियाई फ्लाई-वे भौगोलिक रूप से उत्तर, मध्य और दक्षिण एशिया और ट्रांस-काकेशस के 30 देशों को कवर करता है, जिनमें मध्य एशियाई व यूरोपीय देश शामिल हैं। इस फ्लाई-वे से 182 प्रजातियों के प्रवासी जलीय पक्षी सर्दियों में प्रवास पर आते हैं जिसमें 29 विश्व स्तर पर संकटग्रस्त और खतरे के निकट वाली प्रजातियां शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम और एसपी ने लिया कानून व्यवस्था का जायजा



**संभल।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा सम्भल में कानून व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत की गयी पैदल गस्त। जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार द्वारा कस्बा सम्भल में शुक्रवार जुम्मे की नमाज व कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ पैदल गस्त की गयी तथा कानून व्यवस्था की ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक(उत्तरी) श्रीश्चन्द्र, उपजिलाधिकारी सम्भल, क्षेत्राधिकारी सम्भल आदि अधिकारीगण मौजूद रहें।

### हज 2025 के लिए दूसरी किस्त 16 दिसंबर तक जमा करे आज़मिने हज

**सिरसी (संभल)** हज वेलफेयर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष डॉक्टर इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने बताया। हज 2025 पर जाने वाले हज यात्री अपनी दूसरी किस्त 16 दिसंबर तक जरूर जमा कर दें। हज कमिटी आफ इंडिया के सर्कुलर 14 का हवाला देते हुए। उन्होंने बताया हज 2025 के यात्री अपनी दूसरे किस्त 142000 ई पेमेंट हज सुविधा एप, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई, यूनिक बैंक रेफरेंस जो हर क बर नंबर को दे दिया गया है। के जरिए से 16 दिसंबर 2024 तक हर हाल में जमा करने की कोशिश करें।और परेशानी से बचे हज की तैयारी शुरू कर दें। और वहां पढ़ने वाली दुआएं याद करें पैदल चलने की आदत डालें। हज कमेटी की ओर से लगने वाले हज शिविरों में जरूर जाएं। और हज के अरकान सीखे यह आपके लिए बहुत जरूरी है। अपने जरूरी कागजात तैयार रखें। हज के मुताबिक किसी भी तरह की मालूमात के लिए हज यात्री हज वेलफेयर सोसाइटी के मोबाइल नंबर 98372 92324 पर संपर्क कर सकते हैं। या मदरसा सिराजुल उलूम हिलाली सराय, मदरसा खलीलूंल उलूम, या मदरसा अंजुमन नखासा में भी मालूमात कर सकते हैं।

### एलपीजी शवदाह मशीन से हुआ अंतिम संस्कार



**ललितपुर।** अनंत सेवा ग्रुप द्वारा एलपीजी शवदाह मशीन द्वारा निःशुल्क रूप से शवदाह किया गया। संस्थापक सदस्य डा.प्रबल सक्सेना ने बताया कि गांधीनगर निवासी एक परिवार द्वारा फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि वह अपने परिजन के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार इस मशीन से कराना चाहते है। आपको बता दे कि इलाइट मुक्तिधाम पर यह व्यवस्था निशुल्क रखी गयी है जिसमे पूरे सनातन रीति रिवाजों के साथ दाह संस्कार क्रिया सम्पन्न कराई जाती है। यह मशीन आज के पर्यावरण को देखते हुए प्रकृति के हित में है, जिसमे गैस के द्वारा अंतिम संस्कार करके प्रकृति को सुरक्षित रखा जा सकता है। बताया कि 9554999922, 9450038350 मोबाइल नम्बर पर बात करके निशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवा सकते है, जिसके लिए एक फॉर्म भरना पड़ता है। साथ ही मृतक एवं उनके परिवार के सदस्य के आधार कार्ड की फोटोकॉपी की आवश्यकता होती है।

# अतिक्रमण के खिलाफ गरजा महाबली का पंजा

- स्टेशन क्षेत्र से शहर की ओर चला अभियान
- व्यापारियों में मची उथल - पुथल, कहीं लगे भेदभाव के आरोप तो कहीं मिली अवैध कब्जे से निजात

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** नगर में सिकुड़ती सड़कों और बेतरतीब तरीके से पसरता अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को जिला व पुलिस प्रशासन के साथ नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। मुनादी करते हुये दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया, लेकिन जब दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया तो नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान व्यापारियों में उथल-पुथल की स्थिति देखी गयी तो वहीं दूसरी ओर वर्षों से दूसरों की जमीन, मकान और दुकान के सामने गुमटियां रखकर अवैध कब्जा से भी लोगों को निजात मिल सकी।

स्टेशन क्षेत्र से शुरू हुये अतिक्रमण में दोनों ओर से नगर पालिका परिषद ने तयशुदा मानकों के अनुरूप लोगों से अस्थाई और स्थायी रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाने का प्रयास किया। मौके पर जिला प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप सिंह व पुलिस प्रशासन की ओर से क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने पूरे अतिक्रमण अभियान का नेतृत्व किया। मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्टेशन से शुरू हुये अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कई दुकानों के निर्धारित मानक से आगे निकले अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया। वहीं स्टेशन रोड स्थित संदीप लॉज के बाहर लोगों द्वारा किये गये अवैध अतिक्रमण को भी जेसीबी से हटाते हुये मौके पर गड्ढा खोद दिया गया, ताकि फिर से अतिक्रमण को बढ़ावा न मिल सके। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अनेकों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण की नगरी मैं योगी राज में गाय की दुर्दशा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वृन्दावन मार्ग पर मिले गौ माता के 40 अवशेष हिंदुओं मै भारी रोष, रोड किया जाम, डीएम को घटना स्थल पर बुलाने पर अड़े डीएम एसपी पहुंचे मौके पर रोड जम करने वालों से रोड चालू करने की कि अपील , हल्का करना पड़ा लाठी चार्ज मथुरा। योगी आदित्यनाथ की हिंदुवादी सरकार मै गौ माता की बेकदरी बढ़ती जा रही है, कहने को तो योगी आदित्यनाथ अपने चुनावी भाषणों मै गौ रक्षा के बड़े बड़े भाषण देते सुने जाते है पर धरातल पर उसका उलट प्रभाव देखने को मिल रहा है। ऐसा ही दिल दहलाने वाला मामला आज प्रकाश में आया है,मथुरा के थाना जैंत क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने से लोगों में आक्रोश फैल गया। गोवंश के अवशेष देख आक्रोशित लोगों ने मथुरा-वृंदावन रोड जाम कर दिया। रोड जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जाम लगा रहे लोगों को समझाने का प्रयास करना शुरू कर दिया। शुक्रवार की सुबह मथुरा वृंदावन रोड स्थित पीएमवी कॉलेज के जंगलों की तरफ जब कुछ लोग गए तो वहां पर कुछ गोवंश मृत अवस्था में पड़े थे, तो कुछ के अवशेष पड़े थे। गोवंश के अवशेष देख लोगों में गुस्सा फैल गया। जिसके बाद गौ रक्षकों के अलावा तमाम हिंदूवादी संगठनों को इसकी सूचना दी गई। गोवंश के शव और अवशेष मिलने की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में गौ रक्षक और हिंदूवादी दलों से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित हुए लोगों ने मथुरा वृंदावन रोड जाम कर दिया। जिसके कारण दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**मथुरा।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 14 दिसंबर 2024 दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय, मथुरा में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के वादों (आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस में वेतन सम्बंधित विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बंधित विवाद, राजस्व वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, अन्य सिविल वाद, किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, अन्य वाद) का निस्तारण अपने-अपने न्यायालय कक्षों में सुलह समझौते के आधार पर किया जाना है। समस्त वादकारीगण को सूचित किया जाता है कि वे अपने उक्त वादों का निस्तारण दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह एवं समझौते के आधार पर कराकर लाभ उठायें।

# बारहवें स्थापना दिवस पर वरदानी भवन में आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के टीआरडी कालोनी स्थित सेवा केन्द्र में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सनातन धर्म की ध्वजा को थामे समाज का मार्गदर्शन कराने वाले महामंडलेश्वर संत महात्माओं का स्वागत राजयोगिनी बी.के.चित्ररेखा दीदी ने तिलक, मालार्पण, पुष्पों एवं शॉल पहनाकर किया। नन्ही कुमारियों ने नृत्यकला के द्वारा किया। राजयोगिनी दीदीजी ने परमात्म संदेश देते हुए कहा कि हम सभी एक परमपिता शिव परमात्मा की संतान है। इस मंच को सुशोभित कर रहे हमारे संत महात्मा जो विभिन्न स्थानों पर रहकर परमात्म सानिध्य से याद से त्याग, तपस्या और पवित्रता की शक्ति से इस संपूर्ण धरा को खुशी, सुख, शांति प्रदान करने के लिए आए है। आप सभी को समस्त ब्राह्मण परिवार की ओर से बधाई। जिसमें मुख्य अतिथि चंडीधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर चंद्रेश्वरगिरी महाराज ने कहा कि आज हम सभी वरदानी भवन का 12वां वार्षिक उत्सव मना रहे है। जब भाग्य का सूर्योदय होता है। पुण्य कर्मो का फल फलीभूत होता है। तब हमें सत्कर्म, सत्संग में जाने का अवसर प्राप्त होता है। 12 वर्ष की अवधि में तपस्या पूर्ण होती है। कोई भी साधु संत महात्मा जब आराधना करते हैं या आप सभी भी किसी गुरु से दीक्षा लेते हैं। तो उसका भी समय काल कम से कम 12 वर्ष तक आराधना की जाती है। तब सिद्धि प्राप्त होती है। आज सभी चाहते हैं की आज मंत्र मिले और कल सिद्ध हो जाए। तो आज हम सभी यहां वरदानी भवन की 12वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। तो इस कार्यक्रम से यह सिद्ध हो रहा है। कि यह अपनी पूर्णता की ओर है। इसका नाम भी कितना सुंदर है वरदानी भवन वरदानों की बरसात करने वाला भवन। वृंदावन से आए हुए पूज्य ब्रजकिशोर महाराज ने कहा कि परमपिता परमात्मा एक ही है। लेकिन उनकी शाखाएं अनेक है। उस निराकार तक पहुंचने के लिए साकार को माध्यम बनाया। महाकाली मंदिर झांसी से आए हुए पूज्य त्यागी महाराज ने कहा कि इस संस्था में परमपिता शिव परमात्मा ने बहनों को निमित्त बनाया है। जिन्हें शिव शक्तियों के रूप में दिखाया गया है। यह संस्था सभी धर्मो को जोडने का कार्य कर रही है। आदि सनातन देवी देवता धर्म की स्थापना कर रही है। कंचनधाम आश्रम से पधारे हुए पूज्य सूर्यप्रकाशदास महंत ने भी वरदानी भवन को शुभकामनाएं दी। बलराम महंत (कुआंतला), सीताराम शरण महाराज (चंदेरी), अमझरा घाटी के साधु संत महात्मा एवं विशेष अनेक स्थान से भी आए हुए साधु संत महात्माओं ने भी सभी को वरदानी भवन की 12वीं वर्षगांठ की अनंत शुभकामनाएं दी। राजयोगिनी बीके सरोज दीदीजी (बीना) एवं खुरई सेवाकेंद्र से आई हुई राजयोगिनी बीके किरन दीदी ने भी अपने आशीष वचन शुभकामनाओं के साथ विद्यालय का परिचय दिया। मंच संचालिका राजयोगिनी मायारानी दीदी ने इस विद्यालय की शिक्षाओं से अवगत कराते हुए कहा कि यह विद्यालय जीवन जीने की कला सिखाता है। परमपिता शिव परमात्मा ने परमपिता, परम शिक्षक, परम सद्गुरु के रूप में हम सभी का दृष्टिकोण को बदल दिया है। अंत में बीके विद्यासागर भाई ने सभी संत महात्मा एवं वरदानी भवन में आभार व्यक्त किया। अंत में दीदीजी ने सभी को इस विद्यालय का लक्ष्य श्रीलक्ष्मी नारायण का चित्र, श्रीफल ईश्वरीय सौगात दी। कार्यक्रम में बीके किरन दीदी (चंदेरी), गीता बहन, प्रीति बहन, रूबी बहन, प्रियंका बहन, निशा बहन, पूजा बहन, शिवानी बहन, सुनीता बहन, ज्योति सिंह बहन, याशिका, माही, मंजरी, तपस्वी, महक, पत्रकार बंधु सुधीर त्रिपाठी, कृष्णकांत सोनी, राहुल जैन नवभारत, हबीब खाँ, मंजीत सिंह सलूजा, संजय ताम्रकार एवं अनेक भाई-बहन उपस्थित रहे।

# एआइपीएम ने स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**रांची।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज, झारखंड इकाई ने झारखंड के मंत्रियों, डॉक्टर इरफान अंसारी और हाफिजुल हसन से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अबू शहीद अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष तैयब राय उर्फ कादरी, रांची महानगर अध्यक्ष सैफ अलम, और राशिद अयाज ने किया। इस मुलाकात के दौरान संगठन ने पसमांदा समाज के उत्थान और संगठन की आगामी योजनाओं पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों मंत्रियों को झारखंड में जनवरी के पहले सप्ताह में आयोजित होने वाले स्वागत एवं अभिनंदन समारोह के लिए आमंत्रित किया। मंत्रियों ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि वे कार्यक्रम में अवश्य शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम झारखंड में पसमांदा समाज के प्रति जागरूकता और एकजुटता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। विस्तृत जानकारी और कार्यक्रम का स्थान शीघ्र ही घोषित किया जाएगा।

सभी पदाधिकारियों और पसमांदा समाज के लोगों से इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने की अपील की जाती है।

अवधनामा



# हेयर और स्किन मास्क दोनों की तरह काम आ सकते हैं ये पैक

हम सभी खुद की केयर करना पसंद करते हैं। यह ना केवल हमें रिलैक्स फील करवाता है, बल्कि इससे हमें बाहर और भीतर दोनों तरह से अच्छा लगता है। अमूमन यह देखने में आता है कि अपनी स्किन और हेयर की केयर करने के लिए हम सभी कुछ होममेड मास्क का सहारा लेते हैं, जिन्हें नेचुरल इंग्रीडिएंट्स की मदद से बनाया जाता है। हालांकि, स्किन और बालों की देखभाल के लिए अलग-अलग मास्क बनाना थोड़ा मैसी हो सकता है। तो ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसे मास्क बनाएं, जिन्हें आप दोनों तरह से इस्तेमाल कर सकते हों। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही मास्क के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप अपनी स्किन और बालों दोनों पर आसानी से अप्लाई कर सकते हैं-

***एलोवेरा और नारियल तेल मास्क***

एलोवेरा ना केवल आपकी स्किन को आराम और नमी देता है, बल्कि स्कैल्प को भी सूदिंग अहसास करवाता है। वहीं, नारियल तेल को स्किन और हेयर दोनों की केयर के लिए अच्छा माना जाता है।

***कैसे बनाएं***

दो बड़े चम्मच ताजा एलोवेरा जेल में एक बड़ा चम्मच नारियल तेल मिक्स करें।

अब आप इसे अपने चेहरे और गर्दन पर समान रूप से लगाएं।

इसे 20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर गुनगुने पानी से धो लें।

आप इसी मिश्रण को अपनी स्कैल्प और बालों की लंबाई में मालिश करें।

शैम्पू से धोने से पहले इसे 30 मिनट से एक घंटे के लिए छोड़ दें।

***शहद और दही का मास्क***

शहद एक प्राकृतिक ह्यूमेक्टेंट है, जो नमी को लॉक करता है। वहीं, दही लैक्टिक एसिड के साथ स्किन को एक्सफोलिएट और पोषण देता है।



***इसे कैसे बनाएं***

2 बड़े चम्मच सादा दही में 1 बड़ा चम्मच शहद मिक्स करें।

***कैसे इस्तेमाल करें***

सबसे पहले आप इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें।

इसी तरह अपनी स्कैल्प और बालों पर इस मास्क को लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें।

***आप इसे सप्ताह मे एक बार इस्तेमाल कर सकते हैं।***

***अंडा और नींबू से बनाएं मास्क***

अंडे में मौजूद प्रोटीन बालों को मजबूत बनाता है और स्किन को टाइटन करता है, जबकि नींबू तैलीयपन को कम करता है और चमक देता है।

***कैसे बनाएं***

एक अंडे को फेंटें।

सूखे बालों और स्किन के लिए जर्दी जबकि ऑयली स्कैल्प व स्किन के लिए व्हाइट हिस्से का इस्तेमाल करें।

अब इसमें 1 बड़ा चम्मच ताजा नींबू का रस मिलाएं।

इसकी एक पतली लेयर स्किन पर लगाएं। इसे 10-15 मिनट तक सूखने दें। ठंडे पानी से धो लें।

वहीं, बालों के लिए आप इसे जड़ों से लेकर सिरों तक लगाएं। 20-30 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर ठंडे पानी और शैम्पू से धो लें।

सप्ताह में एक बार इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

# किचन में मौजूद इन 3 चीजों की मदद से बनाएं फेस पैक, चेहरे पर आएगा गजब का ग्लो



कैसा हो अगर आपकी स्किन का रंग साफ हो जाए और चेहरे पर कमाल का निखार आ जाए। जाहिर सी बात है कि आप खुशी से झूम उठेंगी। अधिकतर महिलाएं व लड़कियां ग्लोइंग स्किन पाने के लिए तरह-तरह के केमिकल वाले ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। जिसकी वजह से एलर्जी, स्किन के ड्राई होने और पिंपल बढ़ने की संभावना अधिक हो जाती है। ऐसे में आज हम आपको आज एक ऐसा नुस्खा बताने जा रहे हैं, जो स्किन को सॉफ्ट और ग्लोइंग बना देगा। इस नुस्खे में इस्तेमाल की गई चीजें हमारी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है। साथ ही यह चीजें आपके किचन में मिल जाएंगी। तो आइए जानते हैं इन तीन चीजों के बारे में और इनसे फेस पैक बनाने के तरीके के बारे में

इन 3 चीजों का करें इस्तेमाल

बता दें कि हमारे किचन में कई ऐसे इंग्रीडिएंट्स मौजूद होते हैं, जो स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं। लेकिन आज हम आपको किचन में मौजूद उन 3 चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका मिश्रण फेस पर अप्लाई करने से आपका चेहरा बेदाग निखार लाने का काम करेगा।किचन रीमॉडलिंग

***फेस पैक सामग्री***

दूध- 1/2 कप

चावल का आटा- 1 चम्मच

एलोवेरा- 1 चम्मच

***ऐसे करें अप्लाई***

सबसे पहले एक छोटे से पैन में दूध और चावल के आटे को अच्छे से पका लें।

फिर जब तक यह गाढ़ा पेस्ट न हो जाए, तब तक इसको पकाएं।

जब चावल का आटा और दूध अच्छे से पक जाए तो इसको एक कटोरी में निकाल लें।

अब इसमें एक चम्मच एलोवेरा जेल डालें और इसको अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर इस फेस पैक को अपने चेहरे पर अप्लाई करें और 20 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें।

सूखने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरो धो लें और आप पाएंगे कि चेहरे की सारी गंदगी साफ हो गई और आपकी स्किन ग्लो करने लगेगी।

# फ्रेंड की बैचलर पार्टी में सबकी नजर होंगी आप पर, बस पहनें इन एक्ट्रेसस जैसी स्टनिंग ब्लैक ड्रेसेज

आजकल बैचलर पार्टी काफी ट्रेंड में है। ब्राइड की सहेलियां या कजिन सिस्टर्स मिलकर बैचलर पार्टी आयोजित करती हैं। इस दौरान काफी मौज-मस्ती होती है। बैचलर पार्टी में सभी सज-संवरकर जाना होता है। अगर आप भी अपने दोस्त या फिर कजिन की बैचलर पार्टी में शामिल होने जा रही हैं, तो इन बॉलीवुड हसीनाओं का लुक जरुर क्रिएट करें। एक्टेसस जैसा स्टनिंग लुक पाने के लिए आप इन लुक को जरुर ट्राई करें, इससे आप ग्लैमरस नजर आएगी। यदि आप ब्लैक लवर हैं और ब्लैक ड्रेस पहनने का शौक है, तो आप इन ड्रेस को जरुर ट्राई करें।

***श्राद्धा कपूर की शॉर्ट ड्रेस***

बॉलीवुड हसीना श्राद्धा कपूर ने ब्लैक ऑफ शोल्डर शॉर्ट ड्रेस पहनी है। इस लुक में श्राद्धा बेहद प्यारी लग रही है। एक्ट्रेस ने स्ट्रेट हेयर के साथ हॉट टच ग्लॉसी मेकअप किया है। स्मोकी आईज और विंग आईलाइनर में श्राद्धा काफी खूबसूरत दिख रही हैं। आप भी बैचलर पार्टी में श्राद्धा कपूर का यह लुक ट्राई कर सकते हैं। सब लोग आपको ही देखते रह जाएंगे।

***भाग्यश्री का सिक्विन स्लिट गाउन***

बैचलर पार्टी में आप ग्लैमरस दिखना चाहती हैं, तो भाग्यश्री का यह लुक जरुर ट्राई करें। भाग्यश्री ने हाई स्लिट सिक्विन गाउन लुक का आप भी स्टाइल कर सकते हैं। आप इस लुक को अच्छे दिखाने के लिए बोल्ड मेकअप और कर्ली हेयर से कंप्लीट कर सकते हैं।

***भूमि पेडनेकर कट आउट बॉडीकॉन गाउन***

ब्लैक कट आउट गोल्डन वर्क बॉडीकॉन गाउन बेचलर पार्टी के लिए सबसे बेहतरीन हो सकता है। भूमि का यह लुक आप भी स्टाइल कर सकते हैं। एक्ट्रेस की तरह ही बालों को वन साइड वेवी लुक देकर खुद को एक्ट्रेस की तरह ही ब्यूटीफुल लुक दिया जा सकता है।



***नोरा फतेही सिक्विन गाउन***

अगर आप बैचलर पार्टी में हटकर दिखना चाहती हैं, तो आप नोरा फतेही का यह सिक्विन गाउन को स्टाइल कर सकते हैं। इस ड्रेस के साथ हाई बन हेयर स्टाइल सबसे बेस्ट रहेगा। वहीं, ग्लॉसी मेकअप इस पर परफेक्ट लुक देगा।

# सर्दियों में ड्राई स्किन होगी कोमल बस इस तरह से बादाम का इस्तेमाल चेहरे पर करें

सर्द हवाओं के कारण इस मौसम में सबसे ज्यादा स्किन ड्राई होती है और यह चेहरे को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। बादाम पोषण के लिहाज से बहुत अच्छा माना जाता है क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। गौरतलब है कि बादाम गुणों की खान है। इसके सेवन से शरीर को कई माइक्रोन्यूट्रिएंट्स प्राप्त होते है। सेहत के साथ ही स्किन के लिए काफी फायदेमंद है। आमतौर पर कुछ लोग बादाम का तेल से चेहरे पर मालिश करते हैं। हालांकि, अगर आपके पास बादाम का तेल नहीं तो बादाम का फेस पैक बना सकते हैं। इस फेस पैक को चेहरे पर अप्लाई करने से स्किन ग्लो करने लगती है। चेहरे पर बादाम का पैक लगाने से फाइन लाइंस और रिंकल को भी दूर करता है। इतना ही नहीं, स्किन के एजिंग प्रोसेस को रोकता है जिससे स्किन को यंग दिखने में मदद मिलती है। जानें ऑयली और ड्राई स्किन पर कैसे लगाएं बादाम।



***ऑयली स्किन के लिए बादाम का प्रयोग कैसे करें***

ऑयली स्किन से परेशान लोगों को बादाम के तेल से बना फेस पैक चेहरे पर लगाएं। फेस पैक बनाने के लिए आप एक से दो बादाम को रातभर पानी में भिगो दें। अगली सुबह इस बादाम को पीसकर पेस्ट तैयार करें। दही में बादाम के पेस्ट को मिलाकर फेस पैक बनाएं और फिर चेहरे पर अप्लाई करें। 10-15 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें।

***दही बादाम फेस पैक लगाने का फायदा***

जिन लोगों की ऑयली स्किन होती है उनके पिंपल और एक्ने जल्दी निकलते हैं और चेहरा डल दिखता है। दही के साथ मिलाकर बादाम लगाने से न केवल पिंपल का निकलना कम होता है बल्कि तैलीय त्वचा नहीं दिखाई देती और खिला-खिला चेहरा नजर आता है।

***ड्राई स्किन के लिए बादाम सबसे अच्छा है***

ड्राई स्किन के लिए काफी फायदेमंद है बादाम। चेहरे की झुर्रियां और फाइन लाइन्स भी बादाम के फेस पैक दूर हो जाती है। बादाम के इस्तेमाल से स्किन ग्लोइंग और यंग बनाने में मदद करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए भीगे बादाम को ओट्स और दूध मिलाकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। हल्के हाथों से मसाज करें और चेहरा को साफ करें। ऐसा करने से आपके चेहरे की डेड स्किन रिमूव होती है और त्वचा ग्लो करती है।

# ब्राइडल हेयर स्टाइल के लिए परफेट हैं ये ट्रेंडी एसेसरीज, मिलेगा परफेट लुक

हर दुल्हन के लिए शादी का दिन बेहद खास होता है। इस दिन की तैयारी दुल्हन काफी समय पहले से शुरूकर देती है। वह अपने लिए अलग-अलग डिजाइन के कपड़े लेती हैं और मेकअप का सामान लेती हैं। लड़की अपनी शादी पर खास दिखने के लिए ज्वेलरी से लेकर एक्सेसरीज हर चीज का ध्यान रखती हैं। लेकिन जब बात हेयर स्टाइल की आती है, तो लड़कियां कंफ्यूज हो जाती हैं कि किस तरह की एक्सेसरीज अपने बालों में लगाएं, जिससे आपके बाल अच्छे लगेंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हेयर एक्सेसरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको लगाने से आपका ब्राइडल लुक अच्छा लगेगा।

***मोर पंख वाली हेयर एक्सेसरीज***

आजकल बालों में बेहद खूबसूरत डिजाइन वाली हेयर एक्सेसरीज लगाई जाती है। इससे आपका लुक भी बहुत सुंदर आता है। लेकिन जब बात हेयर एक्सेसरीज को खरीदने की आती है, तो कई बार कंफ्यूज हो जाते हैं। इसके लिए आप मोर पंख वाली डिजाइन वाली हेयर एक्सेसरीज को ले सकते हैं। खुले बाल और बेन हेयर स्टाइल दोनों के लिए यह आती है। जिसको आप अपने बालों में लगाकर अपने लुक को क्रिएटिव बना सकती हैं। अगर आप अपने बालों को क्रिएटिव तरीके से अट्रैक्टिव लुक देना चाहते हैं, तो इसके लिए आप झुमकी डिजाइन वाली हेयर एक्सेसरीज भी लगा सकती हैं। इस तरह की हेयर एक्सेसरीज लगाने के बाद आपका लुक बेहद प्यारा लगेगा। इस तरह से आप भी अपने लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। आपको पहले बालों में बन लगाना है और फिर इस एक्सेसरीज में आपका बन और भी अधिक सुंदर लगेगा। आप चाहें तो इसके लिए कस्टमाइज्ड कर सकती हैं।



***स्टड वाली हेयर एक्सेसरीज***

अक्सर हम ऐसे स्टोन स्टड अपने इयररिंग्स के लिए खरीदते हैं। लेकिन आप इसको अपने ब्राइडल लुक के साथ बालों में अप्लाई कर सकती हैं। इसके लिए आपको अलगअलग कलर वाले स्टड को खरीदना है। फिर इसको अपने बालों में बालों में अटैच कर लें। इसके बाद आपको बालों में ज्यादा चीजें लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इससे आपका लुक अच्छा और स्टाइलिश भी दिखेगा। आप चाहें तो इसको मल्टी कलर या फिर एक ही कलर में खरीद सकते हैं।

# सर्दियों में कॉन्टैक्टस लेंस पहननें से पहले इन टिप्स को फॉलो करना जरुरी है

हमारी आंखें बहुत संवेदनशील मानी जाती हैं और पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण इनमें परिवर्तन होते रहते हैं। अत्यधिक गर्म मौसम में चिड़चिड़ापन, सूखापन और एलर्जी के लक्षण देखने को मिलते हैं। इसी तरह, अत्यधिक ठंड की स्थिति भी हमारी आंखों पर प्रभाव डालती है, विशेष रूप से आर्द्रता कम होने पर सूखापन पैदा करती है। कॉन्टैक्ट लेंस पहनने वालों में, यह प्रभाव और भी अधिक बढ़ जाता है। इसलिए, सर्दियों के महीनों के दौरान आंखों की देखभाल बहुत महत्वपूर्ण है।

***सर्दियों में कॉन्टैक्ट लेंस पहनने के दौरान अपनाए ये टिप्स हाइड्रेटेड रहें***

सर्दियों के दौरान हाइड्रेशन काफी जरुरी है। हर दिन 6 से 8 गिलास पानी पीने की कोशिश जरुर करें। हाइड्रेशन में सूखी आंखों से बचने में मदद करता है और आपकी आंखों में नमी का संतुलन बनाए रखता है।

***आंखों को ठंडा रखें***

इस मौसम में तेज हवा ज्यादा चलती है, इससे बचना जरुरी है। आप चिकनाई वाली आई ड्रॉप्स का प्रयोग जरुर करें। जिससे जलन से बच सकते हैं और आंखों की नमी बनाएं रख सकते हैं।



***कॉन्टैक्ट लैंस कम ही पहनें***

सर्दियों के दौरान अपने कॉन्टैक्ट लेंस पहनने का समय कम से कम रखने का प्रयास करें। इससे असुविधा और सूखापन कम हो सकता है। यदि संभव हो, तो कॉन्टैक्ट लेंस को यूवी-सुरक्षात्मक चश्मे से बदलें।

***कॉन्टेक्ट लेंस की सामग्री***

आप ऐसे कॉन्टेक्ट लेंस चुनें, जो कि आंखों से पानी के वाष्पीकरण को रोकने में मदद करें और आंखों में नमी बनाएं रखें।

***अच्छी कॉन्टैक्ट लेंस स्वच्छता बनाए रखें***

आप जब भी अपने लेंस को क्लीन करें तो हमेशा अनुशंसित प्रक्रिया का पालन करें। सुनिश्चित करें कि आपका कॉन्टैक्ट लेंस केस नियमित आधार पर साफ और स्वच्छ हो।

***ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें***

अपने घर या कार्यालय में ह्यूमिडिफायर का उपयोग करने से हवा में नमी जोड़ने में मदद मिल सकती है, जिससे आपकी आंखों के शुष्क होने और उनमें जलन होने की संभावना कम हो जाती है।

# शादी के बाद आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे ये फ्रॉक सूट, देखते रह जाएंगे पति

शादियों का सीजन फिर से शुरू हो गया है। इस मौके पर दुल्हन डिजाइनर लहंगा वियर करती हैं। वहीं शादी के बाद लड़कियां ससुराल और मायके दोनों जगहों पर ट्रेडिशनल आउटफिट वियर करती हैं। वहीं अगर आप शादी के बाद पहली बार मायके जा रही हैं, तो इस दौरान हर लड़की खूबसूरत नजर आना चाहती हैं। ऐसे में आप ट्रेडिशनल आउटफिट में फ्रॉक सूट वियर कर सकती हैं। यह आपके लुक को निखारने और लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। साथ ही आप इस तरह के आउटफिट में कंफर्टेबल फील करेंगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ फ्रॉक सूट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको वियरकर आप बेहद स्टाइलिश नजर आएंगी।

***मिरर वर्क फ्रॉक सूट***

आप मायके और ससुराल दोनों जगहों पर मिरर वर्क वाला फ्रॉक सूट कैरी कर सकती हैं। यह आउटफिट ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट हैं। इस तरह के आउटफिट आप पर बेहद खूबसूरत लगेंगे। आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगहों से 2,000 रुपये तक की कीमत में इस तरह का आउटफिट में खरीद सकते हैं। इस तरह के सूट के साथ आप मिरर वर्क या चोकर वाली ज्वेलरी पहन सकती हैं।



***एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्रॉक सूट***

अगर आप स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो आपको एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्रॉक सूट वियर करना चाहिए। यह सूट आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। इस तरह के सूट आपको 2,000 से 3,000 रुपए के बीच में मिल जाएंगे। इस तरह के सूट के साथ आप कुंदन या फिर पर्ल वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। आप एम्ब्रॉयडरी वर्क में इस तरह की फ्रॉक सूट चुन सकती है। यह न्यू लुक पाने में बेस्ट है।

***सेक्विन वर्क फ्रॉक सूट***

बता दें कि यह आप मायके जाने के दौरान सेक्विन वर्क फ्रॉक सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आप काफी स्टाइलिश नजर आएंगी। इससे आपका लुक रॉयल नजर आएगा। आप मार्केट से यह आउटफिट ले सकती हैं। साथ ही आपको यह सूट ऑनलाइन भी 3,000 रुपए तक मिल जाएगा। इस तरह के सेक्विन वर्क फ्रॉक सूट के साथ हैवी झुमके या चोकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के फ्रॉक सूट के साथ हैवी वर्क वाला दुपट्टा कैरी करने से आपका लुक स्टाइलिश लगेगा। इसके साथ ही अगर आप सिंपल लुक पाना चाहती हैं, तो आप प्रिंटेड फ्रॉक सूट भी वियर कर सकती हैं। इस तरह का सूट आपके ऊपर बहुत खूबसूरत लगेगा।

## जमीन हड़पने के केस में गिरफ्तार आरोपी क्राइम ब्रांच की हिरासत से फरार



**पणजी।** पुलिस अधीक्षक (क्राइम ब्रांच) राहुल गुप्ता ने कहा कि दोनों का पता लगाने की कोशिश जारी है। गोवा पुलिस पड़ोसी राज्यों के पुलिस के संपर्क में है। आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। गोवा में जमीन हड़पने के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी चार साल से फरार रहने के बाद एक बार फिर कॉन्स्टेबल की मदद से हिरासत से भाग गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (क्राइम ब्रांच) राहुल गुप्ता ने बताया कि 55 वर्षीय सुलेमान खान को साढ़े चार साल तक फरार रहने के बाद गिरफ्तार किया गया था, लेकिन सुबह के 2:30 बजे वह क्राइम ब्रांच की कस्टडी से फिर भाग गया। क्राइम ब्रांच की जांच टीम ने उसे 12 नवंबर को गिरफ्तार किया था। वह पिछले 30 दिनों से क्राइम ब्रांच की हिरासत में था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के कॉन्स्टेबल अमित नाइक ने आरोपी सुलेमान खान को लॉक-अप से रिहा किया था। बाद में दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। ओल्ड गोवा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज किया गया है। उन्हें पड़ोसी राज्यों में प्रवेश करने से रोकने के लिए सीमाओं को सील करने के आदेश दिए गए। पुलिस अधीक्षक (क्राइम ब्रांच) राहुल गुप्ता ने कहा, दोनों का पता लगाने की कोशिश जारी है।

# प्रोफेसर के हाथ काटने के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे शख्स को हाईकोर्ट से राहत, दी गई सशर्त जमानत

**फैसला**

**साल 2010 में एक प्रोफेसर के हाथ काटने के मामले में अब केरल हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है।**




**तिरुवनंतपुरम।** साल 2010 में एक प्रोफेसर के हाथ काटने के मामले में अब केरल हाईकोर्ट ने मुख्य साजिशकर्ता को जमानत दे दी है, जिसे पिछले साल एक विशेष एनआईए अदालत ने दोषी ठहराया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। साल 2010 में एक प्रोफेसर के हाथ काटने के मामले में अब केरल हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है। उसने इस मामले के मुख्य साजिशकर्ता को जमानत दे दी है, जिसे पिछले साल एक विशेष एनआईए अदालत ने दोषी ठहराया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन और न्यायमूर्ति पीवी बालकृष्णन की पीठ ने दोषी एम के नासर की सजा को निलंबित कर दिया, जबकि एनआईए अदालत के फैसले के खिलाफ उसकी अपील हाईकोर्ट में लंबित है। बता दें, एनआईए अदालत ने नासर को मामले में मुख्य साजिशकर्ता पाया था। पीठ ने इस बात पर गौर किया कि नासर को आरोप सिद्ध होने से पहले और बाद नौ साल से अधिक समय तक जेल में रहना पड़ा है। जबकि उसके जैसे आरोपों का सामना कर अन्य आरोपियों को कम समय के लिए जेल की सजा दी गई थी तथा सजा पूरी करने के बाद उन लोगों को रिहा कर दिया गया था। इसके अलावा, सत्र न्यायाधीश के निष्कर्षों के खिलाफ एनआईए द्वारा दायर अपीलों पर अलग-अलग विचार किया जा रहा है, जिन पर अभी तक अभी तक सुनवाई नहीं हुई है। पीठ ने कहा, इसमें देरी की भी संभावना है क्योंकि मुख्य आरोपी ने आत्मसमर्पण कर दिया है और सत्र न्यायाधीश को कानून के अनुसार मुकदमे को अपने हाथ में लेना होगा तथा उसका निपटारा करना होगा। इसके लिए कुछ मूल रिकॉर्ड की आवश्यकता हो सकती है। हाईकोर्ट ने कहा कि इन तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, उसका मत है कि नासर को दी गई सजा को उसकी अपील पर विचार होने तक निलंबित किया जा सकता है। अदालत ने उन्हें इस शर्त के अधीन राहत दी कि वह सत्र न्यायाधीश की संतुष्टि के लिए एक लाख रुपये की राशि के लिए एक बांड और समान राशि के दो जमानतदार पेश करेंगे। साथ ही बिना हाईकोर्ट के अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ सकते हैं, मुख्य आरोपी के संबंध में चल रही सुनवाई में हस्तक्षेप नहीं करेंगे या गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे तथा जमानत पर बाहर रहते हुए कोई अपराध नहीं करेंगे। विशेष एनआईए अदालत ने मामले में सुनवाई के दूसरे चरण में नासर को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अपराधों के साथ ही हत्या का प्रयास, साजिश रचने तथा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत विभिन्न अन्य अपराधों का दोषी पाया था।वह हाथ काटने के मामले में मुकदमे के दूसरे चरण में दोषी ठहराए गए छह लोगों में से एक था।

## हम पड़ोसी के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं, मगर सब उन पर ही निर्भर, जयशंकर की पाकिस्तान को दो टूक



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि 2019 में पाकिस्तान द्वारा लिए गए कुछ फैसलों के कारण व्यापार के संबंधों में रुकावट आई है। किसी भी अन्य पड़ोसी की तरह हम पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध रखना चाहते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में एक बार फिर पाकिस्तान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ अच्छे और आतंक मुक्त संबंध चाहता है। हालांकि, अगर वह अपने पिछले व्यवहार को नहीं बदलता है, तो द्विपक्षीय संबंधों पर इसका असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 में पाकिस्तान द्वारा लिए गए कुछ फैसलों के कारण व्यापार के संबंधों में रुकावट आई है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान कहा, मैं माननीय सदस्य को सूचित करना चाहूंगा कि पाकिस्तान के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के मामले में, किसी भी अन्य पड़ोसी की तरह, हम पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध रखना चाहते हैं। मगर किसी भी अन्य पड़ोसी की तरह, हम आतंकवादियों से मुक्त संबंध भी रखना चाहेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार का यही रुख रहा है। उन्होंने कहा, हम यह साफ कर चुके हैं कि पाकिस्तान पर अब निर्भर है। वह यह दिखाए कि अपना पिछला व्यवहार बदल रहा है। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो निश्चित रूप से संबंधों पर इसका असर पड़ेगा। इसलिए इस मामले में गेंद पूरी तरह से पाकिस्तान के पाले में है। बता दें, केंद्र द्वारा जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त हो गए थे।

## जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए राज्यसभा में नोटिस

**नई दिल्ली।** जस्टिस यादव के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की मांग करते हुए न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 और संविधान के अनुच्छेद 218 के तहत प्रस्ताव के लिए नोटिस पेश किया गया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को न्यायमूर्ति यादव के कथित विवादास्पद बयानों पर समाचार रिपोर्टों का संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस मुद्दे पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जानकारी मांगी। विपक्षी दलों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के विवादास्पद बयान के लिए उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए राज्यसभा में नोटिस दिया। सूत्रों के मुताबिक, जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग के लिए राज्यसभा में दिए गए नोटिस पर 55 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। इनमें कांग्रेस के कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा और दिग्विजय सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जॉन ब्रटास, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मनोज कुमार झा और तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले शामिल हैं। सांसदों ने राज्यसभा महासचिव से मुलाकात की और महाभियोग का नोटिस सौंपा। जस्टिस यादव के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने की मांग करते हुए न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 और संविधान के अनुच्छेद 218 के तहत प्रस्ताव के लिए नोटिस पेश किया गया है। नोटिस में कहा गया कि विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यक्रम में न्यायमूर्ति की ओर से दिए गए भाषण या व्याख्यान से प्रथम दृष्टया पता चलता है कि उन्होंने भारत के संविधान का उल्लंघन करते हुए नफरत फैलाने वाला भाषण दिया और सांप्रदायिक विद्वेष को भड़काया। नोटिस के मुताबिक, %न्यायाधीश ने प्रथम दृष्टया अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया और उनके खिलाफ पूर्वाग्रह-पक्षपात जाहिर किया। जज ने समान नागरिक संहिता से संबंधित राजनीतिक मामलों पर सार्वजनिक बहस में भाग लिया या सार्वजनिक रूप से अपने विचार व्यक्त किए, जो न्यायिक जीवन के मूल्यों के पुनर्कथन, 1997 का उल्लंघन है। विश्व हिंदू परिषद के आठ दिसंबर को आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति यादव ने कथित तौर पर कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है।

## कूड़ेदान से मिला व्यक्ति का कटा हुआ सिर, शरीर के अन्य हिस्सों का पता लगाने की कोशिश जारी

**कोलकाता।** कटे हुए सिर को जांच के लिए एमआर बांगुर अस्पताल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कूड़े से मानव शरीर का अंग बरामद किया गया।पश्चिम बंगाल में कोलकाता के टॉलीगंज इलाके में कूड़े के ढेर से एक कटा हुआ व्यक्ति का सिर बरामद हुआ। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने गोल्फ ग्रीन के पास ग्राहम रोड पर एक प्लास्टिक बैग देखा, जिसमें कटा हुआ सिर था। घटना की जानकारी पाकर दक्षिण उपनगरीय डिवीजन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, स्थानीय पुलिस स्टेशनों के कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। शरीर के बाकी हिस्सों का पता लगाने की कोशिश जारी है।कटे हुए सिर को जांच के लिए एमआर बांगुर अस्पताल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कूड़े से मानव शरीर का अंग बरामद किया गया।

# तीन आतंकियों को मारने के लिए सीआरपीएफ जवान ने दागी थीं 27 गोलियां

**तैनात**

**संसद पर हमले के दौरान गेट नंबर छह पर तैनात रहे सीआरपीएफ के हवलदार डी. संतोष कुमार ने हैंड ग्रेनेड और फायरिंग की आवाज सुनकर अपने इंचार्ज को जानकारी दी।**




**नई दिल्ली।** छह माह पहले ही डी संतोष कुमार की ट्रेनिंग पूरी हुई थी। कभी नहीं सोचा था कि पहली पोस्टिंग संसद भवन में होगी। खैर जो भी रहा हो, सीआरपीएफ ने उन्हें मौत के साथ उठना-बैठना सिखा दिया था। संसद भवन पर हमले ने दिमाग घुमाकर रख दिया। सीआरपीएफ के हवलदार डी संतोष कुमार ने संसद भवन परिसर में घुसे तीन आतंकियों को मार गिराने के लिए 27 गोलियां दागी थी। उस वक्त संतोष के दिमाग में एक ही सोच थी कि जैश-ए-मोहम्मद के पांच दहशतगर्दों को संसद भवन के भीतर जाने से रोकना है और उन्हें वापस भी नहीं जाने देना है। हर सूरत में पांचों दहशतगर्दों को मार गिराना है। ऐसा ही हुआ। छह मिनट तक चली आमने-सामने की फायरिंग में मानव बम सहित सभी आतंकियों को मार गिराया गया। बता दें कि छह माह पहले ही डी संतोष कुमार की ट्रेनिंग पूरी हुई थी। कभी नहीं सोचा था कि पहली पोस्टिंग संसद भवन में होगी। खैर जो भी रहा हो, सीआरपीएफ ने उन्हें मौत के साथ उठना-बैठना सिखा दिया था। संसद भवन पर हमले ने दिमाग घुमाकर रख दिया। बेशक चार आतंकी ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए आगे बढ़ रहे थे, लेकिन जवानों ने यह सोच लिया था कि एक भी आतंकी जिंदा नहीं बचेगा। छह मिनट तक आमने-सामने की फायरिंग चली। तीन आतंकियों को मारने के लिए 27 गोलियां दागी थीं। संसद पर हमले के दौरान गेट नंबर छह पर तैनात रहे सीआरपीएफ के हवलदार डी. संतोष कुमार ने हैंड ग्रेनेड और फायरिंग की आवाज सुनकर अपने इंचार्ज को जानकारी दी। इससे पहले आतंकियों से निपटने की कोई रणनीति बनती, संसद के गेट नंबर नौ की तरफ चार आतंकी, जिनमें एक मानव बम भी था, भागे आ रहे थे। चारों आतंकी हैंड ग्रेनेड फेंकने के अलावा ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे थे। संतोष कुमार ने अपनी एसएलआर से पहले दो-तीन गोलियां दागीं। चूंकि सभी आतंकी एक साथ फायरिंग कर रहे थे, इसलिए संतोष ने एक पेड़ की आड़ ली। इसके बाद यह सोचते हुए गोली कहीं भी लगे, बाहर निकल कर उसने आतंकियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। मात्र छह मिनट में तीन आतंकी मार दिए गए। चौथा आतंकी जो मानव बम था, उसे सुखविंद्र सिंह ने खत्म कर दिया। संतोष की पत्नी सिंधु दूबे और बेटी सौम्या ने कई बार कहा था कि उन्हें संसद भवन का वह स्थान देखना है, जहां पर सभी आतंकी मारे गए थे। बतौर संतोष, उसने वादा किया था कि वह एक दिन उन्हें संसद भवन परिसर अवश्य दिखाएंगे। संसद पर हुए हमले के बाद संतोष कुमार की पोस्टिंग कश्मीर में हो गई थी। उसके बाद उत्तर-पूर्व और फिर नक्सली इलाकों में। इसी तरह तैनाती चलती रही। 14-15 साल तक बीत गए, लेकिन वे अपने परिवार को संसद भवन दिखाने का समय ही नहीं निकाल सके। संसद भवन हमले के मुख्य आरोपी अफजल गुरू, जिसे फरवरी 2013 में फांसी दी गई थी, उस वक्त संतोष कुमार दिल्ली में तैनात थे। उन्होंने बल मुख्यालय को परिवार साथ रखने के लिए आवेदन दिया था। मंजूरी मिलने के बाद ही वे अपने परिवार को संसद भवन दिखाने में कामयाब हुए।

# दिल्ली-मुंबई-तुर्किये जा रहे इंडिगो के 400 यात्री इस्तांबुल में फंसे, खाने को तरसे; एयरलाइन से दी सफाई




**इस्तांबुल।** एक यात्री ने बताया कि उड़ान पहले दो घंटे देर हुई और फिर अचानक बताया गया कि उसे रद्द कर दिया गया है। आखिरकार 12 घंटे बाद बताया गया कि उड़ान का समय बदला गया है। इंडिगो का सिस्टम एक बार फिर ठप हो गया। नई दिल्ली-मुंबई और तुर्किये के बीच यात्रा करने वाले करीब 400 यात्री इस्तांबुल हवाईअड्डे पर 24 घंटे तक फंसे रहे। जब परेशान यात्रियों ने सवाल करना शुरू किया तो एयरलाइन का कहना था कि परिचालन संबंधी कारणों से उड़ान में देरी हुई। यात्रियों ने सोशल मीडिया मंच एक्स और लिंक्डइन पर अपना गुस्सा जताया। उन्होंने दावा किया कि उड़ान में पहले देरी हुई और फिर बिना किसी जानकारी के उसे रद्द कर दिया गया। अनुश्री भंसाली नाम की एक यात्री ने बताया कि उड़ान पहले दो घंटे देर हुई और फिर अचानक बताया गया कि उसे रद्द कर दिया गया है। आखिरकार 12 घंटे बाद बताया गया कि उड़ान का समय बदला गया है, जिससे हम सभी फंस गए। उन्होंने बुखार और थकान की शिकायत करते हुए कहा कि यात्रियों को न तो ठहरने की कोई सुविधा दी गई और न ही भोजन उपलब्ध कराया गया। इतना ही नहीं बल्कि इंडिगो के किसी कर्मचारी ने भी हमसे संपर्क नहीं किया।

एक अन्य यात्री रोहन राजा ने कहा कि दिल्ली से सुबह छह बजकर 40 मिनट पर उड़ान रद्द होने के बाद लोगों को ठंड से जूझना पड़ा। उनका दावा था कि एयरलाइन ने उन्हें कथित रूप से उपलब्ध कराए गए आवास तक कोई परिवहन उपलब्ध नहीं कराया। एक और यात्री पार्श्व मेहता ने बताया कि सवा आठ बजे की उड़ान को पहले रात 11 बजे तक टाला। उसके बाद फिर अगले दिन सुबह 10 बजे टाल दिया गया। अफरा-तफरी की स्थिति तब बन गई जब इंडिगो की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई और जानकारी तुर्की एयरलाइंस के चालक दल से हासिल हुई। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, %हमें बताया गया था कि हमें मुआवजे के रूप में इस्तांबुल हवाई अड्डे पर लाउंज मिलेगा। मगर लाउंज फंसे हुए यात्रियों की संख्या में काफी छोटा था। हम में से कई लोग घंटों तक खड़े रहे। मगर कोई वैकल्पिक उड़ान उपलब्ध नहीं कराई गई। यहां तक कि कोई उचित जानकारी भी नहीं दी गई थी। इस महीने की शुरुआत में एयरहेल्प स्कोर रिपोर्ट 2024 ने इंडिगो को दुनिया की सबसे खराब एयरलाइनों में शामिल किया था, विश्लेषण की गई 109 एयरलाइनों में से इसे 103वां स्थान दिया गया था। रिपोर्ट में एयर इंडिया को 61वें और एयरएशिया को 94वें स्थान पर रखा गया था।

# ट्रंप के टैरिफ लगाने के जवाब में कनाडा भी उठा सकता है सख्त कदम, ऊर्जा की सप्लाई रोकने पर विचार

**कनाडा**

**अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते महीने कनाडा पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने की बात कही थी।**



**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को देश के विभिन्न राज्यों को प्रीमियर्स के साथ बैठक की। इस बैठक में डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के कदम के जवाब पर चर्चा की गई। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते महीने कनाडा पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने की बात कही थी। अब खबर आई है कि कनाडा की सरकार भी ट्रंप के ऐसे किसी कदम पर सख्त कदम उठा सकती है। दरअसल कनाडा के विभिन्न राज्यों के प्रीमियर्स (सीएम) ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को सलाह दी है कि अगर अमेरिका, कनाडा पर टैरिफ लगाने का फैसला करता है तो कनाडा को भी तीखा पलटवार करना चाहिए। कुछ प्रीमियर्स ने कनाडा से अमेरिका को होने वाली ऊर्जा की सप्लाई बंद करने की भी सलाह दी है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को देश के विभिन्न राज्यों को प्रीमियर्स के साथ बैठक की। इस बैठक में डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के कदम के जवाब पर चर्चा की गई। ट्रंप के कनाडा पर टैरिफ लगाने के बयान के बाद यह दूसरी ऐसी बैठक थी, जिसमें कनाडा द्वारा अमेरिका के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की गई। इस बैठक में कनाडा की वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड भी थीं। बैठक के दौरान कई प्रीमियर्स ने अमेरिका के खिलाफ सख्त कदम उठाने की ट्रूडो सरकार को सलाह दी। कनाडा की वित्त मंत्री ने बैठक के बाद बताया कि कुछ राज्यों के प्रीमियर्स ने उन उत्पादों की पहचान करने और उनका निर्यात रोकने की सलाह दी है, जो कनाडा से अमेरिका को निर्यात किए जाते हैं और जो अमेरिका के लिए अहम हैं। कनाडा द्वारा काफी मात्रा में अमेरिका को तेल, नेचुरल गैस और बिजली की सप्लाई की जाती है। कुछ प्रीमियर्स ने अमेरिका की ये ऊर्जा सप्लाई रोकने की सलाह दी। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप ने बीते महीने एक बयान में कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सामान पर 25 फीसदी तक टैरिफ लगाने की बात कही थी। ट्रंप ने कहा था कि जब तक ये देश अपने सीमा से होने वाली ड्रग्स की सप्लाई और अवैध अप्रवासियों को नहीं रोकते हैं, तब तक वे टैरिफ लगाएंगे। अमेरिका और कनाडा के बीच सालाना व्यापार अरबों डॉलर का है। अमेरिका के ट्रेड रिप्रजेंटेटिव्स के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका और कनाडा के बीच साल 2022 में 614 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। ऐसे में अगर ट्रंप, कनाडा से आने वाले सामान पर टैरिफ लगाने का फैसला करते हैं और उसके जवाब में कनाडा भी सख्त कदम उठाता हो तो इससे दोनों देशों के रिश्तों में तनातनी पैदा हो सकती है।

# कुछ भी हो सकता है, ईरान-अमेरिका युद्ध की आशंकाओं पर ट्रंप का चौंकाने वाला बयान

**दबाव**

**अब जब ट्रंप फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं तो माना जा रहा है कि अमेरिका फिर से ईरान पर दबाव बढ़ा सकता है।**



**वॉशिंगटन।** साल 2020 में ट्रंप ने ही ईरान के खिलाफ हवाई हमले की मंजूरी दी थी, जिसमें ईरान के शीर्ष सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत हो गई थी। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है। दरअसल टाइम मैग्जीन के साथ एक बातचीत के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि ईरान के अमेरिका साथ युद्ध की कितनी आशंका है? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि कुछ भी हो सकता है। ट्रंप को टाइम मैग्जीन ने पर्सन ऑफ द ईयर चुना है। ट्रंप ने कहा कि कुछ भी हो सकता है। कुछ भी हो सकता है। यह एक बहुत ही अस्थिर स्थिति है। ट्रंप ने कहा, उन्हें लगता है कि फिलहाल सबसे खतरनाक स्थिति यूक्रेन द्वारा रूस के भीतर मिसाइलें दागना है, जिससे लड़ाई और भीषण हो सकती है। गौरतलब है कि अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी ट्रंप का रुख ईरान के प्रति खासा सख्त रहा था। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड दल ने ट्रंप की हत्या की धमकी दी थी, जिसके बाद ट्रंप ने ईरान को कड़े शब्दों में धमकी दी थी। हालांकि ईरान ने आरोपों से इनकार किया था। साल 2020 में ट्रंप ने ही ईरान के खिलाफ हवाई हमले की मंजूरी दी थी, जिसमें ईरान के शीर्ष सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत हो गई थी। साल 2015 में बराक ओबामा सरकार में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौता हुआ था, लेकिन साल 2018 में ट्रंप ने उस समझौते को तोड़कर ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे, जिससे ईरान की यूरेनियम संवर्धन की क्षमता कम हो गई थी और उसके परमाणु कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा था। अब जब ट्रंप फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं तो माना जा रहा है कि अमेरिका फिर से ईरान पर दबाव बढ़ा सकता है। ट्रंप के एक करीबी नेता ने अपने बयान में कहा है कि राष्ट्रपति पद संभालने के बाद पहले दिन से ही ट्रंप, ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति पर काम करेंगे ताकि पश्चिम एशिया में जारी हालात को काबू किया जा सके।

# जीवनसाथियों के लिए वर्क परमिट अवधि 540 दिन होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ग्रीन कार्ड चाहने वाले एच-1बी वीजा धारकों के जीवनसाथी (एच-4 वीजा) तथा एल-1 वीजा धारकों के जीवनसाथी (एल-2 वीजा) वर्क परमिट के लिए पात्र हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा मंत्रालय (डीएचएस) एच-1बी और एल-1 वीजा धारकों के जीवनसाथियों के लिए स्वचालित वर्क परमिट नवीनीकरण अवधि को 180 दिनों से बढ़ाकर 540 दिन करने जा रहा है। यह बदलाव 13 जनवरी, 2025 से प्रभावी होंगे और 4 मई, 2022 को या उसके बाद दाखिल किए गए आवेदनों पर लागू होंगे। इस विस्तार का मकसद प्रसंस्करण में देरी के कारण काम में रुकावटें रोकना है। भारतीयों को इस संसोधन से काफी फादा होगा। अमेरिका में ग्रीन कार्ड चाहने वाले एच-1बी वीजा धारकों के जीवनसाथी (एच-4 वीजा) तथा एल-1 वीजा धारकों के जीवनसाथी (एल-2 वीजा) वर्क परमिट के लिए पात्र हैं। डीएचएस मंत्री एलेजांद्रो एन. मयोरकास ने कहा, जनवरी 2021 से, अमेरिकी अर्थव्यवस्था ने 1.6 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा की हैं और गृह सुरक्षा मंत्रालय व्यवसायों को उन्हें भरने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। कुछ रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों के लिए स्वचालित विस्तार अवधि बढ़ाने से लालफीताशाही को यूएससीआईएस के निदेशक उर एम. जादौ ने कहा, हम अपने देश की अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए आव्रजन प्रणाली में बाधाओं व बोझ को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह अंतिम नियम अमेरिकी नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों को बेहतर तरीके से बनाए रखने में निश्चित ही सार्थक ढंग से मदद करेगा।

# राष्ट्रपति बाइडन ने इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए बनाई खास रणनीति



डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान कुछ मुस्लिम बहुल देशों के लोगों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के पहले दिन रद्द कर दिया था। इस्राइल-गाजा जंग शुरू होने के बाद अमेरिका में मुस्लिमों और अरब के खिलाफ नफरत तेजी से बढ़ रही है। इसी का मुकाबला करने के लिए लंबे समय से इंतजार की जा रही रणनीति का राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को खुलासा किया। उन्होंने भेदभाव को कम करने के लिए निरंतर काम करने का आह्वान किया। 64 पन्नों का यह दस्तावेज डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से कुछ सप्ताह पहले आया है। बता दें, ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान कुछ मुस्लिम बहुल देशों के लोगों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे बाइडन ने अपने कार्यकाल के पहले दिन रद्द कर दिया था। यह व्हाइट हाउस द्वारा पिछली साल सितंबर से जारी यहूदी-विरोधी भावना से लड़ने की व्यापक रणनीति को दिखाता है। हालांकि, यह कदम छह साल के लड़के वाडिया अल-फयूम की हत्या के एक साल से अधिक समय बाद उठाया गया है, जिसे एक व्यक्ति ने चाकू मार दिया था। उसे और उसकी मां को सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया था क्योंकि वे फलस्तीनी-अमेरिकी थे। बाइडन ने शिकागो में बच्चे और उसकी मां पर हुए हमले को जघन्य कृत्य बताया। साथ ही मुस्लिम-विरोधी और अरब-विरोधी घृणा अपराधों, भेदभाव और धमकाने के मामलों में तेजी से हुई वृद्धि का भी उल्लेख किया। उन्होंने इसे गलत और अस्वीकार्य बताया। राष्ट्रपति ने कहा, मुसलमानों और अरबियों को भी अमेरिकियों के साथ सम्मान के साथ जीने और हर अधिकार का आनंद लेने के हकदार हैं। ऐसी नीतियां जो पूरे समुदायों के खिलाफ भेदभाव का कारण बनती हैं, गलत हैं और हमें सुरक्षित रखने में नाकाम हैं। मुस्लिम नागरिक अधिकार समूह काउंसिल ऑन अमेरिकन इस्लामिक रिलेशंस ने इस रणनीति को बहुत कम और देरी बताया। इसके साथ ही संघीय निगरानी सूची और नो-फ्लाई सूची को समाप्त न करने के लिए व्हाइट हाउस को दोषी ठहराया, जिसमें कई अरब और मुस्लिम अमेरिकी शामिल हैं। वहीं, ट्रंप की ट्रांजिशन टीम ने इस रणनीति पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है या वह इसका समर्थन करेगी या नहीं। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन प्रशासन को उम्मीद है।

# सीएमओ ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**अवधनामा संवाददाता**

**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं व इंडिकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा शुक्रवार की शाम चार बजे की। मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा के दौरान फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उप कृषि निदेशक को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर आगामी बैठक तक अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नमामि गंगे,15वां वित्त आयोग (पंचायत), व्यक्तिगत शौचालय एवं मध्यान्ह भोजन आदि योजना/ इंडिकेटर्स में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाना सुनिश्चित करें, जिससे सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार आ सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत शेष रह गए विद्यालयों को सभी पैरामीटर से संतृप्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो एवं भुगतान में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि पात्र लाभार्थियों का चयन कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सेतुओं के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माण कार्य में आ रही समस्या का निस्तारण कराते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाय। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने कार्यालय में ई-ऑफिस के तहत् शीघ्र कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

# धान कुटाई करते समय साड़ी फंसने से महिला की मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**भीमपुरा।** थाना क्षेत्र के बरौली गांव में शुक्रवार की अपराह्न टैक्टर राइस मिल से धान कुटाई करते समय साड़ी फंसने से महिला की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने टैक्टर राइस मिल व चालक को कब्जे में ले लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना क्षेत्र के बरौली निवासी सरस्वती देवी 53 वर्ष शुक्रवार की अपराह्न धान कूटाने के लिए अपने घर ट्रैक्टर वाला राइस मिल बुलाकर धान की कुटाई करा रही थी इसी बीच सरस्वती देवी का आंचल राइस मिल के साफ्ट में फंस गया। चालक राइस मिल बंद करते करते महिला काल के गाल में समा गई उसका शव पुरी तरह छत विक्षत हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। बतादें कि मृतक सरस्वती देवी अपने दो पुत्रियों के साथ घर रहकर खेती बारी का कार्य करती थी पति संजय मौर्य व दो पुत्र बाहर नौकरी करते है। वही मृतक का देवर चंद्रेश मौर्य की तहरीर पर पुलिस ने राइस मिल चालक व वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का धरना

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आवाहन पर एवं नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफइलेक्ट्रीशिटी इम्पलाईज एण्ड इन्जिनियर्स के राष्ट्रीय कमेटी के निर्णय के अनुसार राष्ट्र व्यापी विरोध दिवस पर उ0प्र0 में बिजली क्षेत्र की निजीकरण की किसी भी एकतरफा कार्यवाही के विरोध में आज देश भर में राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस पर विरोध सभायें करने के आवाहन पर आज आजमगढ़ के विद्युत कर्मचारियों एवं अभियन्ता अधिकारियों ने कार्यालय समय के बाद सायकाल 05रू00 बजे के बाद सिधारी हाईडिल कार्यालय के बाहर शांन्तिपूर्ण विरोध दिवस एवं विरोध सभाकर दुखः एंव आक्रोश व्यक्त करते हुए ऊर्जा क्षेत्र, प्रदेश के विकास, किसानों, विद्युत उपभोक्तओं, नौजवानों के हित में विद्युत कर्मचारियों, इन्जीनियरों, अधिकारियों के शोषण के खिलाफ ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया। विरोध सभा में विद्युत कर्मचारी, अभियन्ताओं ने कहा कि उ0प्र0 में बिजली व्यवस्था में सबसे ज्यादा सुधार विद्युत कर्मचरियों, अभियन्ताओं के कडी मेहनत से हुआ है, और लगातार हो रहा है। लेकिन पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन ने अचानक पूर्वान्चल और दक्षिणान्चल विद्युत वितरण निगमों के प्रदेश के 42 जनपदों में बिजली वितरण के निजीकरण की घोषणा कर बिजली कर्मियों को उद्वेलित कर दिया है। एवं अनवश्यक रूप से ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बना दिया है। बिजली कर्मी अभी भी पूरी मेहनत से कार्य कर रहें है, और निजीकरण के विरोध में सभी ध्यानाकर्षण कार्यक्रम कार्यलय समय के उपरान्त कर रहे है। जिससे बिजली व्यवस्था पर काई दुषप्रभाव न पड़े, और उपभोक्तओं को काई दिक्कत न हो। लेकिन प्रबंन्धन औद्योगिक अशांन्ति उत्पन्न कर अब इसे पटरी से उतार देने पर तुला हुआ है, तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंन्त्री से मॉग की कि वे प्रभावी हस्तक्षेप करने की कृप करें। पॉवर करपोरेशन प्रबंन्धन विद्युत वितरण निगमों की अरबो, खरबो की बिजली की परिसम्पत्तियों को कौडियों के मोल बेचने की साजिस कर रहा है।

# नवीनीकृत कलेक्ट्रेट बार गेट का डीएम ने किया शुभारंभ

**70 वर्ष से ऊपर के अधिवक्ताओं का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए लगाया गया कैंप**



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट बार परिसर में 70 वर्ष से ऊपर के अधिवक्ताओं का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु और उनके स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र और पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के द्वारा उक्त कैम्प का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बार के अध्यक्ष के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का अनुरोध किया था, जिसके क्रम में मुख्यमंत्री के प्रेरणा से आज कैम्प लगाकर 70 वर्ष से ऊपर के अधिवक्ताओं का आयुष्मान कार्ड बनाया गया इसके साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान दवाओं और च्यवनप्रास का वितरण भी किया गया।

नवीनीकृत कलेक्ट्रेट बार गेट का जिलाधिकारी के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बार के अध्यक्ष मनोज मिश्र, महामंत्री लाल बहादुर यादव, स्वास्थ्य विभाग से जिला सूचना प्रणाली प्रबन्धक हिमाशू शेखर सिंह, डा. बद्री विशाल पाण्डेय, अवनीश श्रीवास्तव, डा. राजीव यादव, सहित अन्य पदाधिकारी व अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# वैदिक मंत्रों के बीच पीएम मोदी ने किया संगम अभिषेक

**त्रिवेणी संगम में अक्षत, चंदन, रोली, पुष्प और वस्त्र अर्पित कर पीएम मोदी ने की महाकुम्भ के सफल आयोजन की कामना**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा पर त्रिवेणी संगम में पूजा अर्चना कर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहे महाकुम्भ के सफल आयोजन की कामना की। पीएम मोदी ने इस अवसर पर गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी की आरती कर वैश्विक कल्याण का भी संकल्प लिया। तीर्थ पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच पूरा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने त्रिवेणी में अक्षत, चंदन, रोली, पुष्प और वस्त्र भी अर्पित किए।

इससे पूर्व पीएम मोदी ने प्रमुख साधु संतों का आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर पीएम के साथ सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निषादराज क्रूज पर सवार होकर संगम नोज पर पहुंचे। किला घाट पर फ्लोटिंग जेटी से होते हुए वो क्रूज पर सवार हुए। व्हाइट कुर्ता-पजामा, ब्लू जैकेट, मैरून कलर की शॉल पहने पीएम मोदी ने क्रूज पर सवार होने के बाद डेक पर खड़े होकर यमुना की लहरों को निहारा। यहां से वह घूम-घूमकर पूरे क्षेत्र का अवलोकन भी करते नजर आए। इसके बाद रिवर क्रूज पर विहार का भी आनंद उठाया। संगम नोज पर सीएम योगी और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने एक बार फिर उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी ने साधु संतों से मुलाकात की और उनका अभिवादन किया। इस दौरान एक संत ने उन्हें मोतियों की माला भी भेंट की।

यहां से पीएम सीधे संगम नोज पर बने पंडाल में पहुंचे। यहां उपस्थित तीर्थ पुरोहितों ने उन्हें आसन ग्रहण कराया। पीएम के अगल-बगल में सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी आसन ग्रहण किया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पीएम मोदी ने पूजा अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने उनसे आचमन भी कराया। पीएम मोदी ने खड़े होकर त्रिवेणी का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। पीएम मोदी, सीएम योगी और राज्यपाल ने अक्षत, चंदन, रोली और पुष्पमाला के साथ ही त्रिवेणी में वस्त्र भी अर्पित किया। इसके बाद पीएम ने संगम आरती भी की। अंत में पीएम मोदी ने विशेष रूप से सजाए गए प्रांगण में फोटोशूट भी कराया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# बालिका से पड़ोस के युवक ने किया दुष्कर्म

**अवधनामा संवाददाता**

**मुकदमा दर्ज, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**बलिया।** खबर यूपी के बलिया से है, जहां शहर कोतवाली के एक मोहल्ले में एक युवक द्वारा बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला गुरुवार की देर रात प्रकाश में आया। जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उधर, घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर फोरेंसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया।

बता दे कि गुरुवार की देर रात एक प्रार्थिनी शहर कोतवाली में आकर सूचना दिया कि उनकी 12 वर्षीय पुत्री को पड़ोस में रहने वाले युवक ने अपने घर किसी काम के बहाने बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी युवक का घर पीड़िता के मकान से करीब 100-150 मीटर दूरी पर है। जिसके यहां बालिका व युवक आना जाना लगा रहता है। जिसने इस घटना को अंजाम दिया। इस बाबत पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि कोतवाली में पीड़िता की मां के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता की उम्र करीब 12 तथा आरोपी की उम्र 30 साल है। मेरे व फोरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण् कर लिया गया है और अग्रिम कार्रवाई प्रचलित है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लॉक प्रमुख ने गरीबों में कंबल वितरण किया



**जौनपुर। (नेवढ़िया)** शुक्रवार को स्वर्गीय निर्मला सेठ की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम पंचायत कोलवारी,भवानीगंज में ग्राम प्रधान संतोष सेठ ने अपने माता की पुण्यतिथि पर रामायण पाठ कर 351 गरीब असहाय को कम्बल वितरण ब्लॉक प्रमुख रामपुर माननीय राहुल सिंह जी के हाथों करवाया। गरीब असहाय, वनवासी लोगों की भीड़ कम्बल लेने के लिए लगी रही। सभी कम्बल पाकर अत्यन्त खुश थे। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीबों को कम्बल वितरित करना पुण्य का कार्य है। गरीब, असहाय लोगों को हर संभव मदद करना और उनको सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। ब्लॉक रामपुरअंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में ठंड में अलाव की व्यवस्था हर चौराहे व सार्वजनिक स्थानों पर की जाएगी। इस कार्यक्रम में संतोष सेठ, पंकज सिंह ,शानू सिंह, विपुल सिंह, चंद्रशेखर यादव, अरुण सिंह, शुभम सिंह, शनि सिंह, ग्राम प्रधान महेवा, संतोष सिंह व सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### अतुल सुभाष आत्महत्या के आरोपियों घर पर कर्नाटक पुलिस ने चस्पा की नोटिस

**जौनपुर।** अतुल सुभाष मोदी आत्महत्या मामले में आरोपी बनाये गये, निकिता सिंघानिया और उनकी माँ ,भाई व बड़े पिता के नाम से कर्नाटक पुलिस ने जौनपुर नगर कोतवाली क्षेत्र के मधारी टोला मोहल्ले में स्थित उनके घर पर पहुंची, मकान में ताला बंद होने कारण घर पर नोटिस चस्पा कर दिया है। नोटिस में तीन दिन के भीतर सभी आरोपियों को कर्नाटक के बेंगलुरु शहर के मराठहल्ली पुलिस स्टेशन में आकर जवाब देने को कहा है। इस मामले में टीम के इंस्पेक्टर रंजीत कुमार से बात करने की कोशिश किया गया तो उन्होंने ने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया।

### आज होगी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**आजमगढ़।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ धनंजय कुमार मिश्रा ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जय प्रकाश पाण्डेय माननीय जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में 14 दिसम्बर को जनपद न्यायालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा- 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, आरबीट्रेशन वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। वादकारी अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

### 5जी टावर लगाने नाम पर शुरू हुआ ठगी का खेल

**प्रयागराज।** बीएसएनएल के 4जी और 5जी टावर लगवाने के नाम पर ठग लोगों को कॉल कर झांसे में लेने का प्रयास कर रहे है। मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर जालसाज 31 हजार रुपये पंजीकरण शुल्क मांग लोगों से करते है। बीएसएनएल प्रयागराज महाप्रबंधक कार्यालय में हर माह करीब 15 से 20 शिकायतें पहुंच रही है। बीएसएनएल अफसरों के मुताबिक अभी कोई नए टावरों को स्थापित नहीं किया जा रहा है। पूर्व में जो टावर लगने प्रस्तावित थे उसी पर काम किया जा रहा है। वहीं, अभी जिले में जितने टावर मौजूद है उन्हीं को अपग्रेड किया जा रहा है। वहीं, बीएसएनएल की ओर से 237 टावरों से 4 जी सेवा शुरू भी कर दी गई है। इधर टावर लगाने के नाम पर ठग अल्लापुर निवासी अंकित मयूर को बीएसएनएल की तरफ से टावर लगाने के लिए कॉल की। कॉल करने वाले ने बताया कि आप अपने छत पर बीएसएनएल का टावर लगवाकर हर माह 30 से 40 हजार रुपये की आय प्राप्त कर सकते है। इसके लिए आप को पंजीकरण के तौर पर 31 हजार रुपये पंजीकरण शुल्क अदा करना होगा। इसपर अंकित मयूर ने ठगों की बात समझते देर न लगी और नंबर का ब्लॉक कर दिया। प्रयागराज बीएसएनएल महाप्रबंधक कार्यालय के जन संपर्क अधिकारी आशीष गुप्ता ने बताय कि बीएसएनएल की ओर से टावर लगाने को लेकर कोई भी कॉल नहीं की जा रही है।

# आने वाले समय में उर्जा का नया श्रोत बनेगा हाइड्रोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**रज्जू भैया संस्थान में हुआ व्याख्यान का आयोजन**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भैया संस्थान के नैनो साइंस केद्र में हाइड्रोजन गैस उर्जा के संचय विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्राध्यापक डा. ठाकुर प्रसाद यादव ने कहा कि हाइड्रोजन स्वक्ष उर्जा का नया श्रोत हो सकता है हाइड्रोजन पर्याप्त मात्रा में पर्यावरण में उपलब्ध है और इससे उत्पन्न उर्जा कार्बन उतसर्जन रहित होता है इस वजह से हाइड्रोजन उर्जा के प्रयोग को लेकर तमाम शोध हो रहे है। इस हाइड्रोजन उर्जा के ईंधन के रूप में प्रयोग को लेकर देश-विदेश में बहुत से शोध चल रहे है। इस क्रम में इलहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्राध्यापक डा. ठाकुर प्रसाद यादव ने अपने व्याख्यान में यह बताया कि हाइड्रोजन गैस उर्जा का एक स्वाच माध्यम है और यह धरती पैर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है लेकिन इसको संचित करना बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। इस उर्जा का प्रचुर मात्र में सदुपयोग नहीं हो पा रहा है इसके कई व्यवहारिक कारण है जैसे हाइड्रोजन उर्जा का संचय एवं संचित हाइड्रोजन गैस का अवाश्कतानुसार उपलब्ध न हो पाना है। भौतिक विज्ञान विभाग के युवा वैज्ञानिक डॉ. ठाकुर प्रसाद यादव ने भारत के हाइड्रोजन मैन के नाम से विख्यात पदमश्री प्रो. ओएन श्रीवास्तव के निर्देशन में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से अपना शोध कार्य किया है और वह स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी टॉप दो प्रतिशत वैज्ञानिको की सूची में शामिल है। डॉ. यादव भौतिकी के नैनो पदार्थ, हाइड्रोजन संभरण और ऊर्जा भंडारण पर किए गए शोध कार्य के कारण सुर्खियों में रहे हैं। उनके 150 से अधिक शोध पत्र और 20 पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.वंदना सिंह की प्रेरणा से विद्यार्थियों में शोध के प्रति आकर्षण विकसित करने के लिए ऐसे आयोजन किये जा रहे है। रज्जू भैया संस्थान के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने स्वागत तथा नैनो विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डा सुजीत कुमार चौरसिया ने धन्यबाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो गिरिधर मिश्र, प्रो मिथिलेश सिंह, डा काजल कुमार डे, डा धीरेन्द्र कुमार चौधरी, डा नीरज अवस्थी, डा अजित सिंह, डा नितेश जयसवाल, डा रामंशु, डा संदीप वर्मा सहित शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गुरू ही ब्रह्मा, विष्णु और शंकर हैं: शंकराचार्य

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** ''गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु, गुरुर्देव महेश्वरः। गुरुःसाक्षात् परमब्रह्म, तस्मै श्रीगुरुवे नमः।। अर्थात गुरू ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर (शंकर भगवान) हैं, और गुरू ही साक्षात परम् ब्रह्म हैं। गुरू के बिना ज्ञान नहीं होता। माता-पिता भी व्यक्ति के प्रथम गुरू होते हैं जो संस्कार एवं जीवनशैली का ज्ञान कराते हैं। बाद में शिक्षक (गुरू) ही उसका विस्तार करते हैं। मैं भी इसी सूत्र के आधार पर श्रीमद्ज्योतिष्पीठ के पूर्व शंकराचार्यो की स्मृति, संस्मरण और सम्मान में यह नव दिवसीय आराधना महोत्सव का कार्यक्रम करता हूँ। श्रीमज्ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरुशंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ने आज भगवान आदिशंकराचार्य मंदिर, श्रीब्रह्मनिवास-अलोपीबाग प्रयागराज में आज आयोजित नौ दिवसीय आराधना महोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा में उक्त बातें बताया। मध्य प्रदेश से पधारे पूज्य व्यास आचार्य पं0 ओमनारायण तिवारी ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रीमद्भागवत कथानुरागी भक्तों को सरल भाषा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से मानवीय कृत्य गुरू महत्व एवं महाभारतकालीन युद्धनीतियों की विविध प्रकार से विवेचना किया। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पश्चात आरती की गई। इसके पश्चात भगवान मैदानेश्वर बाबा का भव्य रूद्राभिषेक पूजा श्रीशंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी द्वारा किया गया जिसमें 31 वेदपाठी विप्रों ने पूजा-आरती सम्पन्न कराया। श्रीमद्ज्योतिष्पीठ प्रवक्ता ओंकारनाथ त्रिपाठी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम 15 दिसम्बर तक प्रतिदिन की भाँति चलता रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दण्डी संन्यासी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महाराज, दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती, दण्डी संन्यासी ब्रह्मपुरी जी, ज्योतिष्पीठ संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य पं0 शिवार्चन उपाध्याय, आचार्य पं0 अभिषेक मिश्रा, आचार्य पं0 विपिनदेवानंदजी, आचार्य पं0 मनीष मिश्रा, सीताराम शर्मा, अनुराग, दीप कुमार पाण्डेय आदि विशेष रूप से सम्मिलित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर, (बिजनौर)

पत्राँक- 326/न0पं0सा0/2024-25 दिनांकः- 13-12-2024

**निविदा सूचना द्वारा ई-टेण्डर**

समस्त ठेकेदारों/सप्लायर/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत साहनपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु बुनियादी अनुदान (द्वितीय किश्त) एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु बुनियादी अनुदान (प्रथम किश्त) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर के विकास कार्यो हेतु दिनांक 06.01.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएँ समस्त ठेकेदारो/फर्मो से शर्तो के आधार पर आमंत्रित करती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18.12.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 06.01.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 18.12.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 06.01.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं, तथा दिनांक 06.01.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे कार्यालय में निविदा खोली जायेगी। निविदा खोले जाने की दिनांक को अवकाश की स्थिति में अगला कार्य दिवस माना जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 03/ET/NPS/2024-25 |
| Publish Date and time for RFP | 18.12.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 06.01.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक |
| Date and time of opening tender | 06.01.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे को |
| Place of opening of E-tender | Office Nagar Panchayat Sahanpur |
| E-tender security | 10% of Tender Value |
| E-tender document processing | As per tender list |

(अनूप कुमार रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत साहनपुर,
(बिजनौर)

(मौ0 खुर्शीद मन्सूरी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत साहनपुर,
(बिजनौर)

## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्र सं0- 483/नि0वि0/न0नि0शाह0/2024 दिनांक : 12 दिसम्बर, 2024

**Expression of Interest (EOI)**

**कार्य का नाम :-** नगर निगम, शाहजहॉपुर में विभिन्न चौराहे व तिराहों का यातायात व्यवस्था हेतु सुधार/सौन्दर्याकरण कार्य।

नगर निगम, शाहजहाँपुर सीमान्तर्गत विभिन्न चौराहे व तिराहों का यातायात व्यवस्था हेतु सुधार/सौन्दर्यीकरण कार्य के क्रियान्वयन हेतु सर्वे उपरान्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराये जाने हेतु अनुभवी वास्तुविदों/कंसल्टेन्ट्स से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है, जिसमें परामर्शी दर सहित प्रतिशत में सील बन्द प्रस्ताव नगर निगम शाहजहॉपुर के निर्माण अनुभाग कार्यालय में दिनांक 21.12.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे तक प्राप्त किये जायेगें। जो कि तद्दिनांक अपरान्ह 4.30 बजे से खोले जायेगें। उक्त से संबंधित विस्तृत विवरण नगर निगम, शाहजहॉपुर में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा अधिक जानकारी के लिए श्री आशीष त्रिवेदी, अधिशासी अभियन्ता, (सिविल) मो0नं0-9450110481 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम, शाहजहॉपुर**

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम, शाहजहॉपुर**

# ईडी की कार्रवाई तीसरे पक्षों की ओर से की गई धोखाधड़ी से जुड़ी, छापों पर डेंटसू इंडिया ने रखा पक्ष



**नई दिल्ली।** संचार कंपनी डेंटसू इंडिया ने शुक्रवार को कंपनी के खिलाफ की गई ईडी की छापेमारी पर अपना पक्ष रखा। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से छापेमारी की कार्रवाई की गई थी। कंपनी ने कहा है कि उक्त कार्रवाई तीसरे पक्ष की ओर से की गई धोखाधड़ी से संबंधित है। कंपनी ने क्या कहा है, आइए जानें। संचार कंपनी डेंटसू इंडिया ने शुक्रवार को कंपनी के खिलाफ की गई ईडी की छापेमारी पर अपना पक्ष रखा। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से छापेमारी की कार्रवाई की गई थी। कंपनी ने बताया है कि छापेमारी 'तीसरे पक्षों' की ओर से की गई कुछ संदिग्ध धोखाधड़ी से संबंधित थी और उसने संबंधित अधिकारियों को सक्रियता से इसकी सूचना दी थी। जांच एजेंसी ने गुरुवार को मीडिया में जारी एक बयान में कहा था कि उसने 'सुमाया-डेंटसू मामले' की जांच के तहत 10 दिसंबर को मुंबई, दिल्ली और गुरुग्राम में उसके कई परिसरों पर छापेमारी की है। धन शोधन का मामला मुंबई पुलिस (वर्ली पुलिस थाना) की ओर से डेंटसू कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और टेक्सटाइल समूह सुमाया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, उसके प्रवर्तकों और कुछ अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से उपजा है। डेंटसू इंडिया ने एक प्रश्न के जवाब में कहा है कि उन्होंने 2021 में ''तीसरे पक्षों और इनडीड के कुछ पूर्व कर्मचारियों की ओर से की गई संदिग्ध धोखाधड़ी गतिविधि की पहचान की थी, जिनके खिलाफ आपराधिक शिकायतें भी दर्ज कराई गई हैं''। उसने कहा, ''यह गतिविधि केवल इनडीड व्यवसाय तक ही सीमित थी। तीन वर्ष पहले, हमने सक्रिय रूप से इस मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी थी और तब से हम पूरा सहयोग कर रहे हैं।'' कंपनी ने कहा कि इसी सिलसिले में ईडी की टीम 10 दिसंबर को मुंबई में डेंटसू इंडिया कार्यालय पहुंची थी। इसने दावा किया कि संघीय एजेंसी को 'डेंट्सू के परिसर से न तो कुछ मिला और न ही कोई संपत्ति जब्त की है''। कंपनी ने कहा है, ''हम धोखाधड़ी और गलत कामों को बहुत गंभीरता से लेते हैं और इस पर हमारी कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। हम अधिकारियों के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे।'' वहीं, सुमाया समूह को भी इसी तरह के प्रश्न भेजे गए थे और उसकी ओर से इनका कोई जवाब नहीं मिला। ईडी ने गुरुवार को बताया था कि उसने 137 करोड़ रुपये के कथित धन गबन मामले में तलाशी के बाद 50 लाख रुपये की भारतीय और विदेशी मुद्राव 3.4 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया हैं।

# टाटा मोटर्स ने बॉमाकॉनएक्सपो 2024 में अपनी नई तकनीक का प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल व्हीकल निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने बॉमाकॉनएक्सपो 2024 कई उन्नत प्रॉडक्ट्स का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में टाटा मोटर्स ने सीपीसीबी IV+ कॉम्प्लाएंट टाटा मोटर्स जेनसेट्स का प्रदर्शन किया, जो 25 केवीए से लेकर 125 केवीए तक की पावर रेंज में उपलब्ध हैं। इसके अलावा सीईवी बीएस V उत्सर्जन कॉम्प्लाएंट इंडस्ट्रियल इंजन भी पेश किए गए, जो 55 से 138 हॉर्सपावर तक के पावर नोड्स में आते हैं। कंपनी ने प्रदर्शनी में लाइव एक्सल्स, ट्रेलर एक्सल्स और दूसरे कलपुर्जों का भी प्रदर्शन किया। ये सोल्यूशंस तरह-तरह की इंडस्ट्रीज में मटीरियल हैंडलिंग, निर्माण उपकरण, इंडस्ट्रीज और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन प्रॉडक्ट्स को काम करने में बेहतरीन दक्षता और सालों साल चलते रहने के लिहाज से बनाया गया है।

**बॉमाकॉनएक्सपो 2024 में पेश किए गए टाटा मोटर्स के प्रॉडक्ट्स**

टाटामोटर्स जेनसेट्स- सीपीसीबी IV+ कॉम्प्लाएंट है। इन जेनरेटर्स की कार्यक्षमता और स्थिति को दूर से ट्रैक किया जा सकता है। इन जेनरेटर की पावर रेंज 25 केवीए से 125 केवीए की रेंज तक है

> **श्रृंखला**
>
> **प्रदर्शनी में विभिन्न उद्योगों के लिए नये जमाने के जेनसेट्स, इंडस्ट्रियल इंजन और एक्सल्स की बड़ी श्रृंखला को दिखाया गया**

इंडस्ट्रियल इंजन-इंजन सीईवी बीएस V उत्सर्जन मानकों के अनुरूप है। ये 55 से 138 हॉर्सपावर की पावर नोड में उपलब्ध है।

लाइव एक्सेल्स- ये लाइव एक्सल्स उच्च भार वाली निर्माण मशीनरी के लिए बनाए गए हैं। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये मुश्किल हालात में भी शानदार प्रदर्शन कर सकें।

ट्रेलर एक्सेल्स एंड कंपोनेंट्स- ये ट्रेलर उच्च भार वाले कमर्शियल वाहनों के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसमें 16 एमएम की मोटी एक्सल बीम दी गई है।




टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स में स्पेयर्स और नॉन-व्हीक्युलर बिजनेस के हेड श्री विक्रम अग्रवाल ने बॉमाकॉनएक्सपो 2024 में टाटा मोटर्स के पविलियन का उद्घाटन किया। श्री विक्रम अग्रवाल ने कहा, ÷बॉमाकॉन एक्सपोएक बेहतरीन प्लेटफॉर्म हैं, जहां पर टाटा मोटर्स ने अपने नए-नए तकनीकी उपकरणों और सोल्यूशंस को मजबूत और भरोसेमंद तकनीक की तलाश करने वाले ग्राहकों के लिए पेश किया है। कंपनी के नए प्रॉडक्ट्स ग्राहकों की जरूरतों और फीडबैक पर आधारित हैं जिन्हें उपभोक्ताओं से बड़े पैमाने पर प्राप्त फीडबैक के आधार पर विकसित किया गया है। कंपनी देश के लोगों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज का दायरा बढ़ा रही है। इसके तहत जेनसेट के माध्यम से पावर सॉल्यूशंस उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सीईवी बीएस ङ्क उत्सर्जन मानकों पर खरे उतरने वाले इंडस्ट्रियल इंजन और लाइव एक्सेल्स के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाया जा रहा है। कंपनी ट्रेलर एक्सल और कंपोनेंट्स का निर्माण कर लॉजिटिक्स क्षेत्र को भी मजबूत बना रही है।''

टाटा मोटर्स के विभिन्न प्रॉडक्ट्स लंबे समय तक चलने की क्षमता, बेहतरीन कार्यक्षमताऔर शानदार परफॉर्मेंस के देने के लिए प्रसिद्ध हैं। टाटा मोटर्स के ये प्रॉडक्ट्स बड़े पैमाने पर रिसर्च के बाद विकसित किए गए है।

इनका उत्पादन आधुनिक प्लांट्स में किया गया है। देश भर में 2500 से अधिक अधिकृत सर्विस आउटलेट्स से ग्राहकों को गाड़ियों की सर्विसिंग और मरम्मत आसानी से उपलब्ध कराई जाती है। कंपनी उद्योग की सख्यविशेषताओं को पूरा करने वाले अभिनव एवं उच्च प्रदर्शन वाले प्रोडक्ट्स प्रदान करके भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## टाटा संस के प्रमुख चंद्रशेखरन महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस से मिले, राज्य के विकास पर हुई चर्चा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में एन चंद्रशेखरन और महाराष्ट्र के 20 शीर्ष सीईओ के काम के परिणामस्वरूप एक रिपोर्ट पिछले साल प्रस्तुत की गई थी। यह रिपोर्ट महत्वाकांक्षी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने में बहुत सहायक साबित होगी। उन्होंने यह बात शुक्रवार को चंद्रशेखरन से मुलाकात के बाद कही।

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखरन ने उन्हें बधाई दी और टाटा समूह और महाराष्ट्र सरकार के बीच दीर्घकालिक साझेदारी पर विश्वास व्यक्त किया। फडणवीस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷हमने महाराष्ट्र के विकास को गति देने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की।

फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में उनके (एन चंद्रशेखरन) और महाराष्ट्र के 20 शीर्ष सीईओ के काम के परिणामस्वरूप एक रिपोर्ट पिछले साल प्रस्तुत की गई थी। यह रिपोर्ट महत्वाकांक्षी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने में बहुत सहायक साबित होगी।

# फैंटम वी2 सीरीज़ के साथ, हर पल पर छा जाइए-13 दिसंबर से खरीदी के लिए उपलब्ध!

**लखनऊ।**आखिरकार इंतज़ार खत्म हुआ! टेक्नो की बहुप्रतीक्षित फैंटम वी2 सीरीज - जिसमें अल्ट्रा-स्लीक फैंटम V फोल्ड 2 और कॉम्पैक्ट लेकिन स्टाइलिश फैंटम वी फ्लिप 2 शामिल है, अब अमेज़न पर, 79,999 और 34,999 रुपए की विशेष लॉन्च कीमतों पर उपलब्ध है। ये फोल्डेबल फोन अपनी शानदार खूबियों और मजबूती के साथ हर चिंता को खत्म करते हुए प्रोडक्टिविटी के लिए खास तौर पर डिजाइन किए गए हैं। चाहे आप काम कर रहे हों या आराम कर रहे हों, फैंटम वी2 सीरीज़ आपकी तेजी से भागती जीवनशैली से मेल खाने के लिए बनाई गई है। यूजर्स अब फोल्डेबल अनुभव का आनंद उठा सकते हैं क्योंकि स्पेशल सेल 13 दिसंबर, दोपहर 12 बजे से अमेज़न पर शुरू होगी!

फैंटम वी2 सीरीज़ नई तकनीकों के साथ फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की परिभाषा बदल रही है। इसे यूज़र्स की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार




किया गया है। टेक्नो ने इस डिवाइस में ड्यूरेबिलिटी, डिस्प्ले क्वालिटी, बैटरी और यूज़र एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए खास फीचर्स जोड़े हैं।

**मजबूती और भरोसे का प्रतीक**

फैंटम वी फोल्ड 2 लंबे समय तक चलने के लिए बनाया गया है, जिसमें कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 और 4 लाख बार फोल्डिंग टेस्ट में पास एयरोस्पेस-ग्रेड हिंज शामिल हैं। आपकी तेजी से भागती जीवनशैली के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया गया, यह स्ट्रांग, स्लीक और आपकी किसी भी जरुरत के लिए तैयार है।

फैंटम वी फ्लिप 2, इस कॉम्पैक्ट डिवाइस में भी एयरोस्पेस-ग्रेड हिंज और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 8 का उपयोग किया गया है, जो इसे मजबूत और स्टाइलिश बनाता है। ड्यूरेबिलिटी की चिंता को ख़त्म करते हुए, ये दोनों डिवाइस अपनी कैटेगरी में अब तक की सबसे मजबूत डिवाइस हैं।

**बेहतर डिस्प्ले अनुभव**

फैंटम वी फोल्ड 2, 7.85 इंच के मेन स्क्रीन और 6.42 इंच कवर डिस्प्ले के साथ, 1 लाख के अंदर रेंज में मिलने वाला सबसे बड़ा फोल्डेबल डिस्प्ले है, जो वाइब्रेंट विज़ुअल के साथ प्रोडक्टिविटी और मनोरंजन दोनों को बढ़ाता है।

फैंटम वी फ्लिप 2 कॉम्पैक्ट डिज़ाइन में स्टाइल और परफॉर्मेंस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। अपने 6.9 इंच के मेन स्क्रीन और 3.64 इंच के कवर डिस्प्ले के साथ, यह आसान उपयोगिता प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करता है कि आपकी सभी जरूरतें बस एक टैप पर उपलब्ध हों।

**पावर जो दिनभर साथ दे**

फैंटम वी फोल्ड 2 की 5750 एमएएच की बैटरी किसी भी फोल्डेबल फोन की सबसे बड़ी बैटरी है, जो बिना चार्जिंग की चिंता के आपको दिनभर प्रोडक्टिव बनाए रखती है।

## फिच ने भारत के 2024-25 के जीडीपी पूर्वानुमान को संशोधित कर 6.4% किया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने 2024-25 के लिए भारत के जीडीपी पूर्वानुमान को संशोधित कर 6.4 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले यह अनुमान 7.0 प्रतिशत था। रेटिंग एजेंसी की ओर से यह नीचे की ओर संशोधन रिजर्व बैंक की अपनी नवीनतम मौद्रिक नीति में विकास पूर्वानुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत करने के तुरंत बाद किया गया। फिच ने अनुमान लगाया है कि भारत के जीडीपी में 2024-25 वित्तीय वर्ष में 6.4 प्रतिशत और 2025-26 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जो 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की गति से धीमी होगी।

हालांकि, फिच ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि वैश्विक समकक्षों की तुलना में मजबूत बनी हुई है। फिच के अनुसार, ÷भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी के झटके से मजबूती से उबरी है। हालांकि संकेतक हाल के महीनों में अधिक मिश्रित तस्वीर की ओर इशारा करते हैं, लेकिन हमें नहीं लगता कि यह नरमी आर्थिक गतिविधि में लंबे समय तक मंदी का कारण बनेगी।

फिच को उम्मीद है कि अमेरिका और चीन के बीच संभावित व्यापार युद्ध और वैश्विक व्यापार मंदी के बीच घरेलू मांग आर्थिक विकास को गति देना जारी रखेगी। फिच को उम्मीद है कि सरकार की ओर से राजकोषीय समेकन के प्रयासों के बावजूद बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटलीकरण और व्यापार करने में आसानी जैसे प्रमुख विकास चालक क्षेत्रों में नीति निरंतरता रहेगी। सार्वजनिक बुनियादी ढांचा पूंजीगत व्यय अर्थव्यवस्था और सीधे तौर पर इस क्षेत्र से जुड़ी या इससे जुड़ी परिसंपत्तियों के लिए सहायक बना रहेगा।

फिच ने कहा कि हाल के वर्षों में बैंक और कॉरपोरेट बैलेंस शीट की बेहतर सेहत से सकारात्मक निवेश चक्र और तेज पूंजीगत खर्च का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए।

# आई डी फ्रेश ने प्रसिद्ध साउथ-इंडियन इडली डोसा बैटर को अब लखनऊ में भी पेश करने की घोषणा की

**लखनऊ।** ताजा, प्राकृतिक खाद्य उत्पादों में भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड iD Fresh



स्न्नश्शस्त्र सतत प्रगति पर है। बैंगलोर स्थित कंपनी ने अब अपने अखिल भारतीय विकास योजना के रूप में लखनऊ में विस्तार की घोषणा की है। कंपनी अपनी बढ़ती उपभोक्ता मांग को पूरा करने के लिए एक रणनीति के तहत अपने प्रशंसित उत्पादों की श्रृंखला लखनऊ में पेश करने जा रही है, जिसमें कंपनी का प्रसिद्ध एवं प्रामाणिक साउथ-इंडियन इडली-डोसा बैटर शामिल है। पूरे देश के उपभोक्ता अब इस साउथ-इंडियन नाश्ते का स्वाद ले सकते हैं। लखनऊ के उपभोक्ता अब iD Fresh के मालाबार परोठा, गेहूं का लच्छा पराठा, पनीर, दही और कॉफी का भी आनंद ले सकते हैं। कंपनी अपने ब्रांड के जल्द ही बाजार में बाकी उत्पादों, जैसे मसाले और चटनी को भी लॉन्च करने वाली है। आईडी फ्रेश फूड के सीईओ (भारत) रजत दिवाकर ने कहा, हम लखनऊ जैसे प्रमुख शहर में आईडी फ्रेश के प्रामाणिक, प्राकृतिक और प्रिजर्वेटिव-मुक्त उत्पाद पेश करने के लिए अत्यंत रोमांचित हैं। लखनऊ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है. यहां की समृद्ध खाद्य संस्कृति और प्राकृतिक और पारंपरिक स्वादों की सराहना करने वाले उपभोक्ताओं की तादाद है। यहां हमारा विस्तार हमारी अखिल भारतीय विकास रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है, और हम लखनऊ के उपभोक्ताओं से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं। हम उनके लिए ऐसे उत्पाद ला रहे हैं जो उच्च गुणवत्ता वाले, पौष्टिक विकल्पों के प्रति उनके प्यार के अनुरूप हैं। वर्ष 2024 में कंपनी ने पूरे भारत में विस्तार करने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 24 में 554 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया और वित्त वर्ष 2025 में 700 करोड़ रुपये तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। सही मायने में देखें तो कंपनी के परिचालन राजस्व में 16त्र की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष के 340.9 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 24 में 395.76 करोड़ रुपये हो गई।

## स्विटजरलैंड ने भारत का स्न्नरूदर्जा खत्म किया, वहां काम कर रही भारतीय कंपनियों पर लगेगा अधिक कर




**नई दिल्ली।** स्विट्ज़रलैंड ने नेस्ले के खिलाफ भारत में दिए गए एक अदालती फैसले के बाद भारत को दिया गया एमएफएन (मोस्ट फेवर्ड नेशन) का दर्जा वापस ले लिया है। इस कदम से यूरोपीय देश में परिचालन कर रही भारतीय संस्थाओं पर कर के मामले में प्रतिकूल असर पड़ेगा।

स्विट्ज़रलैंड ने नेस्ले के खिलाफ भारत में दिए गए एक अदालती फैसले के बाद भारत को दिया गया एमएफएन (मोस्ट फेवर्ड नेशन) का दर्जा वापस ले लिया है। इस कदम से यूरोपीय देश में परिचालन कर रही भारतीय संस्थाओं पर कर के मामले में प्रतिकूल असर पड़ेगा। इसके साथ ही, 1 जनवरी 2025 से भारतीय कंपनियों को स्विट्ज़रलैंड में अर्जित आय पर उच्च कर देना होगा। एक बयान में, स्विट्ज़रलैंड ने आय पर करों के संबंध में दोहरे कराधान से बचने के लिए स्विस परिसंघ और भारत गणराज्य के बीच समझौते के प्रोटोकॉल के एमएफएन खंड के आवेदन को निलंबित करने की घोषणा की।

स्विट्ज़रलैंड ने एमएफएन का दर्जा वापस लेने के अपने निर्णय के लिए वेवे मुख्यालय वाली नेस्ले से संबंधित मामले में भारतीय उच्चतम न्यायालय के फैसले का हवाला दिया। इसका अर्थ यह है कि स्विट्ज़रलैंड 1 जनवरी, 2025 से भारतीय संस्थाओं द्वारा अपने देश में अर्जित लाभांश पर 10 प्रतिशत कर लगाएगा।

## ई-कमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने 2024 में की जबरदस्त वृद्धि

भारत के एकमात्र ट्रू ई-कमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने 2024 में जबरदस्त वृद्धि की है। इसने सभी तक इंटरनेट कमर्स पहुँचाते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अपने प्लेटफर्म पर मिलने वाले अर्डर में साल-दर-साल 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मीशो ग्राहकों की पसंद से जुड़ा हुआ है, और देश में तेजी से ई-कमर्स का विस्तार कर रहा है। इसकी वृद्धि भारत में किफायती शपिंग पसंद करने वाले ग्राहकों के कारण है, जो फैशन, ब्यूटी, पर्सनल केयर और होम एसेंशियल्स में सस्ते और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदना चाहते हैं। देश के विभिन्न इलाकों और आबादियों के बीच उपभोक्ताओं के लगातार बदलते व्यवहार के साथ ई-कमर्स का भी विस्तार हो रहा है, तथा ग्राहक सस्ते दामों में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

बाजार में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियाँ बनने के बाद भी मीशो के विकास की दर जारी रही और 2024 में इस पर लगभग 175 मिलियन सालाना यूज़र्स ने खरीदारी की। मीशो के 50 प्रतिशत ग्राहक टियर 4. शहरों, जैसे नईदुपेटा (आंध्र प्रदेश), शेरघाटी (बिहार), और हरपनहल्ली (कर्नाटक) से हैं। साथ ही मीशो लगातार चौथे साल सबसे ज्यादा डाउनलोड होने वाला शपिंग ऐप बन गया, जिसे 210 मिलियन से ज्यादा बार डाउनलोड किया गया।

यह वृद्धि मीशो की वित्तीय परफर्मेंस भी प्रदर्शित करती है। वित्तवर्ष 2023-24 में कंपनी पहली होरिज़ंटल ई-कमर्स प्लेटफर्म बनी, जिसने पूरे साल के लिए 232 करोड़ रुपये का अपरेटिंग कैश फ्लो बनाकर रखा। इस अवधि में अपरेशंस से मिलने वाला राजस्व 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 7,615 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। यह वृद्धि मुख्यत÷ खरीदारी करने वाले साला ग्राहकों और दोबारा आकर खरीदारी करने वाले ग्राहकों द्वारा ज्यादा अर्डर दिए जाने के कारण हुई। अपने मौजूदा ग्राहकों को जोड़े रखते हुए नए ग्राहकों को आकर्षित करने की कंपनी की क्षमता ने भारत के प्रतिस्पर्धी ई-कमर्स बाजार में मीशो की निरंतर वृद्धि को बल दिया।

2024 में मीशो की वृद्धि में मदद करने वाली मुख्य झलकियाँ हैं÷ छोटे शहरों में बढ़ता उपभोग डिजिटल मांग में वृद्धि कर रहा है लद्दाख, उत्तर प्रदेश, और बिहार ई-कमर्स यूज़र्स की वृद्धि में अग्रणी रहे। इससे टियर 2. बाजारों की विशाल क्षमता प्रदर्शित होती है। यह ट्रेंड भारत में उपभोक्ता व्यवहार में बड़ा परिवर्तन प्रदर्शित करता है। सस्ते मूल्य में उच्च गुणवत्ता के उत्पादों की मांग बढ़ रही है, जिससे ईकमर्स के परिश्य में परिवर्तन आ रहा है, और छोटे शहरों में उपभोग बढ़ रहा है।

ब्यूटी एवं पर्सनल केयर (बीपीसी), और होम एवं किचन (एचएंडके) श्रेणियों में अर्डर 70 प्रतिशत साल-दर-साल बढ़े, जिससे इन श्रेणियों की मजबूत मांग प्रदर्शित होती है। मीशो मल में भी ऐसे ही रूझान देखने को मिले। यहाँ अर्डर 117 प्रतिशत बढ़े, जिससे अतुलनीय मूल्य में ब्रांडेड उत्पादों के लिए पसंदीदा प्लेटफर्म के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है।

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ में विंटर स्कूल 2024 का समापन

**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ में आयोजित एक्सपेंडिंग रिसर्च होराइजन्स पर पांच दिवसीय विंटर स्कूल का आज समापन हुआ। इस वर्ष विंटर स्कूल में अकादमिक लेखन और प्रकाशित होना, निगमनात्मक(डिडक्टिव), आगमनात्मक (इंडक्टिव) और अपवर्तनीय तर्क द्वारा सिद्धांत तैयार करना, हार्वर्ड केस लिखना, डिजिटल युग में गुणात्मक शोध क्वालिटेटिव रिसर्च और शोध में एआई का उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। विंटर स्कूल का उद्घाटन 9 दिसंबर को हुआ, जहाँ जयपुरिया, लखनऊ के डीन रिसर्च डॉ. अनुभव मिश्रा ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. नृपेंद्र राणा, प्रोफेसर, क्वीन्स बिजनेस स्कूल, बेलफास्ट, यूके थे।

विंटर स्कूल ने सभी शोध विद्वानों और शिक्षाविदों के लिए शिक्षण और शोध विधियों का एक अनूठा और मौलिक अवलोकन प्रस्तुत किया। पांच दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य डॉक्टरेट विद्वानों के साथ-साथ शिक्षाविदों को शिक्षण शिक्षाशास्त्र और



शोध विधियों की बेहतर समझ रखने और अपने शोध में मदद करने के लिए नए सॉफ्टवेयर और मॉडल के बारे में जानने के लिए एक मंच प्रदान करना था। यह पाँच दिवसीय कार्यक्रम बेहतर शोध लेख तैयार करने और उन्हें शीर्ष पत्रिकाओं में प्रकाशित करने पर केंद्रित था, जिससे प्रतिभागियों को शोध पत्र प्रकाशन और थीसिस लेखन के लिए फायदेमंद शोध कौशल विकसित करने में मदद मिली। विंटर स्कूल 2024 के प्रमुख आकर्षण में विंटर स्कूल, डॉक्टरेट संगोष्ठी (कोलोकियम), छात्र प्रतियोगिता, पेपर डेवलपमेंट वर्कशॉप, 3-मिनट थीसिस पिच आदि सहित कई कार्यक्रम शामिल थे।

इस सहयोगी मंच ने नेटवर्किंग को प्रोत्साहित किया, प्रतिभागियों के कौशल और ज्ञान को बढ़ाया और शिक्षा और अनुसंधान के भविष्य को आकार दिया।

विंटर स्कूल 2024 के प्रमुख वक्ताओं में डॉ. नृपेंद्र राणा, प्रोफेसर, क्वींस बिजनेस स्कूल, बेलफ़ास्ट, यूके; सुश्री चैताली शर्मा, के-12 और अन्य बिक्री-दक्षिण एशिया, टर्निटिन एपीएसी ; डॉ. आलोक दीक्षित, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईएम लखनऊ; डॉ. सुजीत शर्मा, प्रोफेसर, आईआईएम नागपुर ; डॉ. शैलेश पांडे, एसोसिएट प्रोफेसर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर ; डॉ. सुभादीप रॉय, प्रोफेसर, आईआईएम अहमदाबाद ; डॉ. वर्षा जैन, चेयर प्रोफेसर- एमआईसीए, अहमदाबाद ; सुश्री संगीता मेनन, एमराल्ड पब्लिशिंग में प्रकाशन संबंध प्रबंधक ; डॉ. शिव कक्कड़, उपाध्यक्ष, एआई इनिशिएटिव्स, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ; डॉ. सुधीर राणा, एसोसिएट प्रोफेसर, गल्फ मेडिकल यूनिवर्सिटी, यूएई शामिल थे।

विंटर स्कूल में अकादमिक लेखन और प्रकाशित होना, डेस्क अस्वीकृति से बचना और शोध में नैतिकता को बनाए रखना, आर का उपयोग करके वित्त के लिए अर्थमिति, डिडक्टिव, इंडक्टिव और एबडक्टिव रीजनिंग द्वारा सिद्धांत उत्पन्न करना, हार्वर्ड केस लिखना÷ एक विशेषज्ञ से अंतर्दृष्टि, प्रकाशनों के जीवन-चक्र का प्रबंधन, डिजिटल युग में गुणात्मक शोध, एआई के साथ अकादमिक और अनुसंधान अखंडता, शोध में एआई का उपयोग, पेपर डेवलपमेंट वर्कशॉप (पीडीडब्ल्यू), प्रस्तुतियाँ आदि पर विभिन्न अत्यधिक जानकारीपूर्ण सत्र और कार्यशालाएँ शामिल थीं।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**लखनऊ।** धूमधाम से मनाया गया हार्नर कालेज के प्रे प्राइमरी एवं प्राइमरी वर्ग का वार्षिकोत्सव को लखनऊ के महानगर विस्तार स्थित हार्नर कालेज के सभागार 'एट्रियम' में प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी वर्ग के बच्चों का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अर्चना पाण्डेय, निदेशक सेन्ट गैब्रियल कान्वेंट स्कूल, एवं डॉ0 माला मेहरा, प्रधानाचार्या, हॉर्नर कॉलेज द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कॉलेज की गायन मण्डली द्वारा सुन्दर गीत 'वी आर ग्लैड यू आर हेयर' गाकर सभी का स्वागत किया तथा वासुदेव कुटुम्बकम (सर्वधर्म प्रार्थना ) से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात कालेज की प्रधनाचार्या डा0 माला मेहरा द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इसके बाद प्री-प्राइमरी के बच्चों के द्वारा 'सेटिंग द पेस' योग अभ्यास की शानदार प्रस्तुति दी । इसके पश्चात बच्चों ने जंगल बुक पर आधारित नाटक की मनमोहक प्रस्तुति दी फिर



कॉलेज की गायन मण्डली द्वारा सुन्दर गीत 'स्टॉट योर डे' प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात्त प्री-प्राइमरी के बच्चों द्वारा वन्डरलैण्ड की सैर करते हुए 'फलाईट आफ फेंटेसी नामक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि महोदया श्रीमती अर्चना पाण्डेय ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे ढेर सारा अर्शीवाद दिया ।

इस अवसर पर बच्चों एवं उनकी माताओं द्वारा कथक एवं भरतनाट्यम के विलय की शानदार प्रस्तुति ''ताल तरंग' ने दर्शकों का मन मोहा तो वहीं दुसरी तरफ बच्चों द्वारा मोबाइल फोन एडिक्शन पर आधारित नृत्य नाटिका द्वारा विशेष संदेश दिया ।कॉलेज की गायन मण्डली द्वारा सुन्दर गीत- 'आई एम इन द लार्डस आर्मी' व पोडकास्ट- वायस आफ टुमारो कार्यक्रम से समा बॉध दिया। फिर बच्चों एवं उनके पिता द्वारा तैयार प्रस्तुत कार्यक्रम 'बान्ड आफ लव' ने अपने शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को भावुक कर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा म्यूजिकल परफारमेन्स 'सिमफनी', लखनऊ की तहज़ीब पर आधारित फैशन शो , ड्रीमस सोर हाई' पर नृत्य प्रस्तुति जैसे मनारेजक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तो वहीं ताइक्वोंडो प्रदर्शन जैसे दमदार कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियाँ बटोरी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सीएमएस गोमती नगर की वरिष्ठ प्रधानाचार्या मंजीत बत्रा द्वारा बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्हें अर्शीवाद प्रदान किया।

अंत में ग्रैन्ड फिनाले कार्यक्रम के द्वारा समारोह का भव्य समापन के साथ प्रधनाचार्या डा माला मेहरा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जमीन बेचने के नाम पर 60 लाख रुपए धोखाधड़ी करने का आरोपी है मनीष

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया पुलिस द्वारा बीते दिनो ठगी और धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार करके थाने से छोड़े जाने के मामले को लेकर कसया पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है। ऐसी चर्चा है कि पुलिस को जब मनीष के सत्ता दल से ताल्लुकात की जानकारी हुई तो वह चोक में आ गए और आनन-फानन में मामला मैनेज कर न सिर्फ वांछित मनीष को थाने से छोड़ दिया बल्कि सोशल मीडिया ग्रुप से फोटो सहित गिरफ्तारी से संबंधित प्रेस नोट डिलीट करके मामले से हाथ खड़ा कर लिया।



बीते रविवार 8 दिसंबर को पुलिस गिरफ्त में मनीष व प्रेसनोट

वर्ष 2023 सितंबर माह के 29 तारीख को जनपद के कसया थाना क्षेत्र के अन्धया निवासी रजनीश मिश्रा पुत्र गिरजा शंकर मिश्रा द्वारा मनीष श्रीवास्तव पुत्र गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव निवासी वार्ड संख्या - 13 कसया के खिलाफ दिए गए तहरीर के आधार पर कसया थाने में दर्ज किए गए मुकदमा पर गौर करे तो वादी रजनीश मिश्रा अपने जरुरत के वास्ते वर्ष 2020 में कसया में जमीन तलाश रहे थे इसी दौरान मनीष श्रीवास्तव से उनका संपर्क हुआ जहां मनीष ने रजनीश को बताया कि उनके पास जमीन है, लेना चाहे तो ले सकते है। मनीष द्वारा जमीन का खतौनी भी दिखाया गया जिसमे आराजी नंबर 168 रकबा 0.3280 हेक्टेयर व आराजी नंबर 169 रकबा 0.1700 हेक्टेयर आच्छादित था। इसके बाद रजनीश द्वारा उक्त जमीन का विक्रय-विलेख कराने के लिए 7 फरवरी - 2020 को मनीष श्रीवास्तव को कुल धनराशि 90 लाख रुपए के सापेक्ष 10 लाख रुपए नगद देकर अनुबंध-पत्र जरिए नोटरी कराया गया। दर्ज एफआईआर के मुताबिक आवेदक रजनीश अपने विभिन्न सहयोगियों से सहयोग लेकर मनीष श्रीवास्तव एवं उनके बताए गए अन्य खाताधारकों क्रमशः साधना, अरविन्द व विनोद आदि के बैंक खाते में कुल 60 लाख 49 हजार पांच सौ रुपये भुगतान कर दिया।

तभी किसी व्यक्ति ने रजनीश को बताया कि मनीष श्रीवास्तव फ्राड किस्म का व्यक्ति है, दूसरे की जमीन को अपना बताकर उस पर एडवांस ले लेता है। उससे सर्तक रहने की आवश्यकता है। यह बात सुनते ही रजनीश के कान खड़े हो गए और मनीष श्रीवास्तव द्वारा दिए गए खतौनी का अधिवक्ता के जरिए सत्यापन कराया तो पता चला कि आराजी नंबर 168 व 169 किसी दूसरे व्यक्ति अरविन्द आदि के नाम से अंकित है। इससे स्पष्ट हो गया कि मनीष श्रीवास्तव ने छल-कपट, धोखाधड़ी व कूटरचित कर फर्जी खतौनी तैयार कर रजनीश को झांसे में लेकर पैसा हड़पने का कार्य किया है। फिर क्या, रजनीश मिश्रा ने इस संबंध सम्बंध में 23 मई-2023 को मनीष श्रीवास्तव से वार्ता किया तो मनीष ने कहा कि मेरे द्वारा बनाए गए अनुबंध-पत्र की मूलप्रति लेकर आइए और अपना पैसा ले लीजिए। मनीष के कहने पर रजनीश अनुबंध पत्र का मूल प्रति लेकर उनके घर पहुंचे जहां मनीष श्रीवास्तव ने अनुबंध-पत्र की मूल प्रति लेकर 27 मई-2023 को पैसा वापस लौटाने की बात कही। दर्ज मुकदमे के कहा गया है कि जब रजनीश निर्धारित तिथि 27 मई को मनीष श्रीवास्तव से पैसा मांगने गए, तो मनीष ने 22 जून

**वांछित मनीष को कसया पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर छोड़ जाने का मामला**

2023 फिर 25 जुलाई 2023 को पैसा वापस करने का समय दिया। मनीष द्वारा बार-बार समय देने के बाद पैसा नही लौटाने पर रजनीश का शक पूर्णतः यकीन में बदल गया कि मनीष पैसा हड़पने के उद्देश्य से टाल-मटोल कर रहे है। अंत में आजीज होकर वादी रजनीश ने मनीष श्रीवास्तव से कहा कि वह कानूनी कार्यवाही करने जा रहे है यह सुनते ही मनीष भड़क गए और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए हत्या करने की धमकी दी, तथा कहा कि मैं पैसा नहीं दूंगा, जाओ जो करना है, कर लेना। वादी रजनीश के इस तहरीर पर कसया पुलिस ने 29 सितम्बर - 2023 को मुकदमा अपराध संख्या - 852/2023 धारा 419,420,504,506,406 के तहत मनीष श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। कहना ना होगा कि रजनीश मिश्रा द्वारा दिए गए तहरीर पर कसया पुलिस ने दिनांक 29 सितम्बर - 2023 को अपराध संख्या - 852/2023 धारा 419, 420, 406, 504, 506 के तहत मनीष श्रीवास्तव के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया था जबकि 8 दिसम्बर - 2024 को मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस नोट (जो कुछ देर बाद डिलीट कर दिया गया) उसमे धारा 467, 468, 471 बढाई गई है। जानकारों का कहना है कि अपराध की स्थिति, परिस्थिति और प्रवृति को देखते हुए विवेचना के दौरान पुलिस धाराओं मे बढोतरी व घटौती कर सकती है।

## जिला एकीकरण समिति की बैठक संपन्न

**देवरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में गांधी सभागार, विकास भवन में जिला एकीकरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत समाज में समरसता और एकता को बढ़ावा देने के लिए धर्मगुरुओं को जिला पंचायत अध्यक्ष और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

इसके अलावा, बेसिक शिक्षा विभाग के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में प्रीति पटेल (कक्षा-5), अंजली सोनकर (कक्षा-5), साक्षी बर्नवाल (कक्षा-7) और गौरी रौनियार (कक्षा-6) शामिल रहीं। ये सभी महाराणा प्रताप जूनियर हाई स्कूल, रामगुलाम टोला, देवरिया की छात्राएं हैं, जिन्होंने अपने-अपने वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले 29 समाजसेवियों और जनपद के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# अध्यक्ष के दो व महामंत्री के तीन प्रत्याशियों का होगा मतदान

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** बार एसोसिएशन कप्तानगंज तहसील इकाई के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर पर्चा दाखिला के दुसरे दिन सिर्फ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरुण कुमार सिंह ने अपना पर्चा वापस ले लिय।

वहीं महामंत्री पद के तीन प्रत्याशियों में से किसी ने पर्चा वापस नहीं लिया। 20 सितंबर को मतदान होगा जिसमे महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशी और अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाएंगे। शुक्रवार को पर्चा

**बार एसोशिएशन कप्तानगंज इकाई के पदाधिकारियों के 20 दिसंबर को होगा चुनाव**

जांच और वापसी के दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरुण कुमार सिंह ने पर्चा वापस ले लिया। मिर्ज़ा एक्तेदार हुसैन और हीरा पांडेय अध्यक्ष पद के लिए लडेंगे।

वही महामंत्री के लिए उमेश दुबे, अमरनाथ शर्मा और गिरिजेश कुमार ने पर्चा दाखिल किया था जिसमे किसी ने पर्चा वापस नही लिया। जबकि कोषाध्यक्ष के लिए आशुतोष कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए उदयभान पटेल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दो पद के लिए लालमन सिंह सतीश चंद्र गोड, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु दो पद मनोज कुमार राय ब्रह्मानंद प्रसाद, संयुक्त मंत्री तीन पद के लिए अभिनेंद्र प्रताप सिंह, राजन पांडेय, गोविंद कुमार ने पर्चा दाखिल किया जिनका निर्विरोध होना तय है।

चुनाव अधिकारी राज नंदन लाल श्रीवास्तव ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक पर्चा वापस हुआ है। मतदान 20 सितंबर व मतगणना मतदान के तुरंत बाद होगा।

## झरही नाले में अधेड़ व्यक्ति का मिला लाश, हत्या की आशंका

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अधेड़ व्यक्ति का झरही नाले में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। शुक्रवार की सुबह तकरीबन 11 बजे विशुनपुरा थाना क्षेत्र के शोहरवा गांव निवासी दिनेश निषाद पुत्र स्व. वंशी निषाद उम्र 46 वर्ष का झरही नाले में ग्रामीणों द्वारा शव देखा गया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। सभी लोग घटना स्थल पर पहुंचे चीख पुकार मच गई। मौके से पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि नाले में पानी कम थी, हत्या कर लाश यहीं फेंकी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशुनपुरा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

# विजिलेंस अधिकारी बता रेलवे अफसर की जांच करने का आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** करीब 15 वर्ष पूर्व फर्जी विजिलेंस अधिकारी बनकर गोरखपुर के रेलवे अधिकारी की जांच करने वाले आरोपी को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। जमानत के बाद रेलवे न्यायालय में उपस्थिति नहीं होने पर वारंट जारी किया था।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुडिला हरपुर निवासी यशपाल राव ने 15 वर्ष पहले विजिलेंस अधिकारी बनकर गोरखपुर के एक बड़े रेलवे अधिकारी के घर छापा मारा था। फर्जी विजिलेंस अधिकारी की जानकारी के बाद रेलवे अधिकारी की तहरीर पर यशपाल राव के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। सदस्य किया गया था और आरपीएफ



**रेलवे न्यायालय में उपस्थित न होने पर जारी हुआ था वारंट**

ने उन्हें जेल भेज दिया था। जमानत पर वह जेल से रिहा हो गया और घर रहने लगा। रेलवे न्यायालय ने उपस्थित नहीं होने के कारण उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। गुरुवार की शाम 6:30 बजे मुडिला हरपुर गांव पहुंची आरपीएफ ने वारंटी यशपाल राव को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। यशपाल राव के इस कृत्य लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा है।

### शौचालय घोटाला में गबन का भी यशपाल पर दर्ज है केस

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकासखंड मोतीचक के ग्राम पंचायत मुडिला हरपुर के तत्कालीन ग्राम प्रधान यशपाल राव पर कप्तानगंज थाने में शौचालय घोटाला का भी केस दर्ज है। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत उक्त ग्राम पंचायत में 812 शौचालय का धनराशि 97 लाख 44 हजार जारी किया गया था। जिसके सापेक्ष कुल 275 शौचालय का ही जियो टैग किया गया था, जबकि 537 शौचालयों की धनराशि 64 लाख 44 हजार रुपए का शौचालय निर्माण न कराकर कर सरकारी धन का बंदरबांट कर लिया गया था। इतने बड़े घोटाले के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी की सदमे में मौत हो गई थी। सहायक विकास अधिकारी मोतीचक सुभाष प्रसाद के तहरीर पर कप्तानगंज थाने में गबन के आरोप में पूर्व प्रधान यशपाल राव पर मुकदमा दर्ज है।

### कप्तानगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है यशपाल

यशपाल राव का अपराध की दुनिया में एक लंबा फेहरिस्ट है। पहले विजिलेंस अधिकारी बनकर रेलवे विभाग के अधिकारी के घर छापा मारा था। इसके बाद जब प्रधान हुआ था तब शौचालय घोटाला कर सरकारी धन का 64 लाख 44 हजार रुपए गबन कर लिया। इसके अलावा तमाम अपराध में शामिल है। यशपाल राव कप्तानगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

# जागरूकता से रोका जा सकता है एचआईवी संक्रमण का प्रसार : अपर निदेशक

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स सोसाइटी के अपर निदेशक रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय स्थित धन्वंतरि सभागार में जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एचआईवी संक्रमण के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए जनजागरूकता और एहतियाती उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसमें जिले में एचआईवी/एड्स से निपटने के लिए हुई प्रगति, चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की गई।




अपर निदेशक ने कहा कि एचआईवी और एड्स के खिलाफ चल रही लड़ाई में काफी हद तक सफलता मिली है, लेकिन इसे पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पहले एचआईवी संक्रमण के 20 से 25 प्रतिशत मामले रक्त संक्रमण से जुड़े होते थे, जिसे अब काफी हद तक नियंत्रित किया जा चुका है। वर्तमान में, मां से बच्चों में एचआईवी संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी संबंधित विभागों और व्यक्तियों को मिलकर ईमानदारी से कार्य करने की आवश्यकता है। सीएमओ डॉ. राजेश झा ने बताया कि अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक जिले में 310 लोग एचआईवी संक्रमण से पीड़ित पाए गए, जिनमें 14 गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें से 297 मरीजों को एआरटी सेंटर से जोड़ा गया है। बैठक में डीटीओ डॉ. राजेश कुमार, सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, उपेंद्र तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी, डॉ. बीएन गिरी, डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. बीबी सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वर्मा साइकिल स्टोर का उद्घाटन

**भाटपार रानी, देवरिया।** उपनगर के रतसिया मोड पर नवप्रतिष्ठान वर्मा साइकिल स्टोर का जिले के यशस्वी जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के भागते दौड़ते जिंदगी में साइकिल स्वस्थ रखने का एक बेहतर जरिया है और सभी को छोटे-मोटे कार्य के लिए इसका प्रयोग करना चाहिए जिससे कि वह शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें और अपनी शुभकामनाएं व्यक्त किया इस अवसर पर नव प्रतिष्ठा के प्रोपराइटर विक्रांत कुमार वर्मा शरद वर्मा मोनू वर्मा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सागर वर्मा श्रीकांत वर्मा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व वरिष्ठ भाजपा नेता अश्वनी कुमार सिंह अभिनव वर्मा सिराज अहमद डॉक्टर कन्हैयालाल गुप्त किशन जितेंद्र कुमार गुप्त पवन कुमार मद्धेशिया सहित सैकड़ो की संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिले में 152 केंद्रों पर संपन्न होगी बोर्ड की परीक्षा, वित्तविहीन विद्यालय बने सर्वाधिक केंद्र



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जिला परीक्षा समिति की सिफारिश पर मुहर लगा दी है। बोर्ड ने 152 परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी है। इन केंद्रों पर एक लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिले में वित्तविहीन विद्यालय सर्वाधिक केंद्र बने हैं। जिले में 22 राजकीय, 55 वित्तपोषित समेत कुल 361 माध्यमिक विद्यालय संचालित होते हैं। इन विद्यालयों में वर्ष 2025 बोर्ड परीक्षा के लिए हाईस्कूल के लिए 30549 बालक व 29213 बालिका समेत कुल 59762 और इंटर के 27142 बालक व 26348 बालिका समेत कुल 53490 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इन परीक्षार्थियों के लिए बोर्ड ने बीते नवंबर में 149 परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर कॉलेज संचालकों से आपत्ति मांगी थी। स्कूल संचालकों से प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला परीक्षा समिति की बैठक में बोर्ड की तरफ से जारी परीक्षा केंद्रों की सूची में से दस परीक्षा केंद्रों को काटते हुए 13 कॉलेजों को नए परीक्षों की सूची में शामिल करते हुए सूची बोर्ड को भेजी थी। अब बोर्ड ने जिला परीक्षा केंद्रों की सूची पर मुहर लगा दी है। बोर्ड की तरफ से परीक्षा केंद्रों की सूची में सर्वाधिक केंद्र स्ववित्तपोषित विद्यालयों को बनाया गया है। जबकि यूपी बोर्ड परीक्षा में राजकीय व सहायता प्राप्त विद्यालयों को केंद्र बनाने पर जोर दिया जाता है। इस संबंध में डीआईओएस रविंद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड की तरफ से परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी है। जारी सूची के अनुसार कुल 152 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अब इन्हीं परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षा होगी। जिला स्तर होने वाली अन्य तैयारियां प्राथमिकता के आधार पूरी की जा रही हैं।

## जाम की समस्या से लोगों को नहीं मिल रही निजात



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** आए दिन लग रहे जाम से नगरवासी परेशान हैं लेकिन उन्हें इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। स्थानीय प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर में अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हैं। जिसके कारण सड़कें संकरी हो गई हैं और जाम की समस्या बढ़ गई है।शासन की ओर से निर्देश जारी किया गया था कि नगरों में सड़कों के किनारे अवैध रूप से कहीं वाहन नहीं खड़े रहने चाहिए इन वाहनों की वजह से हो रही जाम की समस्या के दृष्टिगत आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने का भी निर्देश दिया गया।पिछले माह नगर में आंशिक अतिक्रमण विरोधी अभियान भी चला बावजूद इसके नगर के विभिन्न मार्गों पर सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े दो पहिया चार पहिया वाहन दिखाई देते हैं जिनसे जाम की समस्या और बढ़ जाती है। पुलिस फुट पेट्रोलिंग करती जरूर है लेकिन इस तरफ कोई पहल होती नहीं दिखाई दे रही है इस समय सहालग के कारण लोगों का आवागमन बढ़ा है लिहाजा जाम भी अधिक लग रहा है। शुक्रवार को नगर के गांधी चौक से सगरा तिराहा तक और इधर चौक से रोडवेज बस स्टॉप पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस जूनियर हाई स्कूल तक तथा सबसे अधिक समस्या डाकखाना तिराहा रजिस्ट्री ऑफिस के सामने होती है जहां सैकड़ों की तादाद में वाहन सड़क के किनारे पर खड़े रहते हैं। इसी तरह तहसील के सामने भी वाहनों की कतार लगी रहती है। सड़क की पटरियों पर सजी दुकानें आदि कारण से प्रायः राहगीर जाम में फँस कर कराहते रहते हैं।

## हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उपक्रीड़ाधिकारी मोहम्मद मुशर्रफ़ खां ने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में 17 से 20 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन 17 दिसंबर 2024 को अपराह्न 3 बजे जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक के द्वारा किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों की टीम प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिता में लगभग 250 खिलाड़ी टीम मैनेजर उपस्थित रहेंगे साथ ही प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने हेतु उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ से नामित 12 निर्णायक तथा लगभग 50 वॉलिंटियर्स एवं क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अयोध्या तथा जिला खेल कार्यालय अमेठी के अधिकारी कर्मचारियों के निर्देशन में सफल आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उक्त प्रतियोगिता के दर्शनदीर्घा में आने हेतु जनपद अमेठी के समस्त अतिथियों खेल प्रेमियों गणमान्य नागरिकों एवं खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

## जिले में शीतलहर का प्रकोप जारी

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में पिछले कई दिनों से शीत लहर का प्रकोप जारी है। लिहाजा धूप निकलने के बावजूद लोग सर्दी से बेहाल नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को भी सुबह लोग सर्द से कांपने को मजबूर हुए। रविवार से ही सर्द हवाएं लोगों को परेशान कर रही थी राहगीर ठिठुर कर आवागमन करने को मजबूर रहे। स्कूल जाने वाले बच्चों को सुबह आवागमन में दिक्कत हुई। दिनभर सर्द हवाएं चलती रही। शाम को सर्दी और भीषण हो गई अलाव के सहारे लोग दिनचर्या व्ययतीत कर रहे हैं। सुबह शाम कड़ाके की सर्दी के बावजूद सार्वजनिक स्थानों पर अलाव न जलने के कारण राहगीर सर्दी से बेहाल नजर आ रहे हैं लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। धूप सर्द हवाओं के आगे वह तेज होने के बाद भी कमजोर साबित हुई। खुले आसमान के नीचे बैठकर जगह-जगह लोग धूप सेंकते नजर आए। सर्दी के कारण शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक गये।

## नामिका अधिवक्ता पद के लिए आवेदन 25 तक

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि जनपद की तहसील मुसाफिरखाना में नामिका अधिवक्ता (राजस्व) के रिक्त एक पद पर नियुक्ति की जानी है इस पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अधिवक्ता अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर योग्यता व आयु प्रमाण पत्र सहित जिलाधिकारी कार्यालय में न्याय सहायक के पटल पर 25 दिसंबर 2024 की सांय 5 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : डॉ कन्हैयालाल गुप्त

**भाटपार रानी, देवरिया।** प्राथमिक विद्यालय कुरमौली के सेवा निवृत्त शिक्षक विजय कुमार शर्मा की धूमधाम से विदाई किया गया। वर्तमान विद्यालय प्रभारी श्री व्यास राम ने सभी आगंतुकों का इस अवसर पर हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। राजकीय कृत मध्य विद्यालय सोहगरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन ने विदाई कार्यक्रम में अपने विचारों को रखा। आज




शिक्षक समाज और सरकार की दो धूरियों कैसे पीस रहा है। आज समाज में शिक्षक के सम्मान में गिरावट आई है। इसमें कहीं न कहीं कुछ तथाकथित शिक्षक भी जिम्मेदार है। शिक्षक को अपनी गरिमा का सदैव ध्यान रखना चाहिए। शिक्षक विदाई कार्यक्रम में बकुलारी इंटर कालेज के प्राचार्य विद्यासागर सिंह, राजकीय उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय सोहगरा के प्रधानाध्यापक रविन्द्र यादव, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डरैला के प्रधानाध्यापक राम कैलाश हरिजन, प्राथमिक विद्यालय विशुनपुरा के प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार , पूर्व प्रधानाध्यापक रामविलास यादव, रामानंद यादव, रमायन सिंह, रवींद्र सिंह, अरविन्द प्रसाद पटेल,संतोष चौरसिया, प्रीति कुमारी, रिजवाना परवीन आदि बहुत से शिक्षकों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। राजकीय कृत मध्य विद्यालय सोहगरा के प्रधानाध्यापक डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन ने कार्यक्रम का संचालन एवं संबोधन किया।

# पुलिस चौकी के समीप युवकों में मारपीट, चाकू लगने से एक घायल

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के बुद्ध नगरी कुशीनगर में पुलिस चौकी के समीप शुक्रवार को दोपहर बाद एक चाय की दुकान पर पुरानी विवाद को लेकर कुछ युवकों में मारपीट हो गई। इस दौरान चाकू लगने से एक युवक घायल हो गया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तब तक मनबढ़ युवक फरार हो चुके थे। घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के बाद युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

घायल युवक नवीन राव पुत्र उपेन्द्र राव निवासी गोपालगढ़ ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि शुक्रवार को तीन बजे किसी कार्य को लेकर कुशीनगर मेन गेट के सामने एक चाय की दुकान पर खड़ा था, पुरानी विवाद को लेकर आकाश मिश्रा, सत्यम सिंह, करन सोनकर, मंटू

**बुद्ध नगरी मुख्य गेट पर एक चाय की दुकान में युवकों से हुई मारपीट**

मद्धेशिया आए और कहने लगे कि तुमको होटल चलाना है तो मुझे हर माह पैसा देना होगा। तहरीर में आगे कहा है कि 25 हजार की मांग करने लगे, इनकार करने पर मुझे सभी ने मारना पीटना शुरू कर दिया। आकाश मिश्रा द्वारा जान से मारने की नियत से अपने जेब से चाकू निकाला और उसके साथी मुझे पकड़ लिए। जैसे ही मुझ पर चाकू से वार किए, मै बलपूर्वक छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान चाकू मेरे पीठ में लग गई जिससे मैं लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इसके बाद ईट पत्थर से मारना शुरू कर दिए, स्थानीय लोगों व राहगीरों ने मेरी जान बचाई। इस संबंध में थानाध्यक्ष कसया से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा।

## सचिव ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के नकथर देवरिया में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिम्मेदारों के गैर मौजूदगी में सचिव अजीत कुमार ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर तीन का मौके पर निस्तारण किया। सचिव अजीत कुमार के अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में गांव की मानती, फातिमा व मशहूर ने आवास न मिलने की शिकायत के साथ ही बाले यादव ने पशु शेड दिलाने मांग की जिस पर सचिव ने नाम नोट कर पात्र पाए जाने पर पंचायत सहायक से आवेदन करने का निर्देश दिया। चौपाल में बृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन के साथ ही कोटेदार के द्वारा कम राशन देने की शिकायत पर पूर्ती निरीक्षक को जांच के लिए लिखा। कृषि, बेसिक शिक्षा, लघु सिंचाई, बाल विकास, बिजली, स्वास्थ विभाग के जिम्मेदार नदारद रहे। इस दौरान आशीष कुमार शुक्ल,सतीश शुक्ला, शहजाद अहमद, बुधना, परदेशी आदि उपस्थित रहे।

# स्टॉफ ऑफिसर मुख्य सचिव ने किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण, छात्रों को दी प्रेरणा

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** स्टॉफ ऑफिसर मुख्य सचिव रवींद्र कुमार (आईएएस) ने आज रुच्चापार स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ठंड के प्रकोप को देखते हुए उन्होंने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए और ठंड से बचाव के उपायों पर जागरूकता भी फैलाई।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास झलका। साथ ही, विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। रवींद्र कुमार ने इस अवसर पर कहा, देवरिया में मिले प्रेम को मैं कभी भूल नहीं पाता हूं।



यहां आकर मुझे अपनों के बीच होने का अनुभव होता है। मैंने इस विद्यालय को गोद लिया है, और इसकी हर समस्या का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। पठन-पाठन का बेहतर माहौल बनाए रखने के लिए जो भी संसाधनों की आवश्यकता होगी, उसे उपलब्ध कराया जाएगा। सीडीओ के कार्यकाल के दौरान उन्होंने इस विद्यालय को जनसहयोग से आधुनिक स्वरूप प्रदान किया था। स्मार्ट क्लास, सोलर लाइट, आरओ जल सुविधा, पोषण वाटिका गार्डन जैसी सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय आज कान्वेंट स्कूलों को भी मात देता है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक नित्यानंद चौबे सहित विभिन्न अधिकारी, प्रबुद्धजन और स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने रविन्द्र कुमार के प्रयासों की सराहना की और सरकारी विद्यालयों के विकास के प्रति उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम मोनिका रानी ने जिला वृक्षारोपण समिति से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्ष 2024 की भांति वर्ष 2025 के लिए वृक्षारोपण लक्ष्यों के सापेक्ष स्थल चयन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए माइक्रोप्लान तैयार कर लें। डीएम ने निर्देश दिया कि चारागाह की भूमि के चिन्हाकन करने एवं अंतरविभागीय जांच रिपोर्ट 25 दिसंबर तक प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या की अनुपस्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम ने डीएफओ बहराइच को निर्देश दिया कि सम्बन्धित से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय।

जिला पर्यावरण समिति पर चर्चा के दौरान नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों कूड़ा पृथकीकरण करने तथा एमआरएफ सेंटर का नियमित रूप से संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम मोनिका रानी ने ई.ओ. बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि फाइटोरेमिडियशन के क्रियान्वयन हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि जनपद के नालो से आने वाले गंदे पानी को शुद्ध किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे प्राइवेट अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट पर सतत निगरानी रखना सुनिश्चित करें।

बैठक का संचालन प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर, उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद, पयागपुर के दिनेश कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, समस्त खंड विकास अधिकारी, एपीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**बहराइच।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

# बैंकर्स ऋण-जमानुपात की प्रगति सुधारें: जिलाधिकारी

**विभिन्न योजनाओं की पत्रावलियों को अकारण न रखें लम्बित**

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** बैंकर्स मुख्यमंत्री युवा स्व:रोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा आदि लाभार्थीपरक योजना में संबंन्धित विभागों द्वारा प्रेषित की गई पत्रावलियों को प्राथमिकता पर स्वीकृत कर ऋण-वितरण करें, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत भेजी गई पत्रावलियों पर सी.सी.एल. का लाभ मिले ताकि समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत, स्वावलंबी बन सकें। अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, भारतीय स्टेट बैंक की ऋण जमानुपात की स्थिति निराशाजनक है, जिससे प्रतीत होता है कि उक्त बैंक धनराशि जमा करने में रुचि ले रहे हैं, लेकिन ऋण-वितरण में लापरवाही बरती जा रही है, संबंधित शाखा प्रबंधक ऋण-जमानुपात की स्थिति सुधारने के लिए तत्काल प्रभावी कार्यवाही करें। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला स्तरीय समीक्षा समिति, बैंकर्स की बैठक के दौरान देते हुये कहा कि प्रत्येक बैंक का ऋण-जमानुपात 60 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए लेकिन अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का सीडी रेशियो मात्र 40.02 प्रतिशत तथा भारतीय स्टेट बैंक का सीडी रेशियो मात्र 40.83 है, सम्बन्धित शाखा प्रबन्धक माह के अंत तक इसमें सुधार करें। उन्होने बैंकर्स से कहा कि जनहित में कार्य करें, शासन की जन-कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं में प्राथमिकता पर ऋण उपलब्ध कराएं, ऋण-वितरण में बैंकर्स विलंब न करें, स्वीकृत पत्रावलियों पर तत्काल ऋण-वितरण किया जाए, बैंकर्स अपने यहां अकारण पत्रावलियों को लंबित न रखें यदि ऋण स्वीकृत न हो सके तो आख्या अंकित कर पत्रावली संबंधित विभाग को वापस भेजी जाए।

श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान पाया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वार्षिक लक्ष्य 66 के सापेक्ष 140 पत्रावलियां प्रेषित की गयीं, जिसमें से 62 स्वीकृत कर 49 पर ऋण-वितरण किया गया, जबकि 17 पत्रावलियां स्वीकृत हेतु लंबित हैं, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के वार्षिक लक्ष्य 106 के सापेक्ष 234 पत्रावलियां प्रेषित की गयीं, जिसमें से 84 स्वीकृत कर 56 पर ऋण-वितरण किया गया, जबकि 81 पत्रावलियां स्वीकृत हेतु लंबित हैं, 65 पत्रावलियां बैंकों द्वारा वापस की गयीं हैं, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 36 के सापेक्ष 60 पत्रावलियां बैंकों को प्रेषित की गयीं, जिसमें से 12 पत्रावलियां स्वीकृत कर 04 पर ऋण-वितरण किया गया, जबकि 44 पत्रावलियां स्वीकृत हेतु लंबित है। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान पाया कि 3350 वार्षिक लक्ष्य सापेक्ष 3404 पत्रावलियां विभिन्न बैंकों को प्रेषित की गई, जिनमें से 2695 को स्वीकृत कर 1779 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, स्वीकृति के उपरांत भी अभी 161 पत्रावलियां सी.सी.एल. हेतु अवशेष हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज 14 दिसम्बर को

**सुलतानपुर।** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार गुप्ता ने अवगत कराया है कि जनसामान्य को त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कल दिनांक 14 दिसम्बर, 2024 (दिन शनिवार) को प्रातः 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर सुलतानपुर में व जनपद सुलतानपुर के सभी वाह्य न्यायालयों, तहसील मुख्यालयों, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण, कलेक्ट्रेट एवं अन्य सम्बन्धित विभागों तथा जनपद अमेठी के मुसाफिरखाना, गौरीगंज व अमेठी तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

### आर्य समाज सुल्तानपुर के तत्वावधान में असिस्टेंट प्रोफेसर कविता पाठक का हुआ सम्मान



**सुल्तानपुर।** आर्य समाज सुल्तानपुर द्वारा आयोजित वेद मंत्र पाठन, संभाषण, एकल भजन एवं समूह भजन गायन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की अध्यक्ष के रूप में अपना दायित्व सफलता पूर्वक निर्वहन करने पर डॉ0राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 कविता पाठक को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के संयोजक डॉ 0अरविंद चतुर्वेदी,प्रधान अरविंद पांडेय व मंत्री उदय राज वर्मा द्वारा उन्हें संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर प्रधानाचार्य वीरेंद्र मौर्य, अजीत कुमार द्विवेदी सहित प्रतियोगी छात्र छात्राएं तथा नगर के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चला अभियान



**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, राजेश कुमार तिवारी जिला आबकारी अधिकारी सुल्तानपुर के नेतृत्व में संजय कुमार मिश्रा आबकारी निरीक्षक सदर संजय श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 नेहा श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5, की संयुक्त टीम द्वारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। दिनांक 13.12.2024 मय स्टाफ साकेत राय प्र.आ.सि, अंकित शर्मा आ.सि. मो इरफान आ.सि,राजीव शुक्ला आ.सि. शेष प्रताप आ. सि द्वारा ग्राम चुनहा ग्राम कुछमुछ ग्राम कलकुरा में दबिश दी गई ।मौके पर 04 अभियोग पंजीकृत करते हुए 59 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व लगभग 400 किलो लहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर नष्ट किया गया। टीम द्वारा असरोगा टोल पर चेकिंग की गई। सुल्तानपुर ईट भट्टों की सघन तलाशी ली गई। सर्किल की दुकानों का निरीक्षण किया गया व ढाबो की भी चेकिंग की गई तथा सभी ढाबो के मालिकों को निर्देशित किया गया कि किसी भी तरह अवैध शराब का सेवन अपने ढाबो पर ना करवाएं।

### सैप्टिक टैंकों के मल के निस्तारण की दी जानकारी



**शिकोहाबाद।** नगर पालिका के जलकल विभाग द्वारा नगर क्षेत्र के सीमान्तर्गत बने समस्त भवनों के सैप्टिक टैंकों की प्रत्येक तीन वर्ष में सैक्शन मशीन के द्वारा मल के निस्तारण कराये जाने हेतु आवास विकास कॉलोनी स्थित विश्व भारती स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अविद्यालय के ध्यापकों/छात्र/छात्राओं को मुस्तफाबाद रोड़ पर स्थापित एफएसटीपी पर सैप्टिक टैंको के मल के निस्तारण किये जाने वाली मशीनों का निरीक्षण कराया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को मशीन द्वारा किस तरह से मल का निस्तारण किया जाता है के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में पालिका के अधिषासी अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप, मुन्षीलाल वर्मा (सहायक अभियन्ता जल) रजनीष कुमार (लिपिक जल),वीरेश्वर दयाल (वरिष्ठ लिपिक),रामेश्वर दयाल,जितेन्द्र सिंह प्रथम,जितेन्द्र कुमार द्वितीय,अजन्ट सिंह,सुनील कुमार और मुहम्मद उवैश आदि उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AY-Medstn-87-24-1 (Misc Static-Services-Medical Facilities at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉं पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3817/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिले के 15 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**नियुक्त किये गये केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट**

**बहराइच।** उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 22 दिसम्बर 2024 को (दो पालियों/सत्रों में पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक व अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे) तक आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सभी 15 परीक्षा केन्द्रों हेतु केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। समस्त 15 परीक्षा केन्द्रों के प्रधानाचार्य को केन्द्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी सौपी गई है। परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज के लिए श्रीमती कृष्णा कुमार को सहायक केन्द्र व्यवस्थापक नायब तहसीलदार सदर सुरेन्द्र प्रसाद को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व अति.मजि.प्रथम राम दयाल को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। महाराज सिंह इण्टर कालेज के लिए प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ फखरपुर राकेश कुमार को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व एसडीएम महसी अखिलेश कुमार सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। आज़ाद इण्टर कालेज के लिए परशुराम पाल को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ डॉ. अजीत कुमार सिंह को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व एसडीएम न्यायिक कैसरगंज लालधर यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए राजेश प्रताप सिंह को सहा. व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार मिहींपुरवा हर्षित पाण्डेय को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व तहसीलदार कैसरगंज अभयराज पाण्डेय को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। चौधरी सियाराम इण्टर कालेज के लिए बबिता मिश्रा को सहा. व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार कैसरगंज ब्रम्हादीन को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व एसडीएम कैसरगंज आलोक प्रसाद को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। किसान डिग्री कालेज ब्लाक-ए के लिए प्राचार्य डॉ. विनय सक्सेना को केन्द्र व्यवस्थापक, बच्छराज को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ रिसिया रणजीत सिंह को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व बीडीओ महसी हेमन्त यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

राजकीय बालिका इण्टर कालेज के लिए श्रीमती श्वेता अग्रवाल को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ कैसरगंज जितेन्द्र कुमार चौधरी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व तहसीलदार पयागपुर धर्मेन्द्र कुमार को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय पॉलीटेक्निक आसाम चौराहा के लिए डॉ. अजय कुमार वर्मा को सहा. व्यवस्थापक, नायब तहसीलदार फखरपुर बृजेश कुमार को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व तहसीलदार सदर अनिरूद्ध यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। किसान डिग्री कालेज ब्लाक-बी के लिए विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र प्रो. राजवीर सिंह को केन्द्र व्यवस्थापक, सुश्री साक्षी वर्मा को सहा. व्यवस्थापक, बीईओ नवाबगंज राधेश्याम वर्मा को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व बीडीओ मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

## शासकीय धन का फर्ज़ीवाड़ा करने पर लेखाकार व सीएलएफ अध्यक्ष पर एफआईआर

**बहराइच।** विकास खण्ड-फखरपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित प्रयास प्रेरणा महिला संकुल समिति के बचत खाते से सचिव श्रीमती रेशमी पाल के फर्जी हस्ताक्षर करके वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक लेखाकार विक्रम मिश्रा द्वारा रू. 9,96,700.00 एवं सी.एल.एफ. अध्यक्ष श्रीमती अनुसूईया देवी द्वारा रू. 4,99, 560.00 कुल धनराशि रू.14,96, 260.00 का अन्तरण करवाये जाने का तथ्य संज्ञान में आने पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के निर्देश पर सम्बन्धित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के अन्तर्गत धारा 319 (2), 318 (4), 340 (2), 316 थाना-फखरपुर में 13 दिसम्बर 2024 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि सम्बन्धित प्रकरण के संज्ञान में आने पर सीडीओ के निर्देश पर उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा 23 नवम्बर 2024 को जिला मिशन प्रबन्धक मानवेन्द्र यादव विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) एवं समस्त ब्लाक मिशन मैनेजर के साथ प्रकरण की जांच की गई।

# विद्यालय में मॉक पार्लियामेंट का हुआ सफल आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल फिरोजाबाद में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया,जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया नीति-निर्माण और बहस के महत्व को समझाना था।

कार्यक्रम में छात्रों ने प्रधानमंत्री विपक्ष के नेता स्पीकर और विभिन्न सांसदों की भूमिकाएं निभाई। उन्होंने विभिन्न समसामयिक और सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और सुझाव प्रस्तुत किए। छात्रों ने अत्यंत उत्साह और गंभीरता के साथ अपनी-अपनी भूमिकाओं को निभाया। समारोह के मुख्य अतिथि एग्जीक्यूटिव एजीएम मिस्टर विक्रम रेड्डी एजीएम उत्तर प्रदेश वामशी सर रीजनल इंचार्ज कपिल सक्सेना और विद्यालय की प्रधानाचार्या शिव नागरानी ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों में नेतृत्व क्षमता और सार्वजनिक बोलने का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं,बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं।मॉक पार्लियामेंट ने छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की गहरी समझ प्रदान की और इसे सभी के लिए एक प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद अनुभव बनाया।

# फार्मासिस्ट ब्रम्हशंकर यादव के खिलाफ गृह मंत्रालय से हुई शिकायत

**अवधनामा संवाददाता**

**कादीपुर,सुल्तानपुर।** आपको बताते चले की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर के चीफ फार्मासिस्ट ब्रम्हशंकर यादव ने जब मरीज को बाहर की दवा लिखते व अन्य डॉक्टरों से लिखवाते है तो मरीजो द्वारा जब बाहरी दवा लिखने का विरोध किया जाता है। तो चीफ फार्मासिस्ट ब्रम्हशंकर यादव द्वारा ही मरीजो को यह धमकी दी जाती है की मै जिस जिले से मिलान करता हूँ। उस जिले से आतंकवादी व माफिया ही पैदा होते है। उस जिले का नाम आज़मगढ़ है। बाहर मेडिकल स्टोर की दवा लिखना हमारी मजबूरी है। मुझे भी उपर तक पैसा देना होता है। वही जब मीडिया कर्मी द्वारा बरवारीपुर निवासी आर टी आई एक्टिविस्ट से टेलीफोनिक वार्ता हुई तो उन्होंने बताया की मैने जनहित के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री व गृह मंत्रालय से इस प्रकरण के सम्बन्ध मे शिकायत किया हूँ। और उच्च अधिकारियो से इस प्रकरण मे निष्पक्ष रूप से जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करता हूँ। मेरी जनहित शिकायतों को उच्च अधिकारी स्वतः संज्ञान लेकर जाँच टीम गठित कर जाँच आख्या प्राप्त कर विभागीय कार्यवाही करे। जिससे आम जनमानस को न्याय मिल सके। वही जब मीडिया कर्मी ने चीफ फार्मासिस्ट ब्रम्हशंकर यादव से टेलीफोनिक वार्ता किया तो पहले उन्होंने सारे प्रकरण को निराधार बताया, और कहा की मै किसी सोनू सिंह को नही जानता हूँ। उसके बाद उन्होंने बताया की एक पुलिस वाले मेडिकल रिपोर्ट लेने के लिए आये हुए थे उनको मैने थोड़ी देर बैठने के लिए कहा, उतने मे सोनू सिंह आये और हमारे उनके बीच कुछ बाते हुई, सोनू सिंह द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसे आज निस्तारित कर भेज दिया गया है। सभी आरोप निराधार है। अगर चीफ फार्मासिस्ट ब्रम्हशंकर यादव की बातो पर प्रकाश डाला जाय तो इनकी बातो से यह पूर्णतयः यह साबित हो रहा है की चीफ फार्मासिस्ट ब्रम्हशंकर यादव एक दबंग किस्म के ही व्यक्ति है। और उच्च अधिकारी इनके प्रभाव मे ही काम करते है। क्यूंकि जिस व्यक्ति पर आरोप लगाए जा रहे है। उसी व्यक्ति के ही इसारे पर रिपोर्ट उच्च अधिकारियो को प्रेषित की जा रही है। और जाँच अधिकारी भी उसी ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ही है। चीफ फार्मासिस्ट ब्रम्हशंकर यादव के बातो से यह भी साबित हो रहा है की जाँच अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता का किसी भी रूप मे बयान भी अंकित नही किया गया है।

## जेएस विश्वविद्यालय का छात्र ब्रांज और कांस्य पदक विजेता का स्वागत



**शिकोहाबाद।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की जिला कार्यकारिणी ने थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड पैरा गेम्स 2024 में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले खिलाड़ी का उसके घर जाकर सम्मान किया। रजोपुरा निवासी अभिषेक यादव जेएस विश्वविद्यालय का बीएससी तृतीय सेमेस्टर का छात्र है। उसने थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड पैरा गेम्स में 100 मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया। जिसमें उसने ब्रांउज और कांस्य पदक जीत कर देश के साथ प्रदेश, जिला और अपने गांव का नाम रोशन किया है। जिसके लिए अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने उसके गांव जाकर उसके आवास पर भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रदेश महासचिव मनोज यादव, प्रदेश सचिव अशोक यादव, महानगर अध्यक्ष अजीत यादव, जिला उपाध्यक्ष बृजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव, जिला महासचिव डॉक्टर डीपी यादव, जिला प्रवक्ता डॉ. प्रमोद यादव एडवोकेट, अवनीश यादव तथा जिला अध्यक्ष राहुल यादव एडवोकेट रहे। यादव महासभा ने अभिषेक के पिता अनिल कुमार यादव तथा उनके दादा को भी सम्मानित किया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत विहरका, विकास खण्ड मौदहा-हमीरपुर

पत्रांक : मेमो/निविदा प्रकाशन/मनरेगा/2024-25 दिनांक : 12.12.2024

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन**

ग्राम पंचायत विहरका में मनरेगा के योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0/लो0नि0वि0/सि0वि0/आयकर/व्यापार कर/ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यालय से कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 13.12.2024 से 27.12.2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 28.12.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोलें जायेगें।

| क्र. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (रू. में) जी.एस.टी. सहित | सामग्री अंश (रू. में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सी0सी0 राजबहादुर से बाबूलाल | 796534 | 724772 | 14495 | 550 | 1 माह |
| 2 | सी0सी0 काली माता से शंकर जी मंदिर तक | 693091 | 630281 | 12605 | 550 | 1 माह |

**निविदा हेतु शर्ते :-**

1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्शित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0/डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत विहरका वि0ख0 मौदहा-हमीरपुर के नाम बंधक/देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा।
3. निविदादाता आयकरदाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016-176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
6. प्रथक-प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरनें होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी/अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।
10. शासनादेश सं0 730/33-3-2022-11/2022 पंचायतीराज अनुभाग-3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नहीं होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/अडतीस-7-2022-63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहियें।
12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

**सुशीला**
**ग्राम प्रधान**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

पत्रांक : 3325/8काम/ई-टेण्डरिंग/बह0-श्राव0वृत्त/2024-25 दिनांक : 07.12.2024

**स्वीकृति की प्रत्याशा में अल्पकालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन**

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी एवं सी श्रेणी मार्ग कार्य के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण एवं तदोपरान्त पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा शुल्क+ स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी. (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा- कैसरगंज | | | | | | |
| 1 | बहराइच | गोडहिया नं0-4 सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 325.50 | 18.30 | 2715.00 | 6 Month |
| 2 | बहराइच | उपधि सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 92.16 | 6.70 | 2715.00 | 6 Month |
| 3 | बहराइच | नासिरगंज सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 81.41 | 6.10 | 2715.00 | 6 Month |
| 4 | बहराइच | दहौरा से सिंगरौ सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 44.25 | 4.30 | 2715.00 | 6 Month |
| 5 | बहराइच | बदरौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 41.19 | 4.10 | 2715.00 | 6 Month |
| 6 | बहराइच | कोडरी चन्दन सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 43.00 | 4.20 | 2715.00 | 6 Month |
| 7 | बहराइच | कैसरगंज नौगोईया सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 79.65 | 6.00 | 2715.00 | 6 Month |
| 8 | बहराइच | मरौठी रानीगंज सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य एवं पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य। | 41.03 | 4.10 | 2715.00 | 6 Month |

2. अनुरक्षण की अवधि कार्य पूर्ण होने की तिथि से पांच वर्ष होगी।

3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.12.2024 से 31.12.2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन इस साइट पर ही सबमिट की जायेगी।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 31.12.2024 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 31.12.2024 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेंडरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 31.12.2024 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

**(इं. अमर सिंह)**
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., बहराइच

UPID-223756 Dated-12-12-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**(इं. भगवान दास)**
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

# यूपीयूएमएस में एनटीईपी कोर कमेटी की बैठक संपन्न

- बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) पी.के.जैन ने की

वहाज अली निहाल



**सैफई, इटावा।** टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम(एनटीईपी) के कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) पी.के.जैन ने की। बैठक में संकायाध्यक्ष चिकित्सा व एनटीईपी के वाइस चेयरमैन रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो.(डा.)आदेश कुमार ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति पर विस्तार से बताया। बैठक में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो(डा.) रमाकान्त यादव, कुलसचिव प्रो(डा.) चंद्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक प्रो0 (डा.)एसपी सिंह, माइक्रोबायलॉजी विभाग के डा.अमित सिंह, शिशु एवं बाल रोग विभाग के डा.दिनेश कुमार, यूपीएसटीएफ एनटीईपी अध्यक्ष प्रो. (डा.)गजेन्द्र सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डा.शिवचरण हैब्रम तथा आयोजन टीम के सदस्य डा.आशीष कुमार, डा.आदित्य कुमार, डा.प्रशांत यादव, डॉ नम्रता के अलावा एनटीईपी कोर कमेटी के अन्य सदस्य तथा सभी विभागों के फैकेल्टी मेम्बर, रेजिडेंट, एनटीईपी सलाहकार मौजूद रहे। बैठक में बोलते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) पी.के.जैन ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) का मुख्य उद्देश्य टीबी को देश से पूरी तरह खत्म करना है। इसके व्यापक क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। संकायाध्यक्ष चिकित्सा व एनटीईपी के वाइस चेयरमैन रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. (डा.) आदेश कुमार ने बताया कि 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत अभियान में तेजी लायी जा रही है। इसके लिए सभी जरूरी चीजे की जा रही हैं। उम्मीद है जल्दी देश पूरी तरह टीबी मुक्त हो जायेगा। विश्वविद्यालय का रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग इसके लिए नियमित रूप से आस-पास के गाँवों तथा जनपदों में समाजसेवी संस्थानों तथा ग्रामपंचायतों की मदद से भी इस पर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तथा यूपी एसटीएफ एनटीईपी के अध्यक्ष प्रो.(डा.)गजेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के बेहतर प्रबन्धन एवं निदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि टीबी को अतिशीघ्र देश से पूरी तरह खत्म किया जाए। कार्यक्रम में शिशु एवं बाल रोग विभाग के डा0 दिनेश कुमार ने 'बाल रोग चिकित्सा व क्षय रोग' पर विस्तार से बताया वहीं माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग के प्रो. (डा.) अमित सिंह ने क्षय रोग के निदान में चिकित्सकीय जॉचें जिसमें 'प्रयोगशाला निदान' पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## हार्ट अटैक से प्रेमी की मौत, खबर सुनते ही प्रेमिका ने छोड़ी दुनिया

**सुमेरपुर हमीरपुर।** प्रेमी की मौत की खबर पाकर प्रेमिका ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन फानन में उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कस्बे के बसंत नगर निवासी पंकज यादव (25) पुत्र मानसिंह को 11 दिसंबर को हार्टअटैक पड़ा था। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की रात मौत हो गई। जिसका शव शुक्रवार को तड़के कस्बे में लाया गया। जैसे यह सूचना उसकी प्रेमिका आशी (22) उर्फ रोहणी को पता चला तो उसने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आशी को फंदे पर लटकता देखकर परिजनों ने उसे उतारकर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# किसान भाई ट्रैक्टर-ट्रालियों में अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टिव टैप लगाये

सड़क सुरक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि शुक्रवार को नवीन मण्डी स्थल अवनीश राय जिलाधिकारी एवं संजय कुमार वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जनपद में संचालित ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के जागरूकता कार्यक्रम का विशाल आयोजन किया गया। जिसमें किसान भाईयों से अपील की गयी कि वे अपने-अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों में अनिवार्यरूप से रिफ्लेक्टिव टैप लगाये, रात्रि में बैक लाइट का प्रयोग करें, कोहरे में फॉग लाइट का प्रयोग करें, किसी भी तरह ट्रैक्टर-ट्रालियों में व्यक्तियों/यात्रियों को न बैठाये, दर्शनीय स्थल, मन्दिर दर्शन, मेला, नुमाइश आदि में ट्रालियों में सवारियां भरकर न ले जाये तथा यदि पुलिस प्रशासन का कोई अधिकारी/कर्मचारी इस प्रकार की सवारियों ढोने के लिये मना करें तो उसका सहयोग करें, उसका विरोध न करें, ओवरस्पीड में ट्रैक्टर न चलाये, ट्रालियों में ओवरलोड भार न लादे, कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रालियों का प्रयोग केवल कृषि कार्य हेतु ही करें, इनमें किसी भी प्रकार की सवारी, यात्री, व्यक्ति, बच्चे न बैठाये। इस आयोजन में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक यातायात, क्षेत्राधिकारी यातायात, उपनिरीक्षक यातायात एवं उनके स्टॉफ के साथ-साथ प्रदीप कुमार देशमणि, सहायक परिवहन अधिकारी (प्रशासन), वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्रीकर, मालकर अधिकारी, सचिव मण्डी, रियाज अहमद मण्डी इस्पेक्टर, प्रदीप त्रिपाठी मण्डी इस्पेक्टर एवं परिवहन विभाग का समस्त स्टॉफ भागीदार रहा। इस आयोजन में लगभग 150 ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर किसानों भाईयों के साथ-साथ ट्रैक्टर चालाक एवं ट्रैक्टर स्वामियों को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूक किया गया।

# विश्व बाघ दिवस: छात्र-छात्राओं को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण कराया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में विश्व बाघ दिवस से ग्रामीण पृष्ठ भूमि के परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को वन्य जीवों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अनुभूति कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। इसके अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को बच्चों को सफारी का निःशुल्क भ्रमण अनवरत रूप से कराया जा रहा है। इस मौके पर भरथना ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय काँधेसी पचार के छात्र-छात्राओं को सफारी का भ्रमण कराया गया। इसके अतिरिक्त जनपद आगरा के रुनकता में स्थित महाकवि सूरदास नेत्रहीन विद्यालय सूरकुटी से दृष्टि बाधित 40 दिव्यांगजनों को भी इटावा सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया। ब्रेल लिपि पर आधारित वन्य जीवो से संबंधित ब्रेल गैलरी का शुभारंभ इन दृष्टि बाधित दिव्यागजनो द्वारा किया गया। सभी छात्राओ द्वारा ब्रेल लिपि में अंकित वन्यजीवों से सम्बन्धित रोचक जानकारी प्राप्त की गई तथा सफारी भ्रमण के बाद प्रसन्नता व्यक्त की गई। पर्यटकों को सफारी पार्क के बारे में जानकारी देने हेतु बनायी गई ऑडियो गाइड के माध्यम से इन सभी बच्चों को जानकारी प्रदान की गयी।

इस अवसर पर सफारी पार्क के निदेशक डा.अनिल कुमार पटेल द्वारा वन्यजीवों तथा सफारी पार्क के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। इसके अतिरिक्त पशुपालन विभाग के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डा.आर.के.सिंह द्वारा वन्यजीवों के रेस्क्यू के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया गया। इस मौके पर सफारी पार्क के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 11 वीं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** ग्यारहवीं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डा. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम सभागार हमीरपुर में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये है।

एन.एच.0-34 (कानपुर सागर हाइवे) से लगे सभी आबादी भाग मे गाड़ियो की स्पीड कम से कम 20 किमी. / घण्टा तथा खदान मार्गो में 34-50 किमी./घण्टा स्पीड के निर्देश दिये गये है। सभी गाड़ियो के पीछे रेडियम टेप लगावाया जाए। पुल के ऊपर ओवर लोडेड 16 चक्का व 22 चक्का ट्रको मे 40 टन के भार से ज्यादा जितनी भी गाड़िया निकलती है, उनमें रोक लगायी जाए साथ ही सभी टांसपोर्टर को नोटिस जारी किया जाए। किसी भी गाड़ियों का पीछा न किया जाए फिक्स स्थान पर गाड़ियो को चेक किया जाए। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले एक माह के अन्दर रू. 90.00 लाख तथा साथ ही खड़ी गड़ियों की रू0 74.00 लाख की पैनाल्टी लगायी गई है। हमीरपुर राठ मार्ग (राज्य मार्ग सं.-42) व अन्य महत्वपूर्ण मार्गो पर गोवंशों को सड़क पर बैठने से रोकने हेतु सम्बन्धित थानों द्वारा सायंकाल पेट्रोलिंग की जाए। गाड़ी चेकिंग करने वाली सम्बन्धित टीम के पास कैमरा उपलब्ध कराया जाए साथ ही चालान करते समय कैमरा साथ लेकर जाए। मौदहा बसवारी मार्ग तथा जलालपुर ममना मार्ग में झाड़ियां कटवायी जाए। किसी एक स्थान पर कैमरा लगाये जाए जिससे वाहनो की स्पीड मे रोक लगायी जा सके। शहरी क्षेत्र के नो इन्ट्री के बाद किसी भी बड़ी गड़ियो की स्पीड 20 किमी./ घण्टा से ज्यादा होने पर रोक लगायी जाए तथा शहरी क्षेत्र पी.डब्लू.डी. कैम्पस, जिला अस्पताल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं जिलाधिकारी कार्यालय के सामने रम्बल स्ट्रिप बनाये जाए। लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 21.12.2024 से 22.12.2024 तक सभी प्रकार की गाड़ियों को बन्द कराया जाए साथ ही परीक्षा के समय अधिक स्पीड की गाड़ियो पर रोक लगायी जाए। एन.एच.-34 (कानपुर सागर हाइवे) सुमेरपुर से मौदहा के आगे तक रोड मार्किंग करायी जाए तथा हेलमेट लगाने हेतु लोगो को जागरूक किया जाये व दो पहिया वाहन में 02 लोगो अधिक बैठने वाले वाहनों का चालान किया जाए। इस बैठक में विजय शंकर तिवारी अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/ सुरेश कुमार अपर जिलाधिकारी/ एम.एल.वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता/ अधिशासी अधिकारी, नगर पलिका परिषद, हमीरपुर/ राजेश कुमार सी.ओ. सदर/ डी.एन. प्रसाद, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर/ विनोद कुमार यादव सहायक अभियन्ता / चन्दन पाण्डेय, यात्री एवं मालकर अधिकारी, हमीरपुर / रामप्रताप साहू सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## चंदपुरवा में ट्रामा सेंटर बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**सुमेरपुर हमीरपुर।** नगर उद्योग व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त को सौंपकर शासन से स्वीकृत ट्रामा सेंटर कस्बे के निकट चंद्रपुरवा बुजुर्ग की ग्राम सभा की जमीन पर बनाने की मांग की है। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू की अगुवाई में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी विजयशंकर तिवारी को सौंपकर ट्रामा सेंटर कस्बे के निकट चंद्रपुरवा बुजुर्ग में बनाने की मांग की है। व्यापार मंडल का कहना है कि कस्बे की आबादी 70 हजार से अधिक है। उद्योग नगरी के अलावा रेलवे स्टेशन की सुविधा है। नेशनल हाईवे 34 और प्रस्तावित रमईपुर कबरई ग्रीन हाइवे से जुड़ा हुआ चंद्रपुरवा बुजुर्ग गांव है। यहां पर ग्राम सभा के गाटा संख्या 443 में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। यहां पर ट्रामा सेंटर बनने का लाभ सुमेरपुर के अलावा मौदहा, मुस्करा तथा बांदा जनपद के जसपुरा ब्लॉक के लोगों को मिलेगा। अपर जिलाधिकारी ने व्यापारी नेताओं को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# अवैध खनन पर हुई कार्रवाई



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन के अनुपालन में दिनांक-12.12.2024 को राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तहसील सरीला के ग्राम इछौरा जिटकरी के खण्ड संख्या-25/18 की जांच की गयी। जांच में पट्टाधारक द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र के बगल के खण्ड संख्या-25/17 में 10500 घन मीटर मौरम का अवैध खनन किया जाना पाया गया। उक्त अवैध खनन के सम्बन्ध में सम्बन्धित पट्टाधारक पर 94.50 लाख की शास्ति आरोपित की गयी है। जनपद में इस माह अवैध खनन / परिवहन पर कार्यवाही करते हुये जनपद झांसी के पट्टाधारक द्वारा जनपद हमीरपुर की सीमा में ग्राम जिगनी के तरफ 2625 घन मीटर बालू/मौरम का अवैध खनन करने के कारण रु0-23.62 लाख की शास्ति आरोपित की गयी है व 11 भण्डारणकर्ता द्वारा नियम / शर्तो का उल्लंघन किये जाने के कारण रु0-55.00 लाख की शास्ति आरोपित की गयी है एवं माह दिसम्बर 2024 में अब तक कुल 98 वाहनों पर अवैध परिवहन की कार्यवाही करते हुये 42.82 लाख की शास्ति आरोपित की गयी है, जिसमें से रु0-15.71 लाख धनराशि जमा करायी गयी है। इस प्रकार मात्र माह दिसम्बर, 2024 में आज दिनांक तक लगभग कुल रु0-215.00 लाख की धनराशि अवैध खनन / परिवहन / भण्डारणकर्ताओं पर आरोपित की गयी है। जनपद में सभी उपजिलाधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, खनन अधिकारी को लगातार जांच करते हुये अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

# एसबीए चुनाव: सभी पर्चे वैध, किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया पर्चा वापस

### अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे पद पर होगा मुकाबला

- 6 सदस्यों समेत 13 पदाधिकारी हो जाएंगे निर्विरोध
- 16 दिसंबर को 18 प्रत्याशियों को वितरित की जाएगी मतदाता सूची
- 17 दिसंबर को होगी टेंडर वोटिंग
- 20 दिसंबर को मतदान व 21 दिसंबर को होगी मतगणना
- प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से किया संपर्क, चुनावी सरगर्मी हुई तेज

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2024925 के लिए हो रहे मतदान के लिए शुक्रवार को जांच में सभी पर्चे वैध पाए गए और किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया। जिसकी वजह से अब चुनाव मैदान में 23 पदों के लिए कुल 31 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं, हालाकि 13 पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए जाएंगे। वहीं अब सिर्फ पांच पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे पद पर मुकाबला होगा जिसके लिए कुल 18 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। 16 दिसंबर को मतदाता सूची प्रत्याशियों को वितरित की जाएगी, जबकि 17 दिसंबर को टेंडर वोटिंग होगी। 20 दिसंबर को मतदान व 21 दिसंबर को मतगणना होगी।उधर प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि 23 पदों के लिए कुल 31 लोगों ने पर्चा दाखिल किया था। जांच में सभी पर्चे वैध पाए गए, किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा वापस नहीं लिया। जिसकी वजह से 31 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार मिश्र, अशोक प्रसाद श्रीवास्तव व ओम प्रकाश पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी गोविंद प्रसाद मिश्र व शारदा प्रसाद मौर्या, महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशी अखिलेश कुमार पांडेय,अरुण कुमार सिंघल व योगेश कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी आशीष कुमार मिश्र उर्फ मंटू, वंशीधर पांडेय व वीरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए दो प्रत्याशी प्रदीप देव पांडेय व संजय कुमार पांडेय तथा उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए दो प्रत्याशी अखिलेश कुमार मिश्र व आशुतोष कुमार दुबे, संयुक्त मंत्री प्रशासन अजय प्रकाश मिश्र, संयुक्त मंत्री प्रकाशन शरद चन्द्र गुप्ता व संयुक्त मंत्री पुस्तकालय सूरज वर्मा के साथ ही सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए 6 प्रत्याशी अशोक कुमार मिश्र, पुष्पा तिग्गा, प्रदीप पांडेय, सुनील कुमार, सुशील कुमार चौबे व सेराज अख्तर खां एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए 7 प्रत्याशी अविनाश रंजन त्रिपाठी, आशीष कुमार पाल, कंचन, प्रमोद कुमार सिंह, रमाशंकर चौधरी, राहुल जैन व श्याम किशोर मिश्र शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया। अब कुल 31 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें से 6 सदस्यों समेत उपाध्यक्ष चार पद तथा संयुक्त मंत्री तीन पद कुल 13 पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए जाएंगे। पांच पदों के लिए 18 प्रत्याशियों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष व सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के बीच मुकाबला होगा। वहीं 16 दिसंबर को प्रत्याशियों को मतदाता सूची का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा 17 दिसंबर को टेंडर वोटिंग होगी। 20 दिसंबर को मतदान तथा 21 दिसंबर को मतगणना होगी। उधर प्रत्याशियों द्वारा समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया गया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

# कबूतरबाज पर मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय कस्बे सहित क्षेत्र में कबूतरबाजों का मकडज़ाल फैला हुआ है जो क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को विदेशों में अच्छी नौकरी का शब्जबाग दिखाकर उनका शोषण करने का काम कर रहे हैं।ऐसे ही एक कबूतरबाज पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी मुंशीर उद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कस्बे का एक शिक्षित बेरोजगार युवक है, दिनांक 01 सितंबर 2024 को कबूतरबाज सफुल हयात पुत्र हयात उसके घर पहुंचा और उसकी दयनीय स्थिति, बेरोजगारी को देखकर सऊदी अरब में नौकरी दिलाने की बात कहते हुए साढ़े तीन लाख रूपये खर्च होने की बात कही जिसकी सम्पूर्ण बातों पर प्रार्थी तथा उसके माता-पिता सहित पत्नी ने विश्वास कर अन्य लोगों से कर्ज लेकर तथा धनराशि कम पड़ने पर पत्नी के जेवरात बेंचकर उसने शैफुल को पैसा दे दिया। उसने बताया कि जब उपरोक्त सैफुल हयात पैसा पा गया तो पीड़ित को फर्जी मेडिकल कराने तथा इधर-उधर साक्षात्कार कराने की बात कहते हुए झूठे प्रपंच रचकर अलग से 60 हजार रूपये और ले लिए तथा फर्जी दस्तावेजों को दिखाकर विदेश भेज दिया जिसमें मेरा पूरा खर्च 4 लाख 10 हजार रूपये आया। प्रार्थी ने बताया कि जब वह 13 सितंबर 2024 को विदेश पहुंच गया तो उपरोक्त सैफुल द्वारा बनवाए गए सभी दस्तावेजों को वहां फर्जी तथा असत्य करार दे दिए गए जिसके बाद मुझे सऊदी पुलिस के हवाले कर दिया गया जहां पर उसे पर्याप्त यातनाएं देने के बाद दिनांक 24 नवंबर 2024 को भारत वापस कर दिया गया। उसने तहरीर के माध्यम से पुलिस को बताया कि इस तरह से उक्त कबूतरबाज ने फर्जी तथा कूटरचित तरीके से बनवाए गए दस्तावेजों के सहारे उससे 4 लाख से अधिक रूपये की ठगी की है। जिसमें उपरोक्त कबूतरबाज ने अपने को सही साबित करने में इधर-उधर इंटरव्यू तथा मेडिकल आदि कराने में 60 हजार रूपये खर्च करा दिये जो अपराध की श्रेणी में आता है। प्रार्थी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नामित कबूतरबाज सैफुल हयात पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 336(3), 340(2), 318(4), 319(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### महायज्ञ में आय संतों को बांटे कम्बल



**सुमेरपुर हमीरपुर।** तपोभूमि आश्रम में चल रहे गायत्री यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह में करीब 500 तपस्वी सन्त आए हुए हैं। कड़ाके की ठण्ड में भी ये सन्त खुले आसमान के नीचे धुनी रमाए अपनी मस्ती में भजन जप करते रहते हैं। हर कोई इनके दर्शन और सेवा का लाभ ले रहा है। रविवार को भाजपा नेता अमित कुमार सोनू ने अपने पिता द्वारिका प्रसाद के जन्मदिन के मौके पर इन सन्तों को कम्बल बांटकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मधु महाराज, द्वारिका प्रसाद, रावेन्द्र शिवहरे, रिज़वान हाशमी, विकास गुप्ता, लकी मिश्रा, लक्ष्य गुप्ता, कबीर कुमार, मिरय कुमार समेत तपोभूमि आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### राज्यपाल के आगमन के दृष्टिगत सेवाकुंज आश्रम कारीडाड़ चपकी का निरीक्षण



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज राज्यपाल महोदया के आगमन के दृष्टिगत सेवाकुंज आश्रम कारीडाड़ चपकी का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहाकि हेलीपैड के निर्माण कार्य, सड़कों पर गढ्ढे आदि का मरम्मत कार्य कर लिया जाये एवं परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी बेहतर तरीके से सुनिश्चित कर ली जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्यपाल महोदया के आगमन के दृष्टिगत जिन अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, ससमय सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगें।

### बल्ली पूजन के साथ श्री रामचरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ के पंडाल कार्य प्रारंभ



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** श्री रामचरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ समिति की ओर से राबर्ट्सगंज नगर स्थित आरटीएस क्लब में 24 दिसंबर 2024 से होने वाले श्री राम चरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ के लिए समिति के पदाधिकारियों द्वारा शुक्रवार को बल्ली का पूजन- अर्चन कर पंडाल बनने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान समिति के महामंत्री सुशील पाठक ने बताया कि महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन के निर्देशन पर आगामी 24 दिसंबर 2024 से होने वाले 30वें श्री राम चरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ के लिए बल्ली पूजा पांडाल का विधिवत पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी ही 111 भूदेव महायज्ञ में शामिल होंगे तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र पूरे नगर में लगाए जाएंगे, ताकि मानस की चौपाइयों से समूचा शहर गुंजायमान रहे। बल्ली पूजन कार्यक्रम में सुशील पाठक, शिशु त्रिपाठी, किशोर केडिया, सुधाकर दुबे, राकेश गुप्ता, संजय जयसवाल, सुंदर केसरी सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

एनटीपीसी सिंगरौली बिजनेस एक्सेलेन्स अवार्ड्स 2023-24

# सीएसआर-सीडी के लिए जीता स्वर्ण पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता


**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना को बीते 12 दिसम्बर 2024 को कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के कम्यूनिटी डेवलपमेंट श्रेणी (सीएसआर-सीडी) में स्वर्ण पुरस्कार से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित अवार्ड एनटीपीसी सिंगरौली के सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग रूप से परियोजना के आस पास के स्थानीय समुदायों के जीवनशैली पर सकारात्मक रूप से प्रभाव डालने की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना करता है। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन, सिद्धार्थ मंडल ने कहा की, ÷हमें समुदाय विकास के क्षेत्र में इस अवार्ड को प्राप्त करके अत्यंत गर्व और सम्मान महसूस हो रहा है। यह उपलब्धि हमारी टीम, साझेदारों और समुदाय के लोगों की साझी मेहनत का प्रमाण है। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के तौर पर हमारा यह मानना है कि हम जहां भी काम करें, वहां के लोगों की भलाई और उनके विकास में योगदान देना हमारा कर्तव्य है। हम इसे आगे भी इसी तरह जारी रखेंगे। ज्ञात हो की एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के सशक्तिकरण, 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाओं का जन-जन तक पहुंच, शिक्षा में छात्रवृत्ति, आर्थिक रूप से तंग जनसमुदाय के आवासों के बुनियादी ढांचे में सुधार और अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से समुदायों की भलाई के लिए कई पहलुओं को विगत कई वर्षों से जारी रखा गया है।

## रंगदारी की जांच दूसरे क्षेत्राधिकारी से कराने की मांग

**मौदहा हमीरपुर।** बीते अक्टूबर माह में रंगदारी के रूप में बीस हजार रुपये मांगने और नहीं देने पर इकलौते बेटे का अपहरण करने की धमकी के मामले में पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी की रिपोर्ट पर नाराजगी जताते हुए आलाधिकारियों को पत्र लिखकर दूसरे क्षेत्राधिकारी से जांच कराने की मांग की है। कस्बे के बड़ा चौराहा निवासी फरजाना बानो पत्नी फय्याज उददीन ने प्रमुख सचिव गृह को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि उसने अक्टूबर में दबंग और अपराधी के विरुद्ध बीस हजार रुपये रंगदारी मांगने और नहीं देने पर उसके इकलौते बेटे का अपहरण करने की धमकी देकर दस हजार रुपये लिए थे जिसकी उसने शिकायत दर्ज कराई थी जिसकी जांच क्षेत्राधिकारी कर रहे थे लेकिन कार्यालय के कर्मचारियों ने आरोपी से मिलकर गलत रिपोर्ट लगवा दी है क्योंकि आरोपी का आपराधिक इतिहास रिपोर्ट से मेल नहीं खाता है इसलिए पीड़िता ने दूसरे क्षेत्राधिकारी से जांच कराने की गुहार लगाई है।

# प्रधानों व शिक्षकों के सामंजस्य से होगा विद्यालय का विकास

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** ग्राम प्रधान /स्थानीय प्राधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों का ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केंद्र रौप राबर्ट्सगंज पर सकुशल संपन्न हुआ ढ्ढकार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे एवं विशिष्ट अतिथि जीत सिंह खरवार के कर कमलों मां सरस्वती की प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात कंपोजिट विद्यालय रौप राबर्ट्सगंज के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश शुक्ला जी ने शिक्षकों के साथ ताल मेल बनाकर ग्राम प्रधानों को शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, विद्यालयीय विकास व बच्चों को योजनाओं से लाभान्वित करने आदि को लेकर मंथन किया। आपसी तालमेल को सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया गया। स्त्रन्न विद्या सागर ने डीबीटी, ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर, एसएमसी के कार्य व दायित्व, आउट ऑफ स्कूल, बालिका शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेलकूद प्रतियोगिता, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान आदि पर विस्तार से जानकारी दिए।ऋक्कहदेश कुमार सिंह ने निपुण भारत मिशन अंतर्गत संचालित समस्त गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया मुख्य अतिथि महोदय ने मिशन कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यो पर प्रकाश डाला और स्कूलों को उत्कृष्ट बनाने में ग्राम प्रधानों एवं शिक्षकों की सराहना की। ख्न्ह्रश्च धनंजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गया कार्यक्रम का संचालन आनंद प्रकाश त्रिपाठी एवं विजय प्रकाश द्विवेदी जी ने संयुक्त रूप से किया इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय,वरुण त्रिपाठी,राजेश कुमार बृजबाला सिंह,मीना भारती ,अनूप तिवारी, शम्भु नारायण सिंह,अमर नाथ पटेल सहित समस्त शिक्षक एवं अभिभावकों की गरिमामई उपस्थिति रही।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को सौंपा महाकुंभ 2025 का आमंत्रण

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधित्व में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार एवं अल्पसंख्यक राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से शिष्टाचार भेंट करते हुए उन्हें प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 में आने का औपचारिक निमंत्रण दिया।

अनिल कुमार ने उपराज्यपाल को अवगत कराया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक सम्पन्न होगा, जो न केवल आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर एक नए आयाम में प्रस्तुत करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य मानवता के उच्चतम आदर्शों, आध्यात्मिकता, और सांस्कृतिक एकता को स्थापित करना है। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागमों में से एक है। इसमें 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं, संतों, पर्यटकों और विविध समुदायों से जुड़े लोगों के भाग लेने की संभावना है। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है, बल्कि समाज में आपसी सौहार्द, समरसता, और एकजुटता के विचारों को बल प्रदान करता है। अनिल कुमार ने इस महाकुंभ की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह आयोजन अत्याधुनिक प्रबंधन और सतत विकास की अवधारणा पर आधारित होगा। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की हर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पूरे क्षेत्र को डिजिटल मैपिंग से जोड़ा जाएगा, जिससे तीर्थयात्रियों को मार्गदर्शन और जानकारी प्राप्त करना सरल हो सके। 101 स्मार्ट पार्किंग स्थलों की स्थापना की जाएगी, जहां तीर्थयात्री अपने वाहनों को आसानी से खड़ा कर सकेंगे। 182 विशेष स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 24म7 चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 400 किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का निर्माण और कुंभ क्षेत्र में हर प्रमुख स्थान पर साफ-सफाई के लिए सिंगल यूज़ प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आधुनिक निगरानी प्रणाली भी लागू की जाएगी। हर घर-द्वार तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि इस आयोजन को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु स्मार्ट टॉयलेट, पेयजल की स्वच्छ व्यवस्था, और 24 घंटे उपलब्ध स्वच्छता सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा, डिजिटल महाकुंभ के रूप में तीर्थयात्रियों को एक नया अनुभव प्रदान किया जाएगा।

## लघु सेतुओं के निर्माण कार्य हेतु 33 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य योजना (सामान्य) के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों के कुल 19 नये लघु सेतुओं के निर्माण हेतु रू0 33 करोड़ 69 लाख 20 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु रू0 26 करोड़ 95 लाख 36 हजार की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। इन 19 कार्यों में जनपद चन्दौली के 04, उन्नाव व मैनपुरी के 02-02, जौनपुर, सीतापुर, महाराजगंज, ललितपुर, कानपुर देहात, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सहारनपुर, गोरखपुर, बागपत तथा मेरठ के 01-01 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उ0प्र0 शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

जारी शासनादेश में निर्देश दिये गये हैं कि कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय। साथ ही शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ किया जाय।

# ट्रेनों के मार्गों में परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण किया जायेगा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** बालामऊ स्टेशन यार्ड रिमाडलिंग के परिप्रेक्ष्य में प्री.नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण ट्रेनों को निरस्ती, मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण किया जायेगा।

लखनऊ जंक्शन से 14 से 18 फरवरी तक चलने वाली 22453 लखनऊ जंक्शन मेरठ सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। मेरठ सिटी से 15 से 19 फरवरी तक चलने वाली 22454 मेरठ सिटी लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 14 एवं 16 फरवरी को चलने वाली 15119 बनारस देहरादून एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यह गाड़ी 15 एवं 17 फरवरी को भी कोहरे के कारण पूर्व में निरस्त की गई है। देहरादून से 15 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 15120 देहरादून बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यह गाड़ी 16 एवं 18



फरवरी को भी कोहरे के कारण पूर्व में निरस्त की गई है। बनारस से 15, 16 एवं 17 फरवरी को चलने वाली 15127 बनारस नई दिल्ली एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यह गाड़ी 14 एवं 18 फरवरी को भी कोहरे के कारण पूर्व में निरस्त की गई है। नई दिल्ली से 16, 17 एवं 18 फरवरी को चलने वाली 15128 नई दिल्ली बनारस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यह गाड़ी 15 एवं 19 फरवरी को भी कोहरे के कारण पूर्व में निरस्त की गई है। लखनऊ जंक्शनसे 14 से 18 फरवरी तक चलने वाली 15011 लखनऊ जंक्शन चण्डीगढ़ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। चण्डीगढ़ से 15 से 19 फरवरी तक चलने वाली 15012 चण्डीगढ़ लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बनारस से 16 फरवरी को चलने वाली 22541 बनारस आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 14 फरवरी को चलने वाली 15005 गोरखपुर देहरादून एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। देहरादून से 18 फरवरी को चलने वाली 15006 देहरादून गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। हावड़ा 13 से 18 फरवरी तक चलने वाली 13019 हावड़ा काठगोदाम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यह गाड़ी 16 फरवरी को भी कोहरे के कारण पूर्व में निरस्त की गई है। काठगोदाम 15 से 20 फरवरी तक चलने वाली 13020 काठगोदाम हावड़ा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यह गाड़ी 18 फरवरी को भी कोहरे के कारण पूर्व में निरस्त की गई है।

# तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित, राजकीय तकमील-उत्त-तिब कॉलेज एवं चिकित्सालय, लखनऊ में वैज्ञानिक लेखन, अनुसंधान सत्यनिष्ठा और प्रकाशन नैतिकता पर 10 दिसम्बर से 12 दिसम्बर, तक तीन दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ प्रो0 अब्दुल कवी, प्रधानाचार्य एवं अधीक्षक राजकीय तकमील उत्तिय कालेज एवं चिकित्सालय, लखनऊ ने अवगत कराया कि कार्यशाला तीसरे दिन सुबह 09:30 बजे प्रारंभ होकर शाम 06:00 तक चली। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में स्नातकोत्तर छात्रों को शोध कार्य का शिक्षण देने वाले अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, आज इस प्रशिक्षण में राजकीय तिब्बी कालेज एवं चिकित्सालय, पटना से डॉ0 मो0 तनवीर आलम ने एक लेक्चर "What makes a good discussion" एवं दूसरा लेक्चर "Preparing an abstract" के शीर्षक पर दिया राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज, प्रयागराज के प्राचार्य डॉ0 वसीम अहमद ने एक लेक्चर "Reporting guidelines" एवं दूसरा लेक्चर "Writing review" के शीर्षक पर दिया तथा डॉ0 मो0 अलीमुद्दीन कमरी, प्रोफेसर National Institute of Unani Medicine, Bengluru, Karnataka द्वारा "Overcoming language barrier" एवं दूसरा लेक्चर "Know the editorial process" के शीर्षक पर लेक्चर दिया इस प्रकार आज की इस कार्यशाला में कुल छः लेक्चर सम्पन्न हुए। आज के कुल 6 शेसन का संचालन डॉ0 शमीम इरशाद एवं डॉ0 अब्दुल मलिक द्वारा किया गया।

## त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत शाहजहाँपुर हेतु 145.30 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद शाहजहाँपुर में सड़क निर्माण से संबंधित एक कार्य हेतु 145.30 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, शाहजहाँपुर के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, शाहजहाँपुर को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से शाहजहाँपुर के रेती रोड़ मनोकरण नाथ मंदिर के निकट पार्किंग/बहुउद्देशीय सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य कराया जायेगा। शासनादेश में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि इस योजना के लिए मंजूर की गई धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक अथवा डाकघर में नहीं रखी जायेगी। यह धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और उसी के अनुसार कार्यदायी संस्था को अवमुक्त की जायेगी।

# स्वच्छता है सेवा, स्वच्छ वार्ड है संकल्प : अनुज झा

## वार्डों के 11 हज़ार पार्षद/सभासदों ने एसवीपीएस के सदस्यों के साथ किया श्रमदान और दिया स्वच्छता का सन्देश

**अवधनामा ब्यूरो**

- स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता' में 12 हज़ार से अधिक वार्डों ने किया प्रतिभाग
- 80 हज़ार से अधिक एसवीपीएस के सदस्यों ने वार्डों में स्वच्छता और सुविधाओं का किया मूल्यांकन
- ढाई लाख से अधिक लोगों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक
- 29 नवम्बर से 05 दिसम्बर के मध्य हुई स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता
- प्रत्येक निकायों के 03 'स्वच्छ वार्ड' को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित
- वार्डों की स्वच्छता के सारथी 'सफाई मित्रों' को भी निकाय स्तर पर सम्मानित किया गया



**लखनऊ।** स्वच्छता है सेवा, स्वच्छ वार्ड है संकल्प' के साथ प्रदेश के 12 हज़ार से अधिक वार्डों में 'स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। जिसमें से लगभग 2200 वार्डों को 'स्वच्छ वार्ड' घोषित करते हुए उन्हें निकाय स्तर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय अनुज कुमार झा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि 07 दिवसीय 'स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता' का आयोजन प्रदेश स्तर पर किया गया। इस प्रतियोगिता में निकायों के वार्डों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। जिसमें जनप्रतिनिधियों और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में स्वच्छ उत्तर प्रदेश के स्वच्छ वार्ड का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। निदेशक अनुज झा ने बताया मा. नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा जी के निर्देशों के क्रम में प्रमुख सचिव अमृत अभिजात जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में दिनांक 29 नवम्बर से 05 दिसम्बर के मध्य 'स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता' कराने निर्देश दिए गए थे। उक्त के क्रम में प्रत्येक निकाय अंतर्गत 03 वार्डों को 'स्वच्छ वार्ड' घोषित करने के लिए वार्डों में स्थापित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के लगभग 80 हज़ार सदस्यों के सहयोग से 06 प्रमुख इंडिकेटर्स में 1100 अंकों पर मूल्यांकन किया गया। जिसके उपरांत 700 से अधिक निकायों के लगभग 2200 वार्डों को 'स्वच्छ वार्ड' घोषित करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 11 हज़ार सभासद/पार्षदों ने ढाई लाख से अधिक लोगों की जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए आमजनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सन्देश देते हुए स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गयी।

# छोटा इमामबाड़ा लखनऊ में मजलिस का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** यौमे मादरे हज़रत अब्बास अ.स के उनवान से छोटा इमामबाड़ा लखनऊ में तीन रोज़ा मजालिस का आयोजन शब में 7.30 बजे किया गया है। यह मजलिसें अल वसी फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जा रही हैं। पहली मजलिस को आली जनाब मौलाना हसनैन बाक़री साहब ने खिताब किया। मजलिस से पहले सोज़ख़्वानी के फ़रायज़ जनाब नवाब अख्तर रिजवी साहब व हमनवा ने अंजाम दिए। मौलाना ने अपने बयान में कहा कि हजरत उम्मुल बनीन की जिंदगी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी दलील है बहादुर, शुजाअत और अमल का बेहतरीन नमूना जिन्होंने घर में आने के बाद जब अब्बास जैसी एक औलाद की तरबीयत करके समाज के सामने पेश करके एक अमली पैगाम दिया कि अगर बेहतरीन अमल की खुद हामिल हो और दिनी उसूल की पाबंद हो तो समाज में बेहतरीन औलाद पेश करके समाज को बुराइयों से महफूज रख सकती है और उसमें एक अहम खुसूसियत कि बच्चों के हवाले से उनको इल्म से मालामाल करना और उम्मुल बनीन ने जब अब्बास को निगाहों में रखते हुए बेहतरीन तरबीयत के जरिए से समाज में बेहतरीन औलाद को पेश किया। इसलिए आज हर मां को इस रास्ते पर चलने की जरूरत है जिसमें दो चीजें अहम हैं एक बच्चों को इल्म से आरास्ता करना और दूसरी चीज बच्चों को तहजीब सीखना और अगर हमारे बच्चे ऐसे बनेंगे तो मुल्क तरक्की करेगा और बुराइयों क खात्मा होगा। मजलिस के बाद जनाब शुजा अब्बास ने नौहाख़्वानी की।

# मुमताज पीजी कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** मुमताज पी जी कॉलेज में बैरिस्टर मुमताज हुसैन व्याख्यान माला जिसके संरक्षक महाविद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट अतहर नबी व अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर नसीम अहमद ख़ान हैं। बैरिस्टर मुमताज़ हुसैन व्याख्यानमाला के संयोजक डॉ0 मोहम्मद इमरान ख़ान व महाविद्यालय के फ़ारसी विभाग के अध्यक्ष डॉ ज़ेड एच अल्वी द्वारा संयुक्त रूप से यह व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय फ़ारसी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 उमर कमालुद्दीन काकोरवी साहब ने तर्कसंगत विश्लेषण करते हुए बताया कि अमीर खुसरो की रचनाओं विशेषकर फ़ारसी रचनाओं में किस प्रकार से हिंदुस्तान की मिट्टी की सुगंध मौजूद है,उन्होंने अपनी रचनाओं में किस प्रकार से देश को एकता में पिरोए रखने की बात की है।

**ख़ाके वतन अज़ मुल्के सुलेमान ख़ुश्तर**
**ख़ारे वतन अज़ सुम्बुलो रेहान ख़ुश्तर।**

इस व्याख्यान की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट अतहर नबी साहब ने की तथा मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न देकर उनको सम्मानित किया। महाविद्यालय के फ़ारसी विभागाध्यक्ष डॉ जेड एच अल्वी ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। महाविद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट अतहर नबी साहब के मार्गदर्शन में प्राचार्य प्रोफ़ेसर नसीम अहमद ख़ान ने इस व्याख्यान को आयोजित कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की एवं भविष्य में इस प्रकार के ज्ञानपूर्ण व्याख्यान आयोजित कराने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ सलमान ख़ान नदवी व अरब कल्चर विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ आमिर हुसैन सिद्दीकी ने किया। अंग्रेज़ी विभाग की अध्यक्ष व कला संकाय प्रभारी प्रोफ़ेसर शाज़िया सिद्दीकी खान ने अमीर खुसरो की बहुज्ञता से सम्बंधित उनकी ही अद्भुत कालजयी पंक्तियों का उल्लेख करते हुए सभी उपस्थित जनों विशेषकर मुख्य वक्ता को धन्याद ज्ञापित किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक ,शिक्षणेत्तर व अधिक संख्या में छात्र-छत्राएँ उपस्थित रहे।

## डॉ. प्रभा श्रीवास्तव ने सुनाई गजलें

**लखनऊ।** भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद और संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्षितिज श्रृंखला के अंतर्गत डॉ.प्रभा श्रीवास्तव ने गजलें सुनाई। वाल्मीकि रंगशाला में शुक्रवार को सजी संगीतमय संध्या में प्रभा श्रीवास्तव ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढक़र एक गजलें सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। गजल गायन के क्षेत्र में परिचित नाम व विभिन्न पुरस्कारों में सम्मानित डॉ. प्रभा श्रीवास्तव ने हसरत मोहानी की रचना चुपके चुपके रात दिन, सुनाकर कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने नासिर काज़मी की दिल में एक लहर सी उठी अभी और तनवीर नकवी की लिखी आवाज दे कहां हैं, सुनाकर सभी की तालियां बटोरी।

उन्होंने परवेज की प्यार भरे दो गर्मिया, कैपी आजमी की तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो, फिराक की बहुत पहले में यू कदम और फिर शहरयार की जिदगी जब भी तेरे बज्म में लाती है मुझे के अलावा साहिर लुधियानवी की रचना तुम अपना रंज ओ गम, सुनाकर कार्यक्रम का विराम दिया।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**अवधनामा ब्यूरो**

- प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से 'विकसित भारत' की दिशा में कदम
- टेक्नोलॉजी और प्रशासन के समन्वय से होगा राष्ट्र निर्माण: राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**लखनऊ।** लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संगोष्ठी ÷सतत भविष्य के लिए रिमोट सेंसिंग: विकसित भारत की ओर एक परिकल्पित मार्गदर्शन÷ के समापन समारोह में उत्तर प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव, पंधारी यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन किया।

प्रमुख सचिव यादव ने रिमोट सेंसिंग और आधुनिक तकनीकों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷हमारी प्राथमिकता प्रौद्योगिकी को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करना है। इसके लिए वैज्ञानिकों और प्रशासनिक तंत्र के बीच समन्वय को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। यह न केवल निर्णय समर्थन प्रणाली को मजबूत बनाएगा, बल्कि राजस्व, वन और भूमि प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विभागों को भी प्रोत्साहित करेगा।÷

उन्होंने कहा कि ÷सशक्त भारत का निर्माण, समाज के समग्र सशक्तीकरण के बिना असंभव है।÷ यादव ने इस संगोष्ठी में उपस्थित सभी विद्वानों, अधिकारियों, और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ÷भारत तकनीकी नवाचारों और अनुसंधान में अग्रणी बनने की ओर उन्मुख है, क्योंकि हमारे देशवासी स्वाभाविक रूप से प्रौद्योगिकी के प्रति उत्साही और नवाचार समर्थक हैं।÷

इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। ओरल प्रेज़ेंटेशन (छात्र) श्रेणी में पवन कुमार ठाकुर, आदिति गोयल, और भवनीत गुलाटी, जबकि पोस्टर प्रेज़ेंटेशन (छात्र) श्रेणी में सोनी बोरा, रश्मि मलिक, और कृति वाजपेयी को पुरस्कृत किया गया। ओरल प्रेज़ेंटेशन (प्रतिनिधि) श्रेणी में रवींद्र कुमार नायक, पी.आर. बेहड़ा, और एस.एस. साहू, तथा पोस्टर प्रेज़ेंटेशन (प्रतिनिधि) श्रेणी में मीनाक्षी कुमार, देबब्रत मिश्रा, और डॉ. शशांक त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

# गाँव को सौर ऊर्जा से जगमग करेगी सूर्य सखी

**अवधनामा ब्यूरो**



**गोरखपुर/लखनऊ।** जनपद गोरखपुर के ब्लॉक - गगहा के 30 समूह की महिलाओं को 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण न्यू पालकी लान गोरखनाथ में शुरू हुआ। ये प्रशिक्षण दिनांक 13 दिसंबर से 18 दिसंबर 2024 तक चलेगा। यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी गोविंद तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में स्वयं सहायता समूहों का संचालन किया जा रहा है ढ्ढ यूपीएसआरएलएम के समूहों की सभी ग्राम पंचायतों में उपस्थिति एवं कार्यशीलता को ध्यान में रखकर उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीनेडा) द्वारा राज्य की सभी 57,702 ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट, रूफ टॉप कि स्थापना, रख- रखाव करने का कार्य समूह सदस्यों के माध्यम से कराने हेतु रूचि दिखाई गई एवं उक्त कार्यों को कराने हेतु यूपीएसआरएलएम से अनुबंध किया गया।

यूपीनेडा द्वारा ग्राम पंचायतों में भविष्य में अन्य कार्य भी कराने की योजना है। उक्त कार्यों को करने हेतु दिनांक 26 नवम्बर , 2024 को यूपीनेडा एवं यूपीएसआरएलएम के मध्य 3 बर्षो हेतु एक अनुबंध हस्तांतरित किया गया, उक्त अनुबंध के अनुसार यूपीनेडा के सौर ऊर्जा के कार्यो को समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा एवं सौर उर्जा का कार्य करने वाली समूह सदस्यों को सूर्य सखी का नाम दिया गया है ढ्ढ इन सूर्य सखियों को कार्य करने हेतु उत्पाद की कुल मूल्य के अनुसार कमीशन के रूप में दिया जाएगा ढ्ढ उक्त अनुबंध के अनुसार आगामी 3 बर्षो में प्रदेश की सभी 57,702 ग्राम पंचायतों में सूर्य सखियाँ पदस्थ की जाएँगी, जिसमे से 30,000 सूर्य सखियाँ यूपीनेडा द्वारा एवं 27,702 सूर्य सखियाँ यूपीएसआरएलएम द्वारा प्रशिक्षित की जाएँगी ढ्ढसूर्य सखी की न्यूनतम योग्यता हाई स्कूल तय किया गया है 7 सूर्य सखियों को तकनीकी कौशल, उद्यमशीलता एवं व्यवसाय संचालन का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, सूर्य सखियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और विस्तार करने का कार्य करेंगी। सूर्य सखी ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के अपार अवसर पैदा करने की दिशा में एक कदम होंगी। सूर्य सखियां सौर उत्पादों की मरम्मत और विपणन में व्यापक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे कुशल सौर तकनीशियन और उद्यमी बन सकेंगी। यह पहल जमीनी स्तर पर सूर्य सखियों का एक मजबूत नेटवर्क बनाने के लिए बनाई गई है। ये सशक्त महिलाएं प्रेरणा ओजस की व्यावसायिक क्षमता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

इस मौके पर प्रेरणा ओजस के सीईओ शैलेंद्र द्विवेदी एवं जनपद गोरखपुर से एनआरएलएम विभाग से ज़िला मिशन मैनेजर अभिषेक वर्मा , बीएमएम आशिर ,यूपीनेडा से अक्षत मिश्रा। नागेंद्र प्रताप आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय कैफी आज़मी अकादमी की 106वीं जयंती पर सेमिनार आयोजित

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कैफी आज़मी अकादमी की 106वीं जयंती पर सेमिनार आयोजित करने और उसकी तैयारी के लिए अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. खुर्शीद मेहदी की अध्यक्षता में अकादमी की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। जिसमें सज्जाद जहीर की पुस्तक रौशनाई, पर प्रगतिशील आंदोलन कल और आज की स्थिति, पर एक सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें विशिष्ट अतिथि सज्जाद जहीर की पुस्तक रौशनाई का हिन्दी में अनुवाद करने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जानकीप्रसाद शर्मा मौजूद रहेंगे। इस मौके पर जानकीप्रसाद अपनी राय पेश करेंगे। अकादमी के महासचिव सईद मेहदी ने बताया कि कार्यक्रम में कैफी साहब के व्यक्तित्व से जुड़े कार्यक्रम होंगे। जिसमें कैफी आजमी की गजलें पेश की जायेंगी। कैफी साहब को उन त्योहारों पर चर्चा की जायेगी जिनको वह पसंद करते थे। इस दौरान युवाओं के लिए बैतबाजी प्रतियोगिता भी होगी।

# इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 का ग्रैंड फिनाले का समापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने इंटीग्रल स्टार्टअप्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में, नोडल सेंटर के रूप में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (SIH) 2024 - सॉफ्टवेयर संस्करण के ग्रैंड फिनाले के समापन समारोह की मेजबानी की। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी) और एआईसीटीई के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम ने एक जीवंत वातावरण की पेशकश की, जहां युवा आगे बढ़ सकें, नवप्रवर्तन कर सकें और व्यावहारिक चुनौतियों के लिए नवीन समाधान विकसित कर सकें। कुलपति और सत्र के अध्यक्ष प्रो. जावेद मुसर्रत ने प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि उनका समर्पण, प्रतिबद्धता और महत्वपूर्ण योगदान निश्चित रूप से हमारे देश को प्रगति करने और नवाचारों में ग्लोबल लीडर बनने में मदद करेगा। मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के निदेशक, डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने भारत में बढ़ती डिजिटल संस्कृति और डिजिटल नवाचार में निरंतर प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें युवा वास्तविक दुनिया की समस्याओं से निपटने वाले समाधान बनाने में अग्रणी हैं।विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के इंडोवेशन मैनेजर मदन मोहन शरण सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम इस बात का उदाहरण है कि कैसे युवा समस्या-समाधान और उद्यमशीलता सोच की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं और एक ऐसे भविष्य को आकार दे रहे हैं जहां भारत प्रौद्योगिकी और उद्यमिता दोनों में अग्रणी है। अन्य विशिष्ट अतिथियों में आर के सिंह, अपर निदेशक, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, बी एम तिवारी, सहायक निदेशक, नेशनल एजुकेशन एलायंस फॉर टेक्नोलॉजी (एनईएटी), एआईसीटीई, गुरुप्रसाद दातर, नोडल सेंटर प्रमुख और डेलॉइट में वित्तीय सेवाओं के निदेशक, इस अवसर पर उपस्थित थे और प्रतिभागियों को बधाई दी।